SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

संघ सरकार

2025 की प्रतिवेदन सं. 22

(अनुपालन लेखापरीक्षा - सिविल एवं वाणिज्यिक)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन
मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

संघ सरकार
2025 की प्रतिवेदन सं. 22
(अनुपालन लेखापरीक्षा-सिविल एवं वाणिज्यिक)

संसद में प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई:

लोक सभा -

राज्य सभा -

विषय-सूची

विवरण	पैराग्राफ	पृष्ठ
प्राक्कथन		v
विहंगावलोकन		vii-xiv
अध्याय-I: प्रस्तावना		
लेखापरीक्षा अधिदेश	1.1	1
लेखापरीक्षा के प्रकार	1.2	1
लेखापरीक्षा का समग्र क्षेत्र	1.3	3
सिविल मंत्रालयों/विभागों का बजट और व्यय	1.4	3
विधायिका रहित केन्द्र शासित प्रदेशों का बजट एवं व्यय	1.5	4
लेखापरीक्षा योजना, लेखापरीक्षा संचालन एवं लेखापरीक्षा निष्कर्ष	1.6	5
सीपीएसई पर सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों के पूरक के रूप में जारी सीएजी की महत्वपूर्ण टिप्पणियां	1.7	6
लंबित एटीएन की स्थिति	1.8	7
अध्याय-II: केन्द्रीय मंत्रालय		
(I) संस्कृति मंत्रालय		
राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय		
बिजली प्रभारों का परिहार्य भुगतान	2.1	9
(II) विदेश मंत्रालय		
भारतीय उच्चायोग, लंदन		
मंत्रालय के अनुमोदन के बिना शपथपत्र शुल्क का उद्ग्रहण	2.2	12
क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय		
₹ 2.96 करोड़ के जीएसटी का गलत भुगतान	2.3	15
(III) गृह मंत्रालय		
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सीमा बल		
जोखिम एवं कठिनाई भत्ते का अनियमित भुगतान	2.4	16

विवरण	पैराग्राफ	पृष्ठ
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल		
निधियों का अवरोधन एवं अभिप्रेत लाभों की गैर-प्राप्ति	2.5	19
अनुग्रह राशि का परिहार्य भुगतान	2.6	24
भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल		
₹ 17.44 करोड़ का व्यर्थ व्यय	2.7	26
नवनिर्मित भवन का गैर-उपयोग	2.8	29
त्रुटिपूर्ण योजना के परिणामस्वरुप ₹ 6.93 करोड़ का निष्फल व्यय तथा ₹ 1.16 करोड़ का परिहार्य भुगतान हुआ	2.9	35
सशस्त्र सीमा बल		
पाँच वर्षों से अधिक समय तक ₹ 80.91 लाख की निधि का अवरोधन	2.10	38
(IV) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय		
राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय		
ऊर्जा प्रभारों पर अधिक व्यय	2.11	42
(v) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय		
अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं	2.12	44
(VI) पंचायती राज मंत्रालय		
पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि		
राज्यों द्वारा अव्ययित अनुदान को वापस न करना	2.13	66
अध्याय-III : विधायिका रहित केन्द्र शासित प्रदेश		
(क) व्यय		
केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह		
अंडमान लोक निर्माण विभाग		
एमपीलैड्स के अंतर्गत इंडोर स्पोर्ट्स हॉल के निर्माण पर ₹ 62.61 लाख का निष्फल व्यय	3.1	71

विवरण	पैराग्राफ	पृष्ठ
कार्यालय श्रम आयुक्त, पोर्ट ब्लेयर		
मृत कर्मचारियों के आश्रितों को कुल ₹ 33.90 लाख के मुआवजे का कम भुगतान	3.2	74
जिला परिषद, दक्षिण अंडमान		
₹ 87.28 लाख का निष्फल व्यय	3.3	77
केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़		
श्रम आयुक्त कार्यालय, चंडीगढ़		
चंडीगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड का कार्यकरण	3.4	80
केन्द्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव		
लोक निर्माण प्रभाग, दमन		
विभागीय प्रभारों के गैर-उद्ग्रहण के कारण राजस्व की हानि	3.5	114
केन्द्र शासित प्रदेश, लक्षद्वीप		
लक्षद्वीप लोक निर्माण प्रभाग		
बचत बैंक खाते में निधियों को अनियमित रुप से रखना	3.6	116
(ख) राजस्व		
केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख		
अपर उपायुक्त, लेह		
स्टाम्प शुल्क का कम उदग्रहण	3.7	119
अध्याय-(IV): केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम		
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय		
उर्वरक विभाग		
दि फर्टिलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड		
लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों से विचलन में अर्जित छुट्टी का नकदीकरण	4.1	123
परिशिष्ट	**129-159**	
अनुलग्नक	**161-236**	

प्राक्कथन

मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने हेतु तैयार किया गया है। इस प्रतिवेदन में केन्द्र सरकार के 28 मंत्रालयों और पाँच संवैधानिक निकायों/सचिवालयों तथा विधायिका रहित केन्द्र शासित प्रदेश सहित सामान्य एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र के अंतर्गत उनके क्षेत्रीय कार्यालयों की अनुपालन लेखापरीक्षा के परिणाम शामिल हैं।

इस प्रतिवेदन में अनुपालन लेखापरीक्षा से संबंधित वे उदाहरण उल्लिखित हैं जो वर्ष 2022-23 की अवधि के लिए नमूना लेखापरीक्षा के दौरान संज्ञान में आए थे और साथ ही वे भी हैं जो पूर्व के वर्षों में संज्ञान में आए थे परंतु उनको पिछले लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल नहीं किया जा सका था। वर्ष 2022-23 के बाद की अवधि से संबंधित मामलों को भी यथावश्यक शामिल किया गया है।

यह लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप की गई है।

विहंगावलोकन

इस प्रतिवेदन में केंद्र सरकार के 28 मंत्रालयों और पांच संवैधानिक निकायों/सचिवालयों और विधायिका रहित पांच केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित 55 अनुदानों के अंतर्गत वित्तीय लेन-देन की अनुपालन लेखापरीक्षा से उत्पन्न महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्ष शामिल हैं। इन 28 मंत्रालयों और पांच संवैधानिक निकायों/सचिवालयों के सकल व्यय में वर्ष 2021-22 में ₹ 15,07,147.05 करोड़ से 7.14 *प्रतिशत* बढ़कर वर्ष 2022-23 में ₹ 16,14,830.70 करोड़ हो गई।

इस प्रतिवेदन में छह मंत्रालयों/विभागों, पाँच केंद्र शासित प्रदेशों और एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम से संबंधित अनुपालन लेखापरीक्षा के 24 उदाहरणात्मक मामले[1] शामिल हैं। इस प्रतिवेदन में शामिल मुख्य लेखापरीक्षा निष्कर्षों का विहंगावलोकन नीचे दिया गया है:

अनुपालन लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ: केंद्रीय मंत्रालय

संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय

बिजली प्रभार का परिहार्य भुगतान

राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के बिजली की खपत आवश्यकताओं का आंकलन करने तथा वास्तविक स्तर तक संस्वीकृत भार को कम करने में विफलता के परिणामस्वरूप अप्रैल 2018 से मार्च 2022 की अवधि के दौरान निर्धारित बिजली प्रभारों के प्रति ₹ 1.97 करोड़ का परिहार्य भुगतान हुआ।

(पैराग्राफ सं. 2.1 पृष्ठ सं. 9)

[1] लेखापरीक्षा प्रभाव के अंतर्गत तीन मामले शामिल हैं (पैरा 1.6 एवं परिशिष्ट-III)

विदेश मंत्रालय

भारतीय उच्चायोग, लंदन

मंत्रालय के अनुमोदन के बिना शपथपत्र शुल्क का उद्ग्रहण

मिशन ने मंत्रालय की मंजूरी के बिना पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करते समय शपथपत्र शुल्क उद्ग्रहित किया तथा 01 अप्रैल 2021 से 04 नवंबर 2022 की अवधि के दौरान ₹ 2.35 करोड़ (£2,33,200) का शपथ पत्र शुल्क एकत्र किया।

(पैराग्राफ सं. 2.2 पृष्ठ सं. 12)

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय

₹ 2.96 करोड़ के जीएसटी का गलत भुगतान

पुणे, लखनऊ, बरेली, कोलकाता तथा चेन्नई के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा बुक नाउ एंड पे लेटर योजना के अंतर्गत स्पीड पोस्ट सेवाओं हेतु डाक प्राधिकारियों को जुलाई 2017 से जून 2022 तक ₹ 2.96 करोड़ के जीएसटी का अनियमित भुगतान किया गया।

(पैराग्राफ सं. 2.3 पृष्ठ सं. 15)

गृह मंत्रालय

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सीमा बल

जोखिम एवं कठिनाई भत्ते का अनियमित भुगतान

मंत्रालय के निदेशानुसार, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की नमूना-जांच की गई इकाइयों में जोखिम और कठिनाई भत्ते के भुगतान को विनियमित करने में विफलता के परिणामस्वरुप मार्च 2020 से मार्च 2023 के बीच की अवधि के दौरान ₹ 33.19 करोड़ के भत्ते का अनियमित भुगतान हुआ।

(पैराग्राफ सं. 2.4 पृष्ठ सं. 16)

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

निधियों का अवरोधन एवं अभिप्रेत लाभों की गैर-प्राप्ति

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा अपने स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण हेतु चयनित एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, लोक निर्माण संगठन के साथ प्रभावी ढंग से समन्वय

करने में विफल होने के परिणामस्वरुप जनवरी 2020 से काम के रुक जाने एवं निर्माण एजेंसी के साथ अनुबंध रद्द हुआ, जिससे ₹ 11.75 करोड़ की निधि का अवरोधन हुआ तथा प्रस्तावित लागत ₹ 27.56 करोड़ से ₹ 56.15 करोड़ हो गई।

(पैराग्राफ सं. 2.5 पृष्ठ सं. 19)

अनुग्रह राशि का परिहार्य भुगतान

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में तैनात मृत कर्मचारियों के परिजनों को अनुग्रह राशि का भुगतान जारी करते समय मुआवजा खंड लागू करने में विफल रहा। लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने के बाद, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने जनवरी 2024 तक संबंधित पीएसयू से ₹ 2.95 करोड़ की राशि की वसूली की है तथा ₹ 1.10 करोड़ की राशि बकाया है।

(पैराग्राफ सं. 2.6 पृष्ठ सं. 24)

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल

₹ 17.44 करोड़ का व्यर्थ व्यय

81 मिमी मोर्टार फील्ड फायरिंग रेंज के लिए प्रस्तावित भूमि की उपयुक्तता की जांच करने के लिए गठित तकनीकी समिति के निष्कर्षों को अनदेखा करते हुए, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने अगस्त 2017 में दमोह (मध्य प्रदेश) में ₹ 16.55 करोड़ की लागत से एक साइट का अधिग्रहण किया, जिसे भूमि की रखवाली करने वाली प्लाटून के वेतन और भत्ते पर ₹ 88.41 लाख (मार्च 2023 तक) का व्यय करने के बावजूद अभिप्रेत उपयोग में नहीं लाया जा सका।

(पैराग्राफ सं. 2.7 पृष्ठ सं. 26)

नवनिर्मित भवन का गैर-उपयोग

'X' में नवनिर्मित स्थायी एकीकृत भवन में कमियों को दूर करने में भारत तिब्बत सीमा पुलिस की विफलता के परिणामस्वरूप चार वर्षों से अधिक समय तक भवन का उपयोग नहीं हुआ। भवन के निर्माण पर खर्च की गई ₹ 14.57 करोड़ की राशि निष्फल रही।

(पैराग्राफ सं. 2.8 पृष्ठ सं. 29)

त्रुटिपूर्ण योजना के परिणामस्वरूप ₹ 6.93 करोड़ का निष्फल व्यय तथा ₹ 1.16 करोड़ का परिहार्य भुगतान हुआ

अनिवार्य निर्माण कार्यों जैसे सीवेज उपचार संयंत्र, बाह्य बिजली कनेक्शन तथा आंतरिक सड़कों आदि के गैर-प्रबंधन के कारण आवासीय मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण होने के छः वर्षों से अधिक समय के पश्चात भी जबलपुर स्थित 29वीं बटालियन के कर्मचारियों को आबंटित नहीं किया जा सका था जिसके परिणामस्वरूप ₹ 6.93 करोड़ का अवरोधन हुआ तथा मकान किराया भत्ते पर ₹ 1.16 करोड़ का परिहार्य भुगतान हुआ।

(पैराग्राफ सं. 2.9 पृष्ठ सं. 35)

सशस्त्र सीमा बल

पाँच वर्षों से अधिक समय तक ₹ 80.91 लाख की निधि का अवरोधन

भूमि अधिग्रहण पर सामयिक निर्णय लेने में सशस्त्र सीमा बल की विफलता के परिणामस्वरुप पाँच वर्षों से अधिक समय तक ₹ 80.91 लाख की राशि के अवरोधन में हुआ।

(पैराग्राफ सं. 2.10 पृष्ठ सं. 38)

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

ऊर्जा प्रभारों पर अधिक व्यय

राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय ने महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाए गए ऊर्जा प्रभारों पर गलत टैरिफ श्रेणी के प्रति भुगतान करके ₹ 1.99 करोड़ का परिहार्य अतिरिक्त व्यय किया।

(पैराग्राफ सं. 2.11 पृष्ठ सं. 42)

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं

अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रणालीगत समस्याओं ने योजनाओं की प्रभावशीलता को

सीमित कर दिया। कार्यान्वयन में दिशानिर्देशों का उल्लंघन देखा गया, जिसमें अपात्र छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना, गैर सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी आय प्रमाण पत्रों के साथ या बिना आय प्रमाण पत्रों के आवंटन स्वीकार करना तथा गैर-नामांकित स्कूली छात्रों को भुगतान शामिल थे। इसके अतिरिक्त, प्री मैट्रिक छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरित करना और पात्रता सीमा से अधिक भुगतान करना भी अनियमितताओं में शामिल थे।

(पैराग्राफ सं. 2.12 पृष्ठ सं. 44)

पंचायती राज मंत्रालय

पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि

राज्यों द्वारा अव्ययित अनुदान को वापस न करना

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि कार्यक्रम के संबंध में जारी अनुदानों के उपयोग की निगरानी करने में विफलता के परिणामस्वरुप सितंबर 2023 तक कुल ₹ 903.42 करोड़ का अप्रयुक्त अनुदान वापस नहीं किया गया।

(पैराग्राफ सं. 2.13 पृष्ठ सं. 66)

अनुपालन लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ: विधायिका रहित केंद्र शासित प्रदेश

व्यय

केंद्र शासित प्रदेश अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह

अंडमान लोक निर्माण विभाग

एमपीलैड्स के अंतर्गत इंडोर स्पोर्ट्स हॉल के निर्माण पर ₹ 62.61 लाख का निष्फल व्यय

सड़क निर्माण प्रभाग, अंडमान लोक निर्माण विभाग, विम्बर्लीगंज ने सांसद और जिला प्राधिकरण की सहमति के बिना कार्य के दायरे और आवश्यकता में पर्याप्त परिवर्तन किए जिसके परिणामस्वरूप संस्वीकृत राशि कार्य पूरा होने से पहले ही समाप्त हो गई। ₹ 62.61 लाख का व्यय करने के बाद कार्य बंद कर दिया गया जिससे व्यय निष्फल हो गया।

(पैराग्राफ सं. 3.1 पृष्ठ सं. 71)

कार्यालय श्रम आयुक्त, पोर्ट ब्लेयर

मृत कर्मचारियों के आश्रितों को ₹ 33.90 लाख के मुआवजे का कम भुगतान

कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 के अंतर्गत मृत कर्मचारियों के आश्रितों को देय मुआवज़ा के गलत परिकलन के परिणामस्वरुप पांच कर्मचारियों के मामले में कुल ₹ 26.81 लाख के मुआवज़े का कम भुगतान हुआ तथा उस पर ₹ 7.09 लाख का ब्याज भी देना पड़ा।

(पैराग्राफ सं. 3.2 पृष्ठ सं. 74)

जिला परिषद, दक्षिण अंडमान

₹ 87.28 लाख का निष्फल व्यय

जिला परिषद, दक्षिण अंडमान द्वारा रखरखाव अनुबंध अवधि के समाप्त होने के पश्चात शवदाहगृह के रखरखाव में विफल होने के परिणामस्वरुप यह गैर-कार्यात्मक एवं आर्थिक मरम्मत से परे हो गया, जिसके परिणामस्वरुप इसके निर्माण पर किया गया ₹ 87.28 लाख का व्यय निष्फल हुआ।

(पैराग्राफ सं. 3.3 पृष्ठ सं. 77)

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़

श्रम आयुक्त कार्यालय, चंडीगढ़

चंडीगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड (सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू) का कार्यकरण

सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड, विशेषज्ञ समिति तथा सलाहकार समिति से युक्त शासन एवं निगरानी संरचना के गठन और कार्यकरण से संबंधित कमियों ने पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए एकत्रित श्रम उपकर का उपयोग करने के बोर्ड के अधिदेशित कार्य पूर्ति पर नकारात्मक प्रभाव डाला। इसका कारण श्रमिकों और प्रतिष्ठानों की पहचान/पंजीकरण और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में श्रमिकों में जागरुकता की कमी थी। इसके अतिरिक्त उपकर के आकलन हेतु निर्माण लागत को संशोधित नहीं किया गया था।

(पैराग्राफ सं. 3.4 पृष्ठ सं. 80)

केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव

लोक निर्माण प्रभाग, दमन

विभागीय प्रभारों के गैर-उद्ग्रहण के कारण राजस्व की हानि

लोक निर्माण प्रभाग-दमन स्थानीय निकाय की ओर से निष्पादित निर्माण कार्यों पर, सीपीडब्ल्यूडी नियम पुस्तिका के प्रावधानों के उल्लंघन में, विभागीय प्रभारों का उद्ग्रहण करने में विफल रहा जिसके परिणामस्वरुप ₹ 66.74 लाख के राजस्व की हानि हुई।

(पैराग्राफ सं. 3.5 पृष्ठ सं. 114)

केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप

लक्षद्वीप लोक निर्माण प्रभाग

बचत बैंक खाते में निधियों को अनियमित रुप से रखना

लक्षद्वीप लोक निर्माण विभाग ने विद्युत कार्यों के लिए आवंटित वार्षिक बजटीय निधियों को विद्युत विभाग के पृथक बचत बैंक खाते में जमा किया (2013 से 2023) एवं अप्रयुक्त शेष राशि को सरकारी खाते में जमा करने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 12.97 करोड़ से ₹ 4.08 करोड़ के बीच की निधियां अनियमित रूप से रखी गईं।

(पैराग्राफ सं. 3.6 पृष्ठ सं. 116)

राजस्व

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख

अपर उपायुक्त, लेह

स्टाम्प शुल्क का कम उदग्रहण

42 पारिवारिक निपटान विलेखों एवं चार विभाजन विलेखों के मामलों में स्टाम्प शुल्क कम लगाया गया जिसके परिणामस्वरुप सरकारी राजकोष को ₹ 92.82 लाख के राजस्व की हानि हुई। ₹ 53.45 लाख का जुर्माना भी बकाया था।

(पैराग्राफ सं. 3.7 पृष्ठ सं. 119)

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, उर्वरक विभाग

दि फर्टिलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड

लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों के उल्लंघन में अर्जित छुट्टी का नकदीकरण

डीपीई दिशानिर्देशों के विचलन में अर्जित छुट्टी के नकदीकरण के परिणामस्वरूप कम्पनी द्वारा 2014-15 से 2022-23 के दौरान ₹ 45.61 करोड़ का अनियमित भुगतान किया गया।

(पैराग्राफ सं. 4.1 पृष्ठ सं. 123)

अध्याय-I

प्रस्तावना

1.1 लेखापरीक्षा अधिदेश

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) को संघ एवं राज्यों, सरकारी कंपनियों एवं निगमों, निकायों एवं प्राधिकरणों की लेखापरीक्षा के संबंध में अधिदेश भारत के संविधान तथा सीएजी के (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 से प्राप्त होता है। सीएजी संविधान द्वारा निर्धारित एकमात्र प्राधिकरण है जिसे संघ एवं राज्यों के लेखाओं की लेखापरीक्षा का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। अधिनियम की धारा 13 (धारा 17 के साथ पठित) और धारा 16 के अंतर्गत, संघ, प्रत्येक राज्य तथा प्रत्येक केन्द्र शासित प्रदेश की सरकारों के सभी व्यय, सभी प्राप्तियों और अन्य लेन-देनों की लेखापरीक्षा करना सीएजी का कर्तव्य है। संविधान तथा अधिनियम की धारा 14, 15, 19 और 20 के अंतर्गत सीएजी के अधिदेश में निकायों, प्राधिकरणों, सरकारी कंपनियों और निगमों की लेखापरीक्षा करना भी सम्मिलित है। सीएजी के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों को यथाप्रकरण संसद के या राज्य अथवा केन्द्र शासित प्रदेश के विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

1.2 लेखापरीक्षा के प्रकार

सीएजी मुख्य रुप से तीन प्रकार की लेखापरीक्षा अर्थात् वित्तीय लेखापरीक्षा, अनुपालन लेखापरीक्षा और निष्पादन लेखापरीक्षा करता है।

वित्तीय लेखापरीक्षा यह निर्धारित करने से संबंधित है कि किसी इकाई की वित्तीय विवरणी और सूचनाएँ ठीक से तैयार की गई है, सभी प्रकार से पूर्ण है तथा निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग और नियामक ढांचे के अनुसार पर्याप्त प्रकटन के साथ प्रस्तुत की गई है।

अनुपालन लेखापरीक्षा से तात्पर्य सरकार के व्यय, प्राप्तियों, परिसंपत्तियों और देयताओं से संबंधित लेनदेन की जाँच करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या भारत के संविधान के प्रावधानों, लागू विधियों, नियमों, विनियमों, और सक्षम प्राधिकारियों द्वारा निर्गत आदेशों एवं अनुदेशों का अनुपालन किया जा रहा है तथा साथ ही अभिप्रेत उद्देश्यों की प्राप्ति के संदर्भ में उनकी वैधता, पर्याप्तता, पारदर्शिता, औचित्य, विवेकशीलता एवं प्रभावकारिता का निर्धारण करना है।

निष्पादन लेखापरीक्षा का संबंध सरकार द्वारा लोक निधियों की प्राप्ति और अनुप्रयोग में मितव्ययिता, दक्षता एवं प्रभावकारिता की लेखापरीक्षा से है। निष्पादन लेखापरीक्षा में विश्लेषण अनुपालन विषयों से अलग एवं परे है तथा इकाई द्वारा की गई गतिविधि के वास्तविक लाभ पर नई सूचना, विश्लेषण या अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

लेखापरीक्षा सीएजी के लेखापरीक्षा मानकों तथा लेखापरीक्षा एवं लेखा (संशोधन) विनियम 2020 के आधार पर की जाती हैं। ये मानक और विनियम वे मानदंड निर्धारित करते हैं जिनका लेखापरीक्षा करते समय लेखापरीक्षकों से अनुपालन करने की अपेक्षा की जाती है। इनके अंतर्गत लेखापरीक्षकों को न केवल अनुपालन में चूक के विशिष्ट प्रकरणों की रिपोर्टिंग करनी होती है, बल्कि लेखापरीक्षित संस्थाओं की वित्तीय प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण व्यवस्थाओं में विद्यमान कमियों को भी उजागर करना होता है।

सीएजी द्वारा अपनाए गए लेखापरीक्षा मानकों में यह अपेक्षित है कि रिपोर्टिंग के लिए भौतिक अवधारणा लेन-देन की प्रकृति, मात्रा और परिमाण के अनुरूप हो। लेखापरीक्षा के निष्कर्षों से यह अपेक्षित है कि वे कार्यपालिका को सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा ऐसी नीतियां एवं प्रक्रियाएं तैयार करने में समर्थ बनाएं जिससे संगठनों के वित्तीय प्रबंधन में सुधार हो तथा वे श्रेष्ठतर शासन में योगदान दें।

1.3 लेखापरीक्षा का समग्र क्षेत्र

इस प्रतिवेदन में लेखापरीक्षा के समग्र क्षेत्र में संघ सरकार के सामान्य और सामाजिक क्षेत्रों के अंतर्गत 28 मंत्रालय और पाँच संवैधानिक निकाय/सचिवालय सम्मिलित हैं **(परिशिष्ट-I)**।

1.4 सिविल मंत्रालयों/विभागों का बजट एवं व्यय

वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए, 55 सिविल अनुदानों सहित, 28 मंत्रालयों और पाँच संवैधानिक निकायों/सचिवालयों के संस्वीकृत प्रावधान[1], व्यय और बचत की स्थिति **तालिका सं. 1.1** में दर्शाई गई है। विस्तृत विवरण **परिशिष्ट-II** में दिया गया है।

तालिका सं. 1.1: संस्वीकृत प्रावधान, व्यय और बचत का विवरण

(₹ करोड़ में)

खण्ड	2021-22			2022-23		
	संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)	संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)
राजस्व (प्रभारित)	5,596.89	4,755.77	-841.12	5,609.10	4,975.28	-633.82
राजस्व (दत्तमत)	16,21,697.17	14,79,863.59	-1,41,833.58	17,64,790.08	15,78,384.10	-1,86,405.98
पूंजीगत (प्रभारित)	131.57	126.23	-5.34	185.16	181.18	-3.98
पूंजीगत (दत्तमत)	79,705.22	22,401.46	-57,303.76	40,217.33	31,290.14	-8,927.19
कुल	**17,07,130.85**	**15,07,147.05**	**-1,99,983.80**	**18,10,801.67**	**16,14,830.70**	**-1,95,970.97**

स्रोत: संघ सरकार विनियोग लेखे (सिविल) 2021-22 और 2022-23

[1] संस्वीकृत प्रावधान = बजट अनुमान + अनुपूरक प्रावधान

1.5 विधायिका रहित केन्द्र शासित प्रदेशों का बजट एवं व्यय

विधायिका रहित केन्द्र शासित प्रदेशों के संबंध में बजट प्रावधान गृह मंत्रालय (एमएचए) के प्रशासनिक नियंत्रण में है। यद्यपि केन्द्र शासित प्रदेशों का सामान्य प्रशासन गृह मंत्रालय का उत्तरदायित्व है, जबकि संघ सरकार के अन्य मंत्रालय/विभाग भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची I और II में उल्लिखित विषयों पर निधियों का प्रबंधन करते है, जहाँ तक वे इन क्षेत्रों से संबंधित हैं। इस प्रकार अनुदानों की विस्तृत मांग (डीडीजी) में केन्द्र शासित प्रदेशों में संघ सरकार के अन्य मंत्रालयों और विभागों से संबंधित गतिविधियों पर होने वाले व्यय से संबंधित प्रावधान भी सम्मिलित हैं।

वर्ष 2022-23 में विधायिका रहित पाँच केन्द्र शासित प्रदेशों में संस्वीकृत प्रावधान और व्यय का विवरण **तालिका सं. 1.2** में दिया गया है।

तालिका सं. 1.2: 2022-23 में बजटीय आवंटन एवं व्यय

(₹ करोड़ में)

केन्द्र शासित प्रदेश का नाम	संस्वीकृत प्रावधान		कुल व्यय		बचत(-)/आधिक्य(+)			
					राजस्व		पूंजीगत	
	राजस्व	पूंजीगत	राजस्व	पूंजीगत	राशि	*प्रतिशत*	राशि	*प्रतिशत*
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	5,176.55	587.42	5,086.99	471.70	-89.56	1.73	-115.72	19.70
चंडीगढ़	5,306.67	539.40	5,306.36	472.44	-0.31	0.01	-66.96	12.41
दादरा और नगर हवेली तथा दमन तथा दीव	2,952.96	929.16	1,564.32	929.10	-1,388.64	47.03	-0.06	0.01
लद्दाख	2,553.37	3,404.85	2,089.72	2,090.15	-463.65	18.16	-1,314.70	38.61
लक्षद्वीप	1,235.55	221.91	1,195.92	87.45	-39.63	3.21	-134.46	60.59
कुल	**17,225.10**	**5,682.74**	**15,243.31**	**4,050.84**	**-1,981.79**	**11.51**	**-1,631.90**	**28.72**

स्रोत: संघ सरकार विनियोग लेखे (सिविल) 2022-23

1.6 लेखापरीक्षा योजना, लेखापरीक्षा संचालन एवं लेखापरीक्षा निष्कर्ष

वार्षिक लेखापरीक्षा योजना प्रक्रिया के अनुसार, अनुपालन लेखापरीक्षा के लिए इकाइयों का चयन सामयिकता, महत्वपूर्णता, सामाजिक प्रासंगिकता आदि के अतिरिक्त जोखिम आकलन के आधार पर किया जाता है। जोखिम आकलन में इकाइयों की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों का मूल्यांकन, गबन, दुर्विनियोग, धोखाधड़ी आदि के पूर्व दृष्टांतों के साथ-साथ पिछले लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के निष्कर्ष भी सम्मिलित किए जाते हैं। लेखापरीक्षा पूर्ण होने पर इकाइयों के प्रमुखों को निरीक्षण प्रतिवेदन निर्गत किए जाते हैं। प्राप्त उत्तरों के आधार पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का निपटान किया जाता है तथा, आवश्यकतानुसार, अनुपालना के लिए कार्रवाई करने का परामर्श दिया जाता है। संबंधित मंत्रालय/विभाग से उत्तर प्राप्त करने के बाद महत्त्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में सम्मिलित करने हेतु संसाधित किया जाता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संसद के समक्ष रखे जाते हैं।

सरकारी कंपनियों, सांविधिक निगमों तथा सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों सहित केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लेखाओं की लेखापरीक्षा सीएजी द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) और 143(7) अथवा संसद के सांविधिक निगमों के गठन से संबंधित अधिनियम के अंतर्गत की जाती है। सांविधिक लेखापरीक्षक (चार्टर्ड अकाउंटेंट) की नियुक्ति सीएजी द्वारा सीपीएसई के लेखाओं को प्रमाणित करने के लिए की जाती है तथा सीएजी को ऐसे लेखापरीक्षित लेखाओं की अनुपूरक लेखापरीक्षा करने का अधिकार है। सीएजी के (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19 ए के प्रावधानों के अंतर्गत सीपीएसई से संबंधित प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत किए जाते हैं।

इस प्रतिवेदन के अध्याय-II में सामाजिक और सामान्य क्षेत्र के 28 मंत्रालयों की अनुपालन लेखापरीक्षा से उजागर महत्त्वपूर्ण अभ्युक्तियां सम्मिलित हैं।

अध्याय-III में विधायिका रहित पाँच केन्द्र शासित प्रदेशों (यूटी) अर्थात् अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव, लद्दाख और लक्षद्वीप के नियंत्रणाधीन सरकारी विभागों/कार्यालयों की लेखापरीक्षा से उजागर हुई महत्वपूर्ण अभ्युक्तियां सम्मिलित हैं।

अध्याय-IV में सीपीएसई के 2022-23 तक के लेनदेन की अनुपालन लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप उजागर अभ्युक्तियां सम्मिलित हैं।

संबंधित अध्यायों में शामिल अभ्युक्तियों के अतिरिक्त लेखापरीक्षा के अनुरोध पर कुल ₹1.01 करोड़ **(परिशिष्ट-III)** की राशि भी वसूल की गई है।

लोक लेखा समिति (पीएसी) की अनुशंसा पर वित्त मंत्रालय ने जून 1960 में सभी मंत्रालयों को निर्देशित किया था कि वे भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में सम्मिलित करने हेतु प्रस्तावित प्रारूप अनुच्छेदों पर अपनी प्रतिक्रिया इनकी प्राप्ति के छः सप्ताह के भीतर भेज दें। तदनुसार, संबंधित मंत्रालयों/विभागों के सचिवों का लेखापरीक्षा निष्कर्षों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रारूप अनुच्छेद अग्रेषित किए जाते हैं तथा उनसे छः सप्ताह के भीतर अपनी प्रतिक्रिया भेजने का अनुरोध किया जाता है।

संबंधित मंत्रालयों/विभागों ने 24 अनुच्छेदों में से 13 अनुच्छेदों के उत्तर नहीं भेजे थे (जून 2025 तक)। शेष 11 अनुच्छेदों के संबंधित मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त उत्तर को प्रतिवेदन में उपयुक्त रूप से सम्मिलित कर लिया गया है। इनमें से नौ लेखापरीक्षा टिप्पणियों के प्रत्युत्तर में संबंधित अभिकरणों ने सुधारात्मक उपाय किए हैं जिन्हें प्रतिवेदन में सम्मिलित किया गया है।

1.7 सीपीएसई पर सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों के पूरक के रूप में जारी सीएजी की महत्वपूर्ण टिप्पणियां

वित्तीय लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षा के समग्र क्षेत्र में केंद्र सरकार के 15 मंत्रालयों के अंतर्गत 85 सीपीएसई सम्मिलित हैं **(परिशिष्ट-IV)**। सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा

वर्ष 2022-23 के वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के पश्चात् सीएजी ने भौतिकता और महत्त्व के आधार पर चयनित सरकारी कंपनियों के वित्तीय विवरण की अनुपूरक लेखापरीक्षा की। सरकारी कंपनियों और सांविधिक निगमों के वित्तीय विवरण पर निर्गत कुछ महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ **परिशिष्ट-V** में दी गई हैं। **परिशिष्ट-VI** में उन सीपीएसई की सूची दी गई है जिनके संबंध में कोई टिप्पणी जारी नहीं की गई।

1.8 लंबित एटीएन की स्थिति

संसद में दिनांक 17 अगस्त 1995 को प्रस्तुत अपने 105वें प्रतिवेदन (10वीं लोकसभा, 1995-96) में लोक लेखा समिति ने अनुशंसा की थी कि सीएजी के प्रतिवेदनों के सभी अनुच्छेदों पर कार्रवाई की टिप्पणियाँ (एटीएन) 31 मार्च 1996 से लेखापरीक्षा रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखे जाने की तिथि से चार माह की अवधि के भीतर वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) के माध्यम से समिति को प्रस्तुत की जानी चाहिए। तत्पश्चात्, व्यय विभाग के अधीन एक निगरानी प्रकोष्ठ बनाया गया, जिसे सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों से समन्वयन एवं लेखापरीक्षा द्वारा यथावत जांच किए गए एटीएन के संग्रहण तथा उन्हें संसद में लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण की तिथि से चार माह की निर्धारित अवधि के भीतर लोक लेखा समिति को भेजने का कार्य सौंपा गया था।

30 जून 2025 तक, इस प्रतिवेदन में सम्मिलित सिविल मंत्रालयों/विभागों के 17 एटीएन में से 13 एटीएन पत्राचाराधीन थे तथा 4 एटीएन प्राप्त नहीं हुए थे **(परिशिष्ट-VII)**। विधायिका रहित केन्द्र शासित प्रदेशों के नौ एटीएन पत्राचाराधीन थे **(परिशिष्ट-VIII)**।

अध्याय II

केन्द्रीय मंत्रालय

इस अध्याय में छः केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों से संबंधित लेखापरीक्षा निष्कर्षों को शामिल करते हुए तेरह लेखापरीक्षा पैराग्राफ शामिल हैं।

(I) संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय

2.1 बिजली प्रभारों का परिहार्य भुगतान

राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के बिजली की खपत आवश्यकताओं का आंकलन करने तथा वास्तविक स्तर तक संस्वीकृत भार को कम करने में विफलता के परिणामस्वरूप अप्रैल 2018 से मार्च 2022 की अवधि के दौरान निर्धारित बिजली प्रभारों के प्रति ₹ 1.97 करोड़ का परिहार्य भुगतान हुआ।

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) (निष्पादन मानक-मीटरिंग एवं बिलिंग) विनियम 2002 के अनुसार, लोड कटौती हेतु आवेदन मूल संस्वीकृति के दो वर्ष बाद स्वीकार किया जाएगा। विनियमन में आगे बताया गया कि लोड में कटौती मूल ऊर्जाकरण के समय भार के अधिकतम 50 *प्रतिशत* तक सीमित होगी। अप्रैल 2007 के संशोधित विनियमों में भी लोड में कमी के लिए समान प्रावधान था।

विनियमन के अनुसार, बिलिंग के प्रयोजन हेतु बिलिंग मांग का तात्पर्य इनमें से सबसे अधिक है- (i) संविदा मांग[2] (ii) बिलिंग चक्र के दौरान मीटर में दर्ज अधिकतम मांग संकेतक (एमडीआई), अथवा (iii) संस्वीकृत भार जहां भी आपूर्ति

[2] 'संविदा' मांग केवीए (किलो वोल्ट एम्पीयर) में मांग है, जैसा आपूर्ति अनुबंध में प्रावधान किया गया है, जिसके लिए लाईसेंसधारी शासन की शर्तों के अधीन समय समय पर आपूर्ति की विशिष्ट प्रतिबद्धता करता है। किसी भी मामले में, यह संस्वीकृत भार के 60 *प्रतिशत* से कम नहीं होगा। मांग प्रभारों का तात्पर्य केवीए में बिलिंग मांग के आधार पर बिलिंग चक्र अथवा बिलिंग अवधि हेतु प्रभार्य राशि है।

अनुबंध में संविदा मांग प्रदान नहीं की गई थी। इस प्रकार, जबकि वास्तव में उपयोग की गई मांग सहमत संविदा मांग से कम है फिर भी भुगतान पूर्ण संविदा मांग का किया जाना है। तदनुसार, निर्धारित प्रभारों को संस्वीकृत भार अथवा अधिकतम मांग रीडिंग, जो भी अधिक है, पर उद्ग्रहण किया जाना है। इस प्रकार, संस्वीकृत भार को अधिकतम मांग से अधिक रखने से परिहार्य निर्धारित प्रभारों का भुगतान हुआ।

लेखापरीक्षा ने पाया कि राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) के पास मार्च 2010 से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद का एक बिजली कनेक्शन[3] है। बिजली बिलों के विश्लेषण से प्रकट हुआ कि अप्रैल 2018 से मार्च 2022 तक की अवधि के दौरान एनजीएमए द्वारा बिजली की वास्तविक खपत संविदा मांग (संस्वीकृत भार) से लगातार कम थी। इस अवधि के दौरान बिजली की खपत संविदा मांग के छः से 34 *प्रतिशत* के बीच थी। एनजीएमए ने अप्रैल 2018 से मार्च 2022 के दौरान इस कनेक्शन के लिए 3176 केडब्ल्यू[4] के संस्वीकृत भार हेतु बिजली के निर्धारित प्रभारों के प्रति ₹ 3.95 करोड़ का भुगतान किया।

लेखापरीक्षा की राय है कि एनजीएमए को अप्रयुक्त संस्वीकृत भार (अनुबंध मांग) के कारण निर्धारित प्रभारों के भुगतान से बचने के लिए प्रारंभिक संस्वीकृत भार को 50 *प्रतिशत* तक कम करना चाहिए था, जैसा डीईआरसी विनियमन के अंतर्गत अनुमेय था। यदि भार को प्रारम्भिक संस्वीकृत भार के 50 *प्रतिशत* तक कम कर दिया गया होता तो एनजीएमए उक्त अवधि के दौरान निर्धारित बिजली प्रभारों हेतु भुगतान की गई राशि का आधा, अर्थात् ₹ 1.97 करोड़ की बचत कर सकता था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर (मई 2022/अगस्त 2023), एनजीएमए ने बताया (दिसम्बर 2023) कि प्रसिद्ध कलाकारों की कला वस्तुओं/चित्रकलाओं को नमी से बचाकर रखने के लिए यह अनिवार्य था कि उस क्षेत्र को हर समय वातानाकुलित

---

3 उपभोक्ता सं. 8165976862

4 3176 केडब्ल्यू के संस्वीकृत भार हेतु संविदा मांग 3176 केवीए से 3970 केवीए तक के बीच थी जो बिजली बिलों में दर्शाए गए विद्युत घटक पर निर्भर है।

रखा जाए। इसे ध्यान में रखते हुए सीपीडब्ल्यूडी ने, तकनीकी विशेषज्ञ होने के नाते भवन के लिए तत्कालीन निदेशक (एनजीएमए) के परामर्श से बिजली भार को परिकलित किया तथा एनजीएमए के परिसर में संभावित रूप से खपत होने वाली बिजली की संविदा मांग की सिफारिश की। एनजीएमए ने इस मामले में सीपीडब्ल्यूडी प्राधिकारियों से बार-बार संपर्क किया परंतु कोई उत्तर नहीं मिला।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि बिजली के प्रारम्भिक रुप से संस्वीकृत भार का उपयोग अप्रैल 2018 से मार्च 2022 के दौरान छः से 34 *प्रतिशत* के बीच था जो यह इंगित करता है कि भार का प्रारम्भिक निर्धारण वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित नहीं था। इसके अतिरिक्त, एनजीएमए ने बिजली के खपत नमूने का विश्लेषण नहीं किया, जिससे कि संस्वीकृत भार को कम करने के कदम उठाए जा सके। लेखापरीक्षा में वैसा ही इंगित (मई 2022/अगस्त 2023) किए जाने के पश्चात ही इसकी समीक्षा प्रारम्भ की गई।

संस्कृति मंत्रालय ने अपने उत्तर (मई 2024) में बताया कि एनजीएमए ने बिजली भार की यथार्थता की जांच करने तथा वांछित संदर्भ तक कथित भार को कम करने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया हेतु सीपीडब्ल्यूडी के संबंधित प्राधिकारी को आश्वस्त किया था। इन्होंने एनजीएमए को मामले की सभी विसंगतियों तथा तथ्यों को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) तथा दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) दोनों के संज्ञान में लाने तथा यथाशीघ्र सुलझाने का निर्देश दिया है।

(II) विदेश मंत्रालय

भारतीय उच्चायोग, लंदन

2.2 मंत्रालय के अनुमोदन के बिना शपथपत्र शुल्क का उद्ग्रहण

मिशन ने मंत्रालय की मंजूरी के बिना पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के संबंध में प्रति शपथपत्र £22 का शपथपत्र शुल्क उद्ग्रहित एवं संग्रहित किया। इसके परिणामस्वरूप 01 अप्रैल 2021 से 04 नवंबर 2022 की अवधि के दौरान कुल ₹ 2.35 करोड़ (£2,33,200)[5] के शपथपत्र शुल्क का अतिरिक्त संग्रह हुआ।

विदेश मंत्रालय ने सभी मिशनों/पोस्टों[6] को "वीज़ा, ओसीआई[7] और कांसुलर शुल्क को स्थानीय मुद्राओं में एवं लागू शुल्कों को नकद मुद्राओं में परिवर्तित करने के तौर-तरीकों" पर व्यापक दिशानिर्देश जारी किए। मंत्रालय ने आगे, "पासपोर्ट और पासपोर्ट संबंधी सेवाओं के लिए शुल्क को स्थानीय मुद्राओं में परिवर्तित करने के तौर-तरीके" पर अनुदेश[8] जारी किए जिसके अंतर्गत मंत्रालय ने 01 अप्रैल 2021 से लागू परिवर्तनीय नकद मुद्राओं में पासपोर्ट और पासपोर्ट से संबंधित सेवाओं की संशोधित दरें निर्धारित कीं। उपर्युक्त परिपत्र में पासपोर्ट आवेदनों के संबंध में आवेदक से किसी प्रकार का शपथपत्र शुल्क वसूलना निर्धारित नहीं किया गया था। मिशन की वेबसाइट पर भी ऐसा कोई शुल्क प्रदर्शित नहीं किया गया है। मौजूदा प्रावधानों के अंतर्गत, कर, शुल्क आदि को केवल सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन के बाद ही प्रभारित किया जा सकता है।

---

5 अप्रैल 2021 से नवंबर 2022 तक औसत विनिमय की दर पर 100.95 x £ 233200

6 जेएस (सीपीवी) के परिपत्र सं. VII/406/21/2016 दिनांक 12 मार्च और 25 मार्च 2021 के माध्यम से

7 ओसीआई-प्रवासी भारतीय नागरिकता, यह एक अप्रवासन स्थिति है जो भारतीय मूल के एक विदेशी नागरिक को अनिश्चित काल के लिए भारत में रहने और काम करने के लिए प्राधिकृत करती है।

8 कार्यालय ज्ञापन सं. VI/401/01/14/2019 दिनांक 30 मार्च 2021 के माध्यम से

लेखापरीक्षा ने ग्लोबल पासपोर्ट सेवा प्रोग्राम (जीपीएसपी[9]) डेटा से पाया कि 01 अप्रैल 2021 से 04 नवंबर 2022 तक 10,441 मामलों में, पासपोर्ट और आपातकालीन प्रमाण-पत्र[10] (केवल i और iii के लिए) के संबंध में निम्नलिखित शपथपत्रों के लिए मंत्रालय की मंजूरी के बिना £22 का शुल्क प्रभारित किया गया था:

i. रुप-रंग में परिवर्तन के लिए शपथपत्र शुल्क (जब आवेदक के रूप-रंग में काफी बदलाव आ जाता है, तो उसे रूप-रंग में परिवर्तन भरना होगा)

ii. एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए शपथपत्र शुल्क (आवेदक को यह शपथपत्र भरना अपेक्षित है जब उसका पासपोर्ट तीन वर्ष पहले समाप्त हो गया है)।

iii. नाम परिवर्तन विलेख (आवेदक के नाम परिवर्तन के मामले में, आवेदक यह शपथपत्र प्रस्तुत कर सकता है)।

लेखापरीक्षा द्वारा अप्रैल 2022 में इंगित किए जाने के पश्चात, मामला स्पष्टीकरण के लिए मंत्रालय को भेजा गया था। मंत्रालय ने 04 नवंबर 2022 के आदेश के जरिए सूचित किया कि पासपोर्ट जारी करने की मौजूदा नियमावली के अनुसार, ऐसा कोई शपथपत्र/विलेख प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। परिणामतः, मिशन द्वारा 04 नवम्बर 2022 से शपथपत्र शुल्क वसूल करने बंद कर दिए गए थे।

---

9 जीपीएसपी पासपोर्ट संबंधी सेवाओं के लिए ऑनलाइन सेवा पोर्टल है। पासपोर्ट और संबंधित सेवाओं के लिए, आवेदकों को http://embassy.passportindia.gov.in/ पर ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन करना आवश्यक है। विवरण भरने के बाद, एक वेब फ़ाइल नंबर और आवेदन पत्र तैयार किया जाएगा और आवेदक द्वारा प्रिंट किया जा सकता है। यह पासपोर्ट और संबंधित सेवाओं के वितरण के लिए सरल, कुशल और पारदर्शी प्रक्रियाओं को सक्षम बनाता है।

10 आवेदक के पास वैध पासपोर्ट की अनुपलब्धता (खोने, क्षति या समाप्ति के कारण) और जहां तुरंत नया पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता है, के मामले में भारत की एकतरफ़ा यात्रा के लिए भारतीय नागरिक को एक आपातकालीन प्रमाणपत्र जारी किया जा सकता है।

इस कारण 10,441 मामलों से कुल अतिरिक्त संग्रह £2,33,200 (आईएनआर 2,35,41,540) (अप्रैल 2021 - 04 नवंबर 2022) था जिसे **तालिका सं. 2.1** में संक्षेप में दर्शाया गया है:

तालिका सं. 2.1: कुल अधिक संग्रह

क्र सं.	सेवा	शपथपत्र शुल्क वाली सेवाओं की संख्या	प्राप्त शपथपत्रों की संख्या	प्रति शपथपत्र शुल्क	अधिक प्रभार (£)
1.	आपातकालीन प्रमाण-पत्र	551	555[11]	22	12210
2.	पासपोर्ट	9890	10045[12]	22	220990
	कुल	**10441**	**10600**		**233200**

बिना किसी प्राधिकार तथा मंत्रालय की मंजूरी के मिशन द्वारा शुल्क लगाना और संग्रह करना गलत था। मिशन ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति के उत्तर में शपथपत्र शुल्क की अधिक वसूली को स्वीकार किया और बताया कि इस संबंध में मंत्रालय से स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर 04 नवंबर 2022 से शपथपत्र शुल्क लगाना बंद कर दिया गया है।

मामला नवंबर 2023, दिसंबर 2023 और अप्रैल 2024 में मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

---

[11] प्रत्येक के लिए एक शपथपत्र वाली 547 सेवाएँ + प्रत्येक के लिए दो शपथपत्र वाली 4 सेवाएँ

[12] एक शपथपत्र वाली 9738 सेवाएं + प्रत्येक के लिए दो शपथपत्रों वाली 149 सेवाएं + प्रत्येक के लिए सभी तीनों शपथपत्रों वाली 3 सेवाएं

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय

2.3 ₹ 2.96 करोड़ के जीएसटी का गलत भुगतान

पुणे, लखनऊ, बरेली, कोलकाता तथा चेन्नई में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा बुक नाउ एंड पे लेटर योजना के अंतर्गत स्पीड पोस्ट सेवाओं हेतु डाक प्राधिकारियों को जुलाई 2017 से जून 2022 तक ₹ 2.96 करोड़ के जीएसटी का अनियमित भुगतान किया गया।

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, केन्द्र शासित प्रदेश को दी जाने वाली स्पीड पोस्ट सेवाओं पर अधिसूचना सं. 12/2017-केन्द्रीय कर (दर) दिनांक 28 जून 2017 के माध्यम से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की छूट थी, जिसे बाद में अधिसूचना सं. 04/2022 दिनांक 13 जुलाई 2022 के द्वारा समाप्त कर दिया गया था।

पुणे, लखनऊ, बरेली, कोलकाता तथा चेन्नई में क्षेत्रीय पोसपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) ने क्रेडिट सुविधा का लाभ लेने के लिए एक थोक उपभोक्ता[13] के रूप में बीएनपीएल (बुक नाउ एंड पे लेटर) योजना के अंतर्गत स्पीड पोस्ट सेवाओं के लिए डाक विभाग के साथ अलग से अनुबंध[14] किया।

यह पाया गया था कि इन आरपीओ ने जुलाई 2017 से जून 2022 तक की अवधि के दौरान 18 *प्रतिशत* की दर पर जीएसटी सहित बीएनपीएल मासिक बिल का भुगतान किया जिनमें जीएसटी की छूट थी। इसका परिणाम इस अवधि के दौरान ₹ 2.96 करोड़[15] के जीएसटी के गलत भुगतान में हुआ।

---

13 थोक उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो किसी कैलेंडर माह में स्पीड पोस्ट बुकिंग कार्यालय में ₹ 10,000 मूल्य का स्पीड पोस्ट व्यवसाय प्रदान करता है के रुप में परिभाषित है।

14 आरपीओ, पुणे जनवरी 2016 में, लखनऊ जनवरी 2016 में, आरपीओ, कोलकाता जुलाई 2017 में आरपीओ, चेन्नई जुलाई 2016 में और आरपीओ बरेली मई, 2018 में

15 आरपीओ, पुणे ने ₹ 60.42 लाख, आरपीओ, लखनऊ ₹ 135.41 लाख, आरपीओ, बरेली- ₹ 28.99 लाख, एवं आरपीओ, कोलकाता- ₹ 2.92 लाख तथा आरपीओ चेन्नई- ₹ 68.15 लाख का अधिक भुगतान किया।

संबंधित आरपीओ अभ्युक्तियों से सहमत हुए तथा बताया कि उन्होंने इसे डाक विभाग (आरपीओ पुणे, कोलकाता) के समक्ष उठाया है या इसे (आरपीओ लखनऊ, बरेली) के समक्ष रखेंगे।

आरपीओ का उत्तर पुष्टि करता है कि अधिसूचना के अनुसार, कर छूट के संदर्भ में बिलों की यथार्थता को भुगतान करने से पूर्व सुनिश्चित नहीं किया गया था।

उत्तर में, विदेश मंत्रालय ने बताया (अक्टूबर 2024) कि उन्होनें जीएसटी राशि की वापसी/आगामी बिलों में समायोजन के लिए डाक विभाग, नई दिल्ली को लिखा है।

(III) गृह मंत्रालय

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सीमा बल

2.4 जोखिम एवं कठिनाई भत्ते का अनियमित भुगतान

मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 22.02.2019 में उल्लेखित वर्गीकृत क्षेत्र के अनुसार केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की इकाइयों में जोखिम एवं कठिनाई भत्ते को विनियमित करने में विफलता के परिणामस्वरुप मार्च 2020 से मार्च 2023 के बीच की अवधि हेतु ₹ 33.19 करोड़ के भत्तों का अनियमित भुगतान हुआ।

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने दिनांक 31 जुलाई 2017 के कार्यालय ज्ञापन[16] (ओएम) के द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) एवं असम राइफल (एआर) के कार्मिकों हेतु जोखिम एवं कठिनाई भत्ते, (आरएचए) को जोखिम एवं कठिनाई मैट्रिक्स के अनुसार नियत किया। इस मैट्रिक्स के अनुसार फील्ड क्षेत्रों के वर्गीकरण की समीक्षा गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों को शामिल करके संयुक्त समिति द्वारा की गई। तदनुसार, गृह मंत्रालय ने 22 फरवरी 2019 को एक कार्यालय ज्ञापन (ओएम) जारी किया जिसमें सीएपीएफ कार्मिकों को आरएचए के

[16] सं॰ 27012/40/सीएफ-3396706/2017-पीएफ-I

अनुदान हेतु क्षेत्रों का वर्गीकरण किया गया। इस वर्गीकरण के अनुसार, असम राज्य (सात जिलों को छोडकर)[17] आरएचए के अनुदान हेतु पात्र नहीं था।

कार्यालय ज्ञापन के अनुसार वर्गीकृत क्षेत्रों के रूप में न पहचाने गए क्षेत्रों में वर्ग अधिकारियों एवं अधिकारी दर्जे के नीचे के कर्मियों की पात्रता केन्द्र सरकार के कर्मचारियों[18] के समान होगी। इसी स्थिति को गृह मंत्रालय ने दिनांक 14 अगस्त 2020 के आदेश के माध्यम से दोहराया।

गुवाहाटी विमानपत्तन, डिब्रूगढ़ विमानपत्तन एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), 68 बटालियन, देवेन्द्रनगर, सोनितपुर, असम में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) इकाईयों से संबंधित अभिलेखों की नमूना जांच में पाया गया कि इन इकाइयों ने अपने कार्मिकों को आरएचए प्रदान किया था।

चूंकि इन सीएपीएफ इकाईयों के स्थान वर्गीकृत क्षेत्रों में शामिल नहीं थे इसलिए, आरएचए इन सीएपीएफ इकाइयों के कर्मियों को देय नहीं था। इसके परिणामस्वरुप मार्च 2020 से मार्च 2023 की अवधि के दौरान ₹ 33.19 करोड़[19] की राशि के आरएचए का अनियमित भुगतान हुआ **(अनुलग्नक 2.1)**।

तथापि, ये इकाइयां 6वें केन्द्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) द्वारा अनुशंसित दर पर विशेष प्रतिपूरक भत्ते (दूरस्थ स्थान) एवं 7वें सीपीसी द्वारा अनुशंसित दर पर विशेष आर्थिक भत्ता (एसडीए) हेतु पात्र थी, जिनका भुगतान कर्मचारियों को नहीं

---

17 धुबड़ी, दक्षिण सलमारा, करीमगंज, चिरांग, बक्सा, दरांग, रंगिया

18 उत्तर-पूर्व क्षेत्र पर आधारित इकाईयों में तैनात कार्मिक 7वें सीपीसी मूल वेतन के 10 *प्रतिशत* की दर पर विशेष ड्यूटी भत्तों (एसडीए) सहित 6वें सीपीसी की पुरानी दरों पर विशेष प्रतिपूर्ति (दूरवर्ती स्थान) भत्तों (एससीए) के भुगतान हेतु पात्र थे।

19 ₹ 11.21 करोड़ (सीआईएसएफ गुवाहाटी विमानपत्तन), ₹ 3.10 करोड़ (सीआईएसएफ डिब्रूगढ़ विमानपत्तन) एवं ₹ 18.88 करोड़ (68वीं बटालियन, एसएसबी, सोनितपुर, असम)।

किया गया था। इसलिए, परिणामी प्रभाव मार्च 2020 से मार्च 2023 की अवधि के दौरान ₹ 15.53[20] करोड़[21] का अधिक भुगतान था **(अनुलग्नक 2.1)**।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई, डिब्रूगढ़ विमानपत्तन ने अपने उत्तर (नवम्बर 2022) में बताया कि सह-स्थित 171 बटालियन, सीआरपीएफ, डिब्रूगढ़, असम द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के अनुसार उनके कर्मियों को आरएचए प्रदान किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया कि ऑयल दुलियाजन, बीसीपीएल डिब्रूगढ़ में सह-स्थित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाईयों एवं सीआरपीएफ कार्मिक की 171 बटालियन को भी आरएचए मिल रहा था। तथापि, इस संबंध में कोई विशेष आदेश लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराया गया।

सशस्त्र सीमा बल निदेशालय, नई दिल्ली ने सूचित किया (नवम्बर 2023) कि 68वीं बटालियन के कार्मिकों के संबंध मे आरएचए का दावा नवम्बर 2023 से बंद कर दिया गया है।

लेखापरीक्षा द्वारा इसे इंगित किए जाने पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, विमानपत्तन गुवाहाटी की इकाई ने मामले को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मुख्यालय को अग्रेषित कर दिया (जून 2023) जिसने यह निदेशित किया (जून 2023) कि मंत्रालय द्वारा जारी अनुदेशों को ध्यान में रखते हुए मामले का निपटान किया जाए (14 अगस्त 2020), जो यह स्पष्ट करता है कि असम का सम्पूर्ण क्षेत्र सामान्य क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत है। तद्नुसार, इकाई ने सूचित किया (सितंबर 2023) कि आरएचए का भुगतान जुलाई 2023 से बंद कर दिया गया है।

---

20 भुगतान किया गया आरएचए (₹ 33.19 करोड)- एससीए प्लस देय एसडीए (₹ 17.66 करोड़) = अनियमित भुगतान (₹ 15.53 करोड)

21 मार्च 2020 से मार्च 2023 तक सीआईएसएफ, गुवाहाटी विमानपत्तन से संबंधित ₹ 4.64 करोड, अप्रैल 20 से जनवरी 23 तक 68वीं बटालियन एसएसबी, सोनितपुर असम से संबंधित ₹ 9.57 करोड़, मार्च 2020 से मार्च 2023 तब सीआईएसएफ डिब्रूगढ़ विमानपत्तन से संबंधित ₹ 1.32 करोड़।

मंत्रालय सीएपीएफ की सभी इकाईयों में यह सुनिश्चित करते हुए समीक्षा करे कि संवितरित किया जा रहा आरएचए गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 22 फरवरी 2019 के अनुरूप है।

मामला अक्टूबर 2023 को मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

2.5 निधियों का अवरोधन एवं अभिप्रेत लाभों की गैर-प्राप्ति

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा अपने स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण हेतु चयनित एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, लोक निर्माण संगठन के साथ प्रभावी ढंग से समन्वय करने में विफल होने के परिणामस्वरुप जनवरी 2020 से कार्य के रुक जाने एवं निर्माण एजेंसी के साथ अनुबंध रद्द हुआ, जिससे ₹ 11.75 करोड़ की निधि का अवरोधन हुआ एवं अपने कर्मियों को आवासीय परिसर प्रदान करने के अभिप्रेत परिणाम प्राप्त किए बिना प्रस्तावित लागत ₹ 27.56 करोड़ से बढ़कर ₹ 56.15 करोड़ हो गई।

गृह मंत्रालय ने दिल्ली में सरकारी भवन सुरक्षा (जीबीएस) इकाइयों में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों के लिए आवासीय परिसर के निर्माण के लिए 15 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दी (अप्रैल 2006)। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने आवास इकाइयों के निर्माण के लिए पट्टे के आधार पर मैदानगढ़ी में अंनतिम रूप से सात एकड़ भूमि आवंटित की (मार्च 2013)।

गृह मंत्रालय ने इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड[22] के अंतर्गत

---

[22] ईपीसी अनुबंध में, मालिक अपनी आवश्यकताएं बताता है और ठेकेदार विस्तृत इंजीनियरिंग डिजाइन तैयार करता है, सभी सामग्रियों और उपकरणों की खरीद करता है और फिर मालिक को एक कामकाजी सुविधा या संपत्ति देने के लिए निर्माण करता है। ठेकेदार को परियोजना का सर्वेक्षण, जांच, डिजाइन, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण करना होगा और अनुबंध में निर्धारित अपने सभी दायित्वों का निरीक्षण, पूर्ति, अनुपालन एवं निष्पादन करना होगा।

मैदानगढ़ी में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए 263 कर्मचारी क्वार्टरों[23] के निर्माण को मंजूरी दी (नवंबर 2015)। यह कार्य राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (इंडिया) लिमिटेड (एनबीसीसी) द्वारा निष्पादित किया जाना था। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने परियोजना के लिए प्रशासनिक अनुमोदन जारी किया (जून 2016) जिसके अंतर्गत एनबीसीसी को आदेश जारी होने के एक सप्ताह के भीतर कार्य के लिए निविदा जारी करनी थी तथा निविदा और लागत के आकलन के बाद एनबीसीसी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया जाना था। एनबीसीसी ने जुलाई 2016 में निविदा जारी की और सितंबर 2016 में निर्माण एजेंसी को ₹ 27.56 करोड़ का कार्य सौंपा गया।

एनबीसीसी ने सीआईएसएफ को परियोजना की अंतिम लागत ₹ 33.75 करोड़ बताई (अक्टूबर 2016)। ₹ 33.75 करोड़ की लागत पर फ्लैटों के निर्माण के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और एनबीसीसी (दिसंबर 2016) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसे बाद में संशोधित कर ₹ 27.56 करोड़ (जून 2017) कर दिया गया क्योंकि अनुबंध का निविदा मूल्य परियोजना की अनुमानित लागत से कम था।

समझौता ज्ञापन की शर्तों के अनुसार, एनबीसीसी को विस्तृत इंजीनियरिंग और निर्माण कार्य प्रारम्भ एवं निष्पादित करना था और अपनी निष्पादन एजेंसियों द्वारा कार्य की गुणवत्ता और परियोजनाओं के सामयिक समापन की पूर्ण रुप से जिम्मेदारी लेनी थी। कार्य पूरा करने की कुल अवधि बाधा मुक्त साइट सौंपे जाने की तिथि से 24 महीने थी। इसके अतिरिक्त, कार्य में किसी भी देरी के कारण सीआईएसएफ द्वारा एनबीसीसी को कोई वृद्धि देय नहीं होनी चाहिए और संस्वीकृत राशि पर परियोजना की लागत निश्चित होनी चाहिए। समझौता ज्ञापन (पैराग्राफ 5.1) में यह भी प्रावधान किया गया है कि संस्वीकृत लागत से अधिक

[23] गृह मंत्रालय ने ईपीसी मोड के अंतर्गत ₹ 102.26 करोड़ की कुल लागत पर छः स्थानों पर सीआईएसएफ के लिए 554 घरों के निर्माण को मंजूरी दी थी, जिसमें ₹ 33.75 करोड़ की लागत से मैदानगढ़ी में 263 घर शामिल थे।

किसी भी संशोधित प्रारंभिक अनुमान पर विचार नहीं किया जाएगा और परियोजना लागत को संस्वीकृत अधिकतम लागत के भीतर रखा जाना था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि सीआईएसएफ ने जमीन पर कब्जा लेने से पहले साइट की स्थिति की जांच/सत्यापन नहीं किया था। भूमि का एक हिस्सा भू-आकृतिक कटक[24] में आता था। सीआईएसएफ/एनबीसीसी को संबंधित प्राधिकारियों की मंजूरी लेने में 13 महीने का समय लगा और अक्टूबर 2017 में बाधा मुक्त साइट निर्माण एजेंसी को सौंप दिया गया। इस प्रकार, एनबीसीसी द्वारा नवंबर 2017 से कार्य शुरू किया गया और अक्टूबर 2019 तक इसे पूरा किया जाना था।

अग्निशमन विभाग (अक्टूबर 2016) और दिल्ली शहरी कला आयोग (नवंबर 2017) की अभ्युक्तियों के आधार पर, एनबीसीसी ने प्रस्तावित भवनों के निर्मित क्षेत्र में लगभग 4.75 *प्रतिशत* की वृद्धि का प्रस्ताव सीआईएसएफ को दिया। इसने सीआईएसएफ को स्थान की आवश्यकता[25] के कारण उच्च प्लिंथ स्तर और सड़क स्तर की आवश्यकता के बारे में सूचित किया (दिसंबर 2017), जिसे बाद में सीआईएसएफ के साथ बैठक के बाद फरवरी 2018 में बढ़ा दिया गया था। तत्पश्चात्, एनबीसीसी ने विस्तृत औचित्य (अगस्त 2018) के साथ लागत में वृद्धि का प्रस्ताव रखा। तथापि, सीआईएसएफ ने एनबीसीसी द्वारा प्रस्तावित ₹ 31.00 करोड़ की संशोधित लागत को यह कहते हुए स्वीकार नहीं किया (मई 2019) कि गृह मंत्रालय द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार लागत में वृद्धि अनुमत नहीं है।

---

24 रूपात्मक कटक का वर्णन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण 2006 के दिल्ली मानचित्र द्वारा प्रदान किए गए भूकंपीय क्षेत्र के आधार पर किया गया है। यह अत्यधिक पारिस्थितिक महत्व का है और इसे संरक्षित किया जाना चाहिए एवं अप्रतिबंधित और अनियोजित विकास से मुक्त रखा जाना चाहिए। तदनुसार, सीआईएसएफ को रिज प्रबंधन बोर्ड से मंजूरी प्राप्त करने की आवश्यकता थी। इसी तरह, चूंकि भूमि असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य के पास थी, सीआईएसएफ ने मंजूरी के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से संपर्क किया।

25 स्थान की आवश्यकता-एनबीसीसी ने सीआईएसएफ प्लॉट के आसपास सड़कों के स्तर में वृद्धि के कारण उच्च प्लिंथ स्तर और सड़क स्तर की आवश्यकता के बारे में सीआईएसएफ को सूचित किया। इसके अलावा, सीबीआई और सीआरपीएफ अस्पताल जैसे विपरीत भूखंडों का प्राकृतिक जमीनी स्तर सीआईएसएफ भूखंड से लगभग 1.5 मीटर अधिक था।

एनबीसीसी ने भुगतान[26] में देरी मैदानगढ़ी परियोजना के आरए बिलों से अन्य परियोजनाओं के परिनिर्धारित नुकसानी की वसूली के निर्णय और सीआईएसएफ के स्तर पर विभिन्न अनुमोदन/निर्णयों के लंबित होने का आरोप (सितंबर 2020), लगाते हुए जनवरी 2020 में कार्य बंद कर दिया। कार्य को रोके जाने के समय, केवल 37 *प्रतिशत* कार्य ही पूरा हुआ था। 10वें आरए बिल तक कुल मिलाकर ₹ 9.25 करोड़ का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त, जुटाव अग्रिम के रूप में ₹ 2.50 करोड़ का भुगतान किया गया था, जिसमें से 10वें आरए बिल तक केवल ₹ 0.93 करोड़ का समायोजन किया गया था। एनबीसीसी द्वारा निर्माण एजेंसी के साथ अनुबंध 18 जून 2021 को रद्द कर दिया गया था।

तत्पश्चात्, एनबीसीसी ने जनवरी 2022 और अगस्त 2023 में शेष कार्य के लिए क्रमशः ₹ 38.06 करोड़ और ₹ 47.20 करोड़ की अनुमानित लागत का प्रस्ताव रखा। इसके अतिरिक्त, फरवरी 2024 में, मैदानगढ़ी परियोजना के मूल प्रस्ताव के संबंध में तुलनात्मक लागत वृद्धि की मांग करने वाले सीआईएसएफ के पत्र (दिसंबर 2023) के उत्तर में, एनबीसीसी ने ₹ 56.15 करोड़ के लिए एक संशोधित समझौता ज्ञापन लागत प्रस्तुत किया, जो मूल आवंटित लागत से 103 *प्रतिशत* अधिक था। एनबीसीसी द्वारा लागत वृद्धि के लिए दिए गए व्यापक औचित्य में चट्टान की खुदाई, दोहरी पाइपलाइन, सौर प्रकाश और हीटिंग जैसे अतिरिक्त कार्य क्षेत्र जो दिसंबर 2016 से अनिवार्य हो गए, निर्मित क्षेत्र में 4.75 *प्रतिशत* की वृद्धि, आसपास के सड़क स्तर में वृद्धि के कारण भवन के प्लिंथ स्तर में वृद्धि, प्रमात्रा बिल में विचलन, 13 जुलाई 2022 से सरकारी कार्यों के लिए जीएसटी दर को 12 *प्रतिशत* से बढ़ाकर 18 *प्रतिशत* करना और 2017 से 2023 तक लागत सूचकांक में वृद्धि, था।

---

[26] पहले, तीसरे, पांचवें, छठे और सातवें आरए बिलों में देरी 11 दिनों से लेकर 47 दिनों तक थी। सीआईएसएफ ने सूचित किया (अक्टूबर 2023) कि 9वें और 10वें आरए बिलों के भुगतान में 145 और 202 दिनों की देरी मात्रा में विचलन के कारण हुई थी जो मूल प्रमात्रा बिल (बीओक्यू) के अनुसार नहीं थी। 9वें और 10वें आरए बिलों के संबंध में ₹ 1.61 करोड़ का भुगतान 31 मार्च 2020 को जारी किया गया था, इस तथ्य के बावजूद कि जनवरी 2020 से एनबीसीसी द्वारा काम पूरी तरह से रोक दिया गया था।

उपरोक्त आधार पर लागत वृद्धि के लिए एनबीसीसी का अनुरोध इंगित करता है कि उसने पूर्व-निर्माण सर्वेक्षणों और अनुमानों का सही ढंग से आकलन नहीं किया। वह ईपीसी अनुबंध के अंतर्गत अपने कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रहा, जिसे समझौता ज्ञापन के अनुसार वृद्धि मुक्त रहना आवश्यक था। अनुमानों को सही ढंग से लागू करने में एनबीसीसी की विफलता और अनुबंध की प्रकृति के कारण संशोधित परियोजना लागत के प्रस्तावों को मंजूरी देने में सीआईएसएफ की असमर्थता ने गतिरोध पैदा किया जिसके कारण कार्य रुक गया। सीआईएसएफ/गृह मंत्रालय ने एनबीसीसी द्वारा प्रस्तावित संशोधित परियोजना लागत पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है (मार्च 2024)। इसके अतिरिक्त, कार्य पूरा करने के लिए समय विस्तार पर भी निर्णय की आवश्यकता थी।

अपने उत्तर में सीआईएसएफ ने बताया (मार्च 2024) कि सीआईएसएफ और एनबीसीसी के बीच समझौता ज्ञापन अभी भी जारी है। संशोधित लागत प्रस्ताव की स्वीकृति के बिना इसे क्रियान्वित करने में एनबीसीसी की अनिच्छा के कारण परियोजना में देरी हुई है। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) द्वारा उल्लिखित शर्तों और लागत तथा समय लंघन के संबंध में गृह मंत्रालय के निर्देश के कारण एनबीसीसी के संशोधित लागत प्रस्तावों पर सहमति नहीं हुई।

सीआईएसएफ का उत्तर स्वीकार्य नहीं है। यद्यपि अनुबंधित रूप से एनबीसीसी संस्वीकृत लागत के भीतर कार्य को समय पर पूरा करने के लिए उत्तरदायी था फिर भी सीआईएसएफ परियोजना का मालिक होने के नाते समय पर और उचित मानक के अनुसार कार्य के निष्पादन को सुविधाजनक बनाने के लिए समय पर निर्णय लेने के लिए भी उत्तरदायी था। इसके अतिरिक्त, कार्य एनबीसीसी को ₹ 27.56 करोड़ की लागत पर सौंपा गया था जो इस परियोजना के लिए संस्वीकृत लागत ₹ 33.75 करोड़ से कम था। एनबीसीसी द्वारा उठाए गए मुद्दों पर समय पर विचार करने और अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में सीआईएसएफ की असमर्थता के कारण समय लगा और लागत में लगभग 103 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई, जबकि कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि से साढ़े चार वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य

अधूरा है। इस कारण ₹ 11.75[27] करोड़ की निधियां अवरुद्ध हुई और सीआईएसएफ कार्मिकों को आवासीय परिसर प्रदान करने का अभिप्रेत उद्देश्य पूरा नहीं हुआ।

मामला मंत्रालय को मार्च 2024 में प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

2.6 अनुग्रह राशि का परिहार्य भुगतान

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मृतक कर्मचारियों के परिजनों को अनुग्रह राशि जारी करते समय मुआवजा खंड को लागू करने में विफल रहा एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 17 मृतक कार्मिक जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में तैनात थे, के परिजनों को ₹ 4.05 करोड़ की अनुग्रह राशि का परिहार्य भुगतान किया। लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने के बाद केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने जनवरी 2024 तक संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से कुल ₹ 2.95 करोड़ की राशि की वसूली की है तथा ₹ 1.10 करोड़ की राशि बकाया है।

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में से एक केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की सुरक्षा हेतु अपने कार्मिकों को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 में प्रावधानों के अनुसार तैनात करता है। सीआईएसएफ द्वारा संबंधित पीएसयू के साथ हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) में निबंधन और शर्ते निर्दिष्ट की गई है। गृह मंत्रालय द्वारा अनुमोदित एमओयू मानक के अनुसार, मृत्यु या अक्षमता या चोट के लिए मुआवजे हेतु खंड यह निर्धारित करता है कि "ड्यूटी के दौरान किसी भी सीआईएसएफ कार्मिक की मृत्यु या अक्षमता या चोट की घटना में ग्राहक संगठन सरकार द्वारा निर्धारित दर पर या उस दर पर जिस पर पीएसयू अपने कर्मचारियों को मृत्यु के मामले में भुगतान कर रहा है, जो भी अधिक हो, पर मृत्यु अनुग्रह राशि भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा। यदि मामला उग्रवादियों/नक्सलियों/आतंकवादियों/डाकुओं/

---

[27] ₹ 11.75 करोड़ (₹ 9.25 करोड़ आरए बिल + ₹ 2.50 करोड़ जुटाव अग्रिम जिसमें ₹ 0.93 करोड़ चालू खाता बिलों के भुगतान के दौरान समायोजित किए गए।

असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई में मृत्यु का है, तो महानिदेशक, सीआईएसएफ द्वारा विशेष सिफारिश भी की जा सकती है।”

गृह मंत्रालय के पुलिस II प्रभाग के पुनर्वास एवं कल्याण निदेशालय ने 2020-21 से 2022-23 की अवधि के दौरान सीआईएसएफ को अनुग्रह राशि के आधार पर कुल ₹ 7.00 करोड़ की निधियां प्रदान की थी। इसमें से, उसने उक्त अवधि के दौरान पीएसयू में ड्यूटी पर 17 मृतक सीआईएसएफ कार्मिकों के परिजनों को कुल ₹ 4.05 करोड़ का अनुग्रह राशि का भुगतान जारी किया गया था (**अनुलग्नक 2.2**)।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 15 मामलों में सीआईएसएफ ने सीआईएसएफ/गृह मंत्रालय के एमओयू के प्रावधानों के उल्लंघन में मृतकों के परिजनों को ₹ 3.55 करोड़ की अनुग्रह राशि का भुगतान जारी किया। इसके अतिरिक्त, ओएनजीसी मेहसाणा एवं ओएनजीसी नाज़िरा के मामले में, यद्यपि सीआईएसएफ और ग्राहक संगठनों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं फिर भी ₹ 0.50 करोड़ की अनुग्रह राशि का भुगतान जारी किया गया। सीआईएसएफ ने न तो यह अनुग्रह राशि प्राप्त की और न ही संबंधित ग्राहक संगठन से उपरोक्त की प्रतिपूर्ति हेतु कोई कदम उठाया था।

नवंबर 2022 और मई 2023 में इंगित किए जाने के बाद, सीआईएसएफ ने बताया (जनवरी 2024) कि उसने सभी संबंधित इकाइयों को मृतक सीआईएसएफ कर्मियों के परिजोनों को दी गई अनुग्रह राशि को संबंधित ग्राहक संगठनों (पीएसयू) से वापस लेने के लिए उन्हें दर्ज करने का निर्देश दिया है। सीआईएसएफ ने यह भी सूचित किया कि कुल ₹ 4.05 करोड़ की परिहार्य अनुग्रह राशि के भुगतान में से 13 पीएसयू ने अनुग्रह राशि जारी कर दी है और सीआईएसएफ को कुल ₹ 2.95 करोड़ का भुगतान जारी कर दिया है। सीआईएसएफ ने आगे बताया कि संबंधित महानिरीक्षक (आईजी) को अनुग्रह राशि के अनियमित भुगतान की जल्द वसूली के लिए शेष ग्राहक संगठनों के साथ संपर्क करने की सलाह दी गई है।

तथापि, लेखापरीक्षा ने पाया कि शेष चार मामलों[28] में ₹ 1.10 करोड़ की राशि अभी भी बकाया थी तथा मामला प्रबंधन स्तर पर प्रक्रियाधीन था।

इस प्रकार, सीआईएसएफ मृतक कार्मिकों के परिजनों को अनुग्रह राशि जारी करते समय मुआवजा खंड लागू करने में असफल रहा। इसके अतिरिक्त, सीआईएसएफ को 2020-21 से पूर्व के सभी मामलों की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

मामला नवम्बर 2023 में मंत्रालय को प्रेषित किया गया; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल

2.7 ₹ 17.44 करोड़[29] का व्यर्थ व्यय

दमोह (मध्य प्रदेश) में 81 मिमी मोर्टार फील्ड फायरिंग रेंज के लिए प्रस्तावित भूमि की उपयुक्तता की जांच करने हेतु गठित तकनीकी समिति के निष्कर्षों को अनदेखा करते हुए, सहायक हथियार प्रशिक्षण विद्यालय- भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, करेरा ने अगस्त 2017 में ₹ 16.55 करोड़ की लागत पर भूमि का अधिग्रहण किया जिसका अभिप्रेत उपयोग नहीं किया जा सका। इसके अतिरिक्त, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने भूमि की सुरक्षा हेतु भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की एक प्लाटून के वेतन और भत्तों (मार्च 2023 तक ₹ 88.41 लाख का किया गया व्यय) पर आवर्ती व्यय जारी रखा।

सामान्य वित्तीय नियमावली 2017 के नियम 21 के अनुसार, लोक धन से व्यय करने वाले या प्राधिकृत करने वाले प्रत्येक अधिकारी को वित्तीय औचित्य के उच्च मानकों द्वारा मार्गदर्शित होना चाहिए। प्रत्येक अधिकारी को वित्तीय आदेश एवं सख्त मितव्ययिता भी लागू करनी चाहिए एवं देखना चाहिए कि सभी प्रासंगिक वित्तीय नियमों और विनियमों का पालन उनके अपने कार्यालय और अधीनस्थ संवितरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त, नियम 21(i) एवं (ii)

---

28 एसएसपी सलेम, एनएचपीसी धौलीगंगा, पीएचएफपी हरिद्वार और ओएनजीसी नज़ीरा।

29 ₹ 17,43,76,518 (एफएफआर अनुबंध - ₹ 16,55,34,750 + प्लाटून को वेतन और भत्ते - ₹ 88,41,768)

में इस बात पर बल दिया गया है कि लोक धन से किए गए व्यय के संबंध में प्रत्येक अधिकारी से वही सतर्कता बरतने की अपेक्षा की जाती है जैसे एक सामान्य विवेकी व्यक्ति अपने स्वयं के धन को व्यय करने के संबंध में रखेगा। प्रथम दृष्ट्या व्यय अवसर की मांग से अधिक नहीं होना चाहिए।

भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) बल ने सहायक हथियार[30] प्रशिक्षण स्कूल (एसडब्ल्यूटीएस) स्थापित करने के लिए 81 मिमी मोटार्र[31] सहायक हथियारों के लिए एफएफआर रेंज की विशिष्टताओं के अनुसार 5000 मीटर लम्बाई एवं चौड़ाई की अधिकतम प्रभावी रेंज की आदर्श लम्बाई की फील्ड फायरिंग रेंज (एफएफआर) के लिए मध्य प्रदेश में भूमि चिन्हित करने का निर्णय लिया (दिसम्बर 2005)।

तदनुसार, दमोह, मध्य प्रदेश (एमपी) में 727.47 हेक्टेयर (1818.67 एकड़) भूमि चिन्हित की गई (09 जनवरी 2015)। एसडब्ल्यूटीएस की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि खरीद की उपयुक्तता की जांच के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया गया। तकनीकी समिति ने 22 जून 2015 को यह बताते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की कि प्रस्तावित भूमि आस-पास के गांवों में आबादी होने के कारण 81 मिमी मोर्टास फायरिंग रेंज के लिए सुरक्षित नहीं थी तथा भूमि माप (लम्बाई-2,350 मीटर एवं चौड़ाई-1,640 मीटर) फायरिंग रेंज (लम्बाई- 5,020 मीटर एवं चौड़ाई 3,887 मीटर) के लिए अपेक्षित पैरामीटर के अनुसार नहीं था। समिति ने ग्रामीणों को किसी अन्य स्थान पर पुनर्वासित करने की भी सिफारिश की। समिति की रिपोर्ट के बावजूद, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया (02 जनवरी 2016)। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने दमोह में एसडब्ल्यूटीएस एवं एफएफआर की स्थापना हेतु 654.38 हेक्टेयर (1616.97 एकड़) भूमि के अधिग्रहण/ हस्तांतरण के लिए ₹ 16.55 करोड़ की राशि संस्वीकृत की (10 मार्च 2016)। दमोह कलेक्टर एवं कमांडेंट, एसडब्ल्यूटीएस- भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल करेरा

30 युद्ध के दौरान सहायक हथियारों का उपयोग किया जाता है।

31 81 मिमी बोर का आकार या कैलिबर है जो बंदूक बैरल बोर के नाममात्र आंतरिक व्यास को निर्दिष्ट करता है।

(शिवपुरी) के बीच 01 अगस्त 2017 से 30 वर्षों के लिए 22 अगस्त 2017 को ₹ 16.55 करोड़[32] के पट्टा विलेख पर हस्ताक्षर किए गए। इस भूमि के स्थलाकृति सर्वेक्षण एवं मिट्टी की जांच पर ₹ 35.36 लाख का व्यय किया गया।

तथापि, जनवरी 2022 में लेखापरीक्षा ने पाया कि दमोह में एसडब्ल्यूटीएस- फील्ड फायरिंग रेंज को स्थापित करने के लिए प्रस्तावित भूमि 81 मिमी मोर्टार की फायरिंग रेंज के लिए उपयुक्त न होने के कारण अभी भी अप्रयुक्त पड़ी थी तथा भूमि की सुरक्षा हेतु एक सहायक कमांडेंट की कमान के अंतर्गत आईटीबीपी की एक प्लाटून[33] तैनात की गई थी। मध्य प्रदेश सरकार को इस अनुरोध के साथ मौजूदा भूमि को अभ्यर्पित करने का निर्णय लिया गया (03 फरवरी 2020) कि वह राशि को वापस कर दें अथवा इसे बटियारगढ़ मध्य प्रदेश में दूसरी प्रस्तावित भूमि की लागत के सापेक्ष में समायोजित कर लें। तथापि, इस निर्णय पर कोई अनुवर्ती कार्रवाई नहीं की गई।

अपने उत्तर में (अक्टूबर 2023), एसडब्ल्यूटीएस- आईटीबीपी, करेरा, शिवपुरी नें बताया कि 81 मिमी मोर्टार के फील्ड फायरिंग रेंज के लिए 9,000-10,000 एकड़ भूमि के अधिग्रहण हेतु सभी संभावनाएं समाप्त होने के बाद एवं ऐसी भूमि की गैर-उपलब्धता के कारण, महानिदेशक (डीजी) आईटीबीपी ने हाल ही में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) (एसडब्ल्यूटीएस), आईटीबीपी को उसी 1,616.97 एकड़ भूमि पर एसडब्ल्यूटीएस स्थापित करने का निर्देश दिया जिसे इस उद्देश्य के लिए आईटीबीपी के नाम पर पहले ही आवंटित एवं परिवर्तित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, दमोह भूमि पर एसडब्ल्यूटीएस हेतु लेआउट प्लान के अनुमोदन एवं प्राधिकृत अवसंरचना के लिए संस्वीकृति जारी करना महानिदेशालय में प्रक्रियाधीन है। यह भी बताया गया है कि सहायक हथियार प्रशिक्षण स्कूल, आईटीबीपी को दमोह (मध्य प्रदेश) भूमि पर स्थानांतरित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

---

32 डी.डी. सं. 500953 दिनांक 28 जुलाई 2017 (कलेक्टर दमोह म.प्र. के पक्ष में) के द्वारा अदा किया गया।

33 कंपनी आकार की सैन्य इकाई का एक उपविभाग जिसमें सामान्यतः दो या अधिक दस्ते होते हैं।

भूमि एक हथियार अर्थात् 81 मिमी मोर्टार को छोड़कर सभी फील्ड फायरिंग रेंज के लिए उपयुक्त है। अधिग्रहित भूमि का उपयोग उन सैनिकों को हथियार प्रशिक्षण देने में किया जाएगा जो सीमा की सुरक्षा के लिए भारत-चीन सीमा पर तैनात है। एसडब्ल्यूटीएस को दमोह (मध्य प्रदेश) भूमि पर स्थानांतरित करने के लिए की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की समय सीमा, दिसम्बर 2023 तक अंतिम तिथि स्थानांतरित करने सहित आईटीबीपी के संबंधित कर्मचारियों को सौंप दी गई है।

एसडब्ल्यूटीएस आईटीबीपी करेरा (शिवपुरी) का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि 81 मिमी मोर्टार के एफएफआर को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य अधूरा रह गया। इसके अतिरिक्त, दमोह में एसडब्ल्यूटीसी की स्थापना की प्रकिया छः वर्ष (मई 2024) से अधिक समय समाप्त हो जाने के बावजूद भी पूरी नहीं हुई है। तथ्य यह है कि अगस्त 2017 में भूमि अधिग्रहण पर ₹ 16.55 करोड़ के व्यय होने के बावजूद भी इस भूमि का अभिप्रेत उपयोग नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, आईटीबीपी ने इस भूमि की सुरक्षा हेतु आईटीबीपी के प्लाटून के वेतन एवं भत्तों (मार्च 2023 तक ₹ 88.41 लाख का किया गया व्यय) पर व्यय करना जारी रखा।

मामला अगस्त 2023 में मंत्रालय को प्रेषित किया गया; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

2.8 नवनिर्मित भवन का गैर-उपयोग

समझौता ज्ञापन/अनुबंध के अनुसार, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा ठेकेदार के साथ-साथ राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड (परियोजना प्रबंधन सलाहकार) के माध्यम से नवनिर्मित भवन 'X' में कमियों को दूर करने में विफलता के परिणामस्वरुप चार वर्षों से अधिक समय तक उक्त भवन का उपयोग नहीं हुआ। भवन के निर्माण पर खर्च की गई ₹ 14.57 करोड़ की राशि निष्फल रही।

अधिक ऊंचाई पर अत्यधिक ठंड और प्रतिकूल जलवायु की स्थिति में भारत-चीन सीमा की रक्षा करने वाले आईटीबीपी कर्मचारियों को रहने के लिए बेहतर स्थिति प्रदान करने के लिए, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने आईटीबीपी के लिए भवन

'X' के निर्माण के लिए प्रशासनिक अनुमोदन एवं ₹ 17.21 करोड़ के व्यय को मंजूरी प्रदान की (अगस्त 2016)। परियोजना का मूल उद्देश्य मितव्यय और पर्यावरण-अनुकूल पद्धति का उपयोग करके चौबीस घंटे और पूरे वर्ष रहने योग्य तापमान (+)22 डिग्री सेल्सियस बनाए रखना था, भले ही बाहरी तापमान (-) 40 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए। लेखापरीक्षा ने पाया कि भवन 'X' आईटीबीपी की पहली पायलट परियोजना थी।

आईटीबीपी ने उक्त भवन के निर्माण के लिए नामांकन के आधार पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड (एनपीसीसीएल) को परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रुप में नियुक्त किया (जुलाई 2016)। समझौता ज्ञापन के खंड 2 (कार्य विवरण) के अनुसार, एनपीसीसीएल सेवाओं और विकास निर्माण कार्यों[34] के साथ-साथ कंपनी स्तर के भवन का निर्माण भी करेगा। समझौता ज्ञापन के खंड 3.2 के अनुसार, एनपीसीसीएल अपने निष्पादन अभिकरणों द्वारा कार्य की गुणवत्ता और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी लेगा। समझौता ज्ञापन के खंड 3.4 के अनुसार, आईटीबीपी या स्वयं/उनके द्वारा प्राधिकृत कोई भी व्यक्ति स्वयं/उनको संतुष्ट करने के लिए किसी भी समय निर्माण कार्य का निरीक्षण कर सकता है कि भवन का निर्माण अनुमान में दिए गए ड्राइंग और विनिर्देश के अनुसार किया जा रहा है। यदि निरीक्षण के दौरान कोई त्रुटि या भिन्नता पाई जाती है तो एनपीसीसीएल को उसे अपने खर्च पर ठीक कराना होगा।

एनपीसीसीएल ने ठेकेदार को ₹ 15.94 करोड़ में निर्माण कार्य सौंपा (सितंबर 2016), जिसे पूरा करने के लिए प्रारंभिक समय नवंबर 2017 था। अनुबंध के अनुसार,

---

34 विद्युत कार्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग (पीएचई) निर्माण कार्य और हरित विशेषताएं।

विशेष सेवाएं अर्थात् रेडिएंट अंडरफ्लोरिंग हीटिंग सिस्टम[35], सोलर थर्मल वॉटर हीटिंग सिस्टम[36], सोलर फोटो वोल्टाइक सिस्टम[37] और जियोथर्मल फ्रेश एयर सिस्टम[38] वास्तुकारों द्वारा डिजाइन और इंजीनियर किए गए थे और आईआईटी रूड़की द्वारा अनुमोदित किए गए थे। अनुबंध के अनुसार, वास्तुकारों द्वारा तैयार किए गए निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित मापदंडों के अनुसार सिस्टम डिजाइन, विनिर्माण, परिनिर्माण, कार्यचालन और सुरक्षा की जिम्मेदारी पूर्णतः ठेकेदार की होगी।

इसके अतिरिक्त, प्रणाली के चालू होने के बाद इसे आईटीबीपी को सौंपा जाना था और तत्पश्चात् उन्हें बारह महीने तक लगातार, त्रुटि दायित्व अवधि के साथ ओवरलैप करते हुए, मानक डिजाइन किए गए मानदंडों के अनुसार निष्पादन की निगरानी करनी थी। यदि इस अवधि के दौरान निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया गया और सुधार/प्रतिस्थापन, डिजाइन में सुधार या कोई अन्य परिवर्तन आवश्यक महसूस किया गया, तो इसे ठेकेदार द्वारा मालिक को बिना किसी अतिरिक्त लागत के किया जाना था, तथापि ये सुधार केवल वास्तुकारों से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद ही किए जा सकते थे। विशिष्ट सेवाओं अर्थात् रेडियंट अंडरफ्लोरिंग हीटिंग सिस्टम, सोलर थर्मल वॉटर हीटिंग सिस्टम, सोलर फोटो वोल्टाइक सिस्टम और जियोथर्मल फ्रेश एयर सिस्टम की त्रुटि दायित्व अवधि को ऐसे पिछले सुधार से शुरू माना

---

35 रेडिएंट अंडर फ्लोरिंग हीटिंग सिस्टम- रेडिएंट अंडर फ्लोरिंग हीटिंग सिस्टम सीधे कमरे के फर्श को गर्मी की आपूर्ति करते हैं। सिस्टम काफी हद तक रेडिएंट हीट ट्रांसफर पर निर्भर करते हैं - इन्फ्रारेड रेडिएशन के माध्यम से कमरे में लोगों और वस्तुओं को सीधे गर्म सतह से गर्मी की आपूर्ति।

36 सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम एक ऐसी प्रणाली है जो सूर्य से ऊर्जा का उपयोग करके पानी को गर्म करने में मदद करती है।

37 सोलर फोटोवोल्टिक सिस्टम एक विद्युत शक्ति प्रणाली है जिसे फोटोवोल्टिक्स के माध्यम से उपयोग करने योग्य सोलर ऊर्जा की आपूर्ति करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें कई घटक होते हैं, जिसमें सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करने और बिजली में परिवर्तित करने के लिए सोलर पैनल, आउटपुट को प्रत्यक्ष से प्रत्यावर्ती धारा में बदलने के लिए एक सोलर इन्वर्टर, साथ ही एक कार्यशील प्रणाली स्थापित करने के लिए माउंटिंग, केबलिंग और अन्य विद्युत सहायक उपकरण शामिल हैं।

38 जियोथर्मल फ्रेश एअर सिस्टम घरों और व्यावसायिक भवनों के लिए हीटिंग, कूलिंग और गर्म पानी प्रदान करने के लिए पृथ्वी के अपेक्षाकृत स्थिर तापमान का उपयोग करती है।

जाएगा। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि इन विशिष्ट सेवाओं को एक एकल पैकेज के रूप में माना जाएगा और उनमें से किसी को भी अलग नहीं माना जा सकता था क्योंकि संयुक्त निष्पादन से ऐसे डिज़ाइन किए गए आउटपुट सुनिश्चित होंगे जो परियोजना के कार्यकरण के लिए प्रमुख महत्व के थे।

आईटीबीपी ने 33वें चालू खाता बिल (मार्च 2019) तक कुल ₹ 14.57 करोड़ की राशि जारी की। एनपीसीसीएल ने सूचित किया (जुलाई 2019) कि उक्त भवन का कार्य सभी मामलों में पूरा हो गया था। सचिव, सीमा प्रबंधन प्रभाग, गृह मंत्रालय ने अपने दौरे (सितंबर 2020) के दौरान आईटीबीपी को अनुदेश दिया कि भवन औपचारिक रूप से तभी सौंपा जाना था जब निर्धारित मानदंड, विशेष रूप से तापमान के रखरखाव के संबंध में संतोषजनक हों। तदनुसार, आईटीबीपी ने वर्ष 2020-21 से शुरू होने वाले दो शीतकालीन सत्रों के लिए सभी हरित सुविधाओं, मशीनरी, उपकरण आदि की दक्षता, य़र्थाथता और निष्पादन की जांच करने के लिए 19 अक्टूबर 2020 को परीक्षण के आधार पर उक्त भवन को अधिकृत किया।

परीक्षण अधिभोग के दौरान, आईटीबीपी ने पाया (नवंबर 2020) कि रेडियंट फ्लोर हीटिंग और गर्म पानी की आपूर्ति ठीक से कार्य नहीं कर रही थी। उस समय, उक्त भवन में साठ से अधिक आईटीबीपी अधिकारी रहते थे। आईटीबीपी ने नवंबर 2020 और दिसंबर 2020 में एनपीसीसीएल से रेडियंट फ़्लोरिंग हीटिंग और गर्म पानी की आपूर्ति संबंधित त्रुटियों का समाधान करने का अनुरोध किया ताकि भवन को निर्धारित डिजाइन मानदंडों के अनुसार कार्यात्मक बनाया जा सके। इतनी ऊंचाई पर तैनात जवानों को रहने के लिए आरामदायक वातावरण प्राप्त हो सके, इसके लिए यह अपेक्षित था।

आगे यह भी पाया गया कि भवन के अंदर का वांछित तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के सापेक्ष में 12 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच था, जबकि बाहर का तापमान (-) 25.6 डिग्री सेल्सियस रहता है। यहाँ तक कि इस तापमान को भी अधिक समय तक नहीं बनाए रखा जा सकता था। इस प्रकार, एनपीसीसीएल भवन में वांछित तापमान प्राप्त करने में सफल नहीं हो सका। एनपीसीसीएल ने स्वीकार किया कि

उक्त भवन में नवीकरण ऊर्जा सुविधाओं के डिजाइन संबंधी विचार और उसके कार्यान्वयन में अंतर था जिसके कारण डिजाइन किया गया तापमान प्राप्त नहीं किया जा सका।

खराब कार्यन्वयन के कारण संरचना में अन्य प्रमुख त्रुटियाँ अर्थात बायो डाइजेस्टर टैंक[39] का ठीक से कार्य न करना, दीवारों पर दरारें, खराब इन्वर्टर, सोलर फोटो वोल्टाइक सिस्टम का ठीक से कार्य न करना, भंडारण टैंक से पाइपलाइन का टूट जाना, खराब तापमान गेज, रिसाव की समस्या आदि भी विकसित हुई।

उपरोक्त कमियों के बारे में आईटीबीपी द्वारा एनपीसीसीएल को दिसंबर 2020/ जनवरी 2021 में सूचित किया गया था। फरवरी 2021 में, पूरे संयंत्र को बंद कर दिया गया तथा आईटीबीपी के सैनिकों को पुराने फाइबर प्रबलित प्लास्टिक झोपड़ियों में स्थानांतरित करना पड़ा।

दिसंबर 2022 और मार्च 2023 में लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, आईटीबीपी ने बताया (मार्च 2023) कि भवन को दो सर्दियों के मौसम के लिए परीक्षण के आधार पर लिया गया था, लेकिन अभिकरण डिज़ाइन किए गए तापमान को प्राप्त करने में विफल रहा। अप्रैल 2024 में, आईटीबीपी ने बताया कि एनपीसीसीएल द्वारा प्रस्तुत संशोधित अनुमान को गृह मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था। उसे गृह मंत्रालय ने इन निदेशों सहित वापस किया कि एनपीसीसीएल से अतिरिक्त लागत के बिना सभी समस्याओं को दूर करने और परियोजना को यथाशीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया गया था। इसके अतिरिक्त, यह भी उल्लेख किया गया कि शेष निधि[40] अनुबंध में उल्लिखित मापदंडों को प्राप्त करने के बाद ही जारी की जाएगी।

---

[39] बायो डाइजेस्टर टैंक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली है।

[40] कुल संस्वीकृत राशि ₹ 17.21 करोड़; निर्माण कार्य ठेकेदार को ₹ 15.94 करोड़ में सौंपा गया; एनपीसीसीएल को ₹ 1.37 करोड़ की शेष राशि को छोड़ करके ₹ 14.57 करोड़ जारी किए गए। सोलर पीवी, सोलर थर्मल सिस्टम, रेडिएंट फ्लोर हीटिंग आदि जैसे हरित सुविधाओं से संबंधित भुगतान बकाया है।

मंत्रालय को जून 2023 और जुलाई 2024 में अभ्युक्ति जारी की गई थी। गृह मंत्रालय (सीमा प्रबंधन प्रभाग) ने सूचित किया (मई 2024) कि एनपीसीसीएल ने फरवरी 2024 में सुधार योजना प्रस्तुत की है, जिसके अनुसार भवन को अप्रैल 2025 तक सुधारात्मक कार्रवाई और अगली सर्दी के दौरान आवश्यक प्रणालियों[41] की जांच और परीक्षण करने के बाद एनपीसीसीएल द्वारा आईटीबीपी को सौंपा जाना था। गृह मंत्रालय ने अपने आगे के उत्तर (सितंबर 2024) में उपरोक्त तथ्यों को दोहराया और बताया कि भवन का निर्माण पूरा हो चुका है एवं केवल हरित सुविधाओं की कार्यात्मकता से संबंधित सुधार निर्माण कार्य तथा भवन के अंदर डिज़ाइन किए गए तापमान को बनाए रखने का कार्य किए जाने की आवश्यकता है। एनपीसीसी ने त्रुटि सुधार कार्य जून 2024 में शुरू किया है और इसके 30 सितंबर 2024 तक पूरा होने की आशा है तथा भवन का परीक्षण आगामी सर्दी के मौसम में अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक किया जाएगा। अपने नवीनतम उत्तर (मई 2025) में, आईटीबीपी ने सूचित किया कि दिसम्बर 2024 में किए गए प्रणाली परीक्षणों के दौरान, रेडिएंट फ्लोर हीटिंग सिस्टम में जमे हुए और लीक वाले हिस्सों सहित कई समस्याएं चिन्हित की गईं। इसमें आगे बताया गया कि वर्तमान में एनपीसीसीएल द्वारा उक्त भवन का सुधार कार्य पुनः प्रारम्भ कर दिया गया है तथा रेडिएंट फ्लोर हीटिंग सिस्टम को पुनः चालू करने के लिए फर्श को हटाने का कार्य प्रगति पर था।

मंत्रालय का उत्तर इंगित करता है कि ₹ 14.57 करोड़ का व्यय करने और जुलाई 2019 में कार्य पूरा होने के बावजूद डिजाइन अनुमानक और कार्यान्वय में अंतर होने के कारण भवन के अंदर डिजाइन किया गया तापमान प्राप्त नहीं हो सका जिससे भवन का उपयोग नहीं किया जा सका। यद्यपि, भवन में कमियां नवंबर 2020 में पाई गईं और कमियों को दूर करने के लिए सचिव (सीमा प्रबंधन) की अध्यक्षता में फरवरी 2022 में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, सुधार कार्य दो वर्ष से अधिक समय

[41] नवीकरणीय ऊर्जा, हरित ऊर्जा सुविधाएँ और भवन के अंदर डिज़ाइन किए गए तापमान की उपलब्धता

के बाद, अर्थात् जून 2024 में शुरू हुआ और अभी भी जारी है (मई 2025)। इस प्रकार, प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में ड्यूटी करने वाले आईटीबीपी अधिकारियों को रहने योग्य आवास प्रदान करने का उद्देश्य मई 2025 तक, अर्थात् मंत्रालय द्वारा कार्य की मंजूरी के आठ वर्ष बाद भी अप्राप्त रहा।

2.9 त्रुटिपूर्ण योजना के परिणामस्वरुप ₹ 6.93 करोड़ का निष्फल व्यय तथा ₹ 1.16 करोड़ का परिहार्य भुगतान हुआ

अनिवार्य निर्माण कार्यों जैसे सीवेज उपचार संयंत्र, बाह्य बिजली कनेक्शन तथा आंतरिक सड़कों आदि के गैर-प्रबंधन के कारण आवासीय मकानों का, निर्माण कार्य पूर्ण होने के छः वर्षों से अधिक समय के पश्चात भी जबलपुर स्थित 29वीं बटालियन के कर्मचारियों को आबंटित नहीं किया जा सका था जिसके परिणामस्वरूप ₹ 6.93 करोड़ का अवरोधन हुआ तथा मकान किराया भत्ते पर ₹ 1.16 करोड़ का परिहार्य भुगतान हुआ।

सामान्य वित्तीय नियमावली (जीएफआर) 2005 के नियम 132(ii) के अनुसार, निर्माण कार्यों हेतु किसी भी संस्वीकृति से पहले विस्तृत डिजाइन तथा अनुमान तैयार किया जाएगा। सीपीडब्ल्यूडी निर्माण कार्य नियम पुस्तिका 2014 की धारा 4.2.1(2) के अनुसार, विस्तृत अनुमान पूर्ण एवं जितना संभव हो उतना व्यापक होना चाहिए तथा विस्तृत वास्तुकला आरेखणों, प्रारम्भिक संरचनात्मक योजनाओं, विभिन्न सेवाओं के प्रारम्भिक ले-आउट आरेखणों, विस्तृत आरेखणों तथा/अथवा शामिल कार्य के विभिन्न संघटकों की विशेषताओं आदि, जैसा लागू हो, से समर्थित होना चाहिए।

महानिदेशक, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) ने 28 सितम्बर 2015 को 29वीं बटालियन, आईटीबीपी, जबलपुर, मध्य प्रदेश में 48 परिवारिक क्वार्टरों (टाईप-II/32 संख्या तथा टाईप-III/16 संख्या) के निर्माण हेतु प्रशासनिक अनुमोदन तथा व्यय संस्वीकृति प्रदान की। उसी दिन, आईटीबीपी ने इन क्वार्टरों के निर्माण हेतु मेसर्स इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस (इंडिया) लिमिटेड (ईपीआईएल)[42] के साथ एक

---

[42] भारत सरकार का उद्यम

अनुबंध किया। तत्पश्चात् ईपीआईएल ने 22 दिसंबर 2015 को अनुबंध के अधीन निविदा के माध्यम से उपरोक्त कार्य को तीसरे पक्ष[43] को ₹ 9.79 करोड़ की अनुमानित लागत के सापेक्ष में ₹ 8.37 करोड़ के कुल मूल्य पर आबंटित किया। ईपीआईएल के साथ अनुबंध के अनुसार, कार्य के समापन की निर्धारित तिथि 27 मार्च 2017 थी। अनुबंध में निर्माण कार्यों के समापन की तिथि से एक वर्ष की त्रुटि दायित्व अवधि का भी प्रावधान था। इस अवधि के दौरान, ईपीआईएल को आईटीबीपी द्वारा इंगित त्रुटियों की मरम्मत/सुधार बिना किसी लागत के करना था।

लेखापरीक्षा ने पाया (जनवरी 2023) कि सभी 48 आवासीय क्वार्टरों (टाईप-II/32 संख्या तथा टाईप-III/16 संख्या) का निर्माण ईपीआईएल द्वारा ₹ 6.93 करोड़ की लागत पर 31 अक्टूबर 2018 तक पूर्ण किया गया था। आईटीबीपी जबलपुर द्वारा निर्माण में त्रुटियों के सुधार की जांच करने के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया गया था। तकनीकी समिति द्वारा इंगित की गई त्रुटियों को ईपीआईएल द्वारा दूर करने के पश्चात क्वार्टरों की आईटीबीपी जबलपुर ने 26 नवम्बर 2019 को अपने कब्जे में ले लिया। तथापि, क्वार्टरों में अनिवार्य सेवाओं जैसे सीवरेज उपचार संयंत्र, बाह्य बिजली कनेक्शन तथा आंतरिक सड़कों आदि के अभाव के कारण आज तक (अक्टूबर 2023) उन्हें आबंटित नहीं किया जा सका। आईटीबीपी निर्माण कार्य के अनुमोदन की मांग करते समय ऐसी आवश्यकता की परिकल्पना करने में विफल रहा तथा संस्वीकृत प्राधिकारी ने भी इस कमी को इंगित नहीं किया था। इसके अतिरिक्त, आईटीबीपी ने आवासीय मकानों की पूर्णता के साथ इन सेवाओं को एक अलग कार्य के रूप में पूरा करने के प्रावधान हेतु कोई कदम नहीं उठाए थे। निर्माण की कमियों की जांच करने हेतु गठित तकनीकी समिति भी इन मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव को इंगित करने में विफल रही। आईटीबीपी प्रबंधन की ओर से इन परिहार्य कमियों के परिणामस्वरूप ₹ 6.93 करोड़ की लागत पर 31 अक्टूबर 2018 को निर्मित सभी 48 आवासीय क्वार्टर (टाईप-।।/32 संख्या तथा टाईप-।।।/16 संख्या) पांच वर्षों से अधिक समय के लिए अप्रयुक्त पड़े रहे (अक्टूबर 2023 तक)।

---

[43] मेसर्स डी ठक्कर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, 22 दिसंबर 2015 के समझौते के अंतर्गत

इसके अतिरिक्त, आईटीबीपी जबलपुर को अपने कार्मिकों को परिसर से बाहर रहने हेतु भुगतान किए जा रहे मकान किराया भत्ता (एचआरए) के कारण आवर्ती परिहार्य व्यय भी वहन करना पड रहा है। आईटीबीपी द्वारा दिसंबर 2019 से अगस्त 2023 तक अपने कर्मिकों को एचआरए के लिए ₹ 1.16 करोड़ का भुगतान किया गया था।

इस प्रकार, आईटीबीपी की ओर से त्रुटिपूर्ण योजना के परिणामस्वरुप न केवल ₹ 6.93 करोड़ का निष्फल व्यय हुआ बल्कि इसने सरकारी आवास स्थान के लिए इच्छित लाभार्थियों को सरकारी आवास से भी वंचित रखा। इसके अतिरिक्त, एचआरए के भुगतान के लिए ₹ 1.16 करोड़ (जिसके बढ़ने की संभावना है) परिणामी परिहार्य भुगतान का कारण बना। पांच वर्षों से अधिक समय से खाली पड़े इन आवासीय क्वार्टरों के रखरखाव के कारण अतिरिक्त वित्तीय देयता से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

लेखापरीक्षा में इंगित किए जाने पर, आईटीबीपी जबलपुर ने उत्तर दिया (जनवरी 2023) कि उपर्युक्त क्वार्टरों की सुपुर्दगी के समय अनिवार्य सेवाएं जैसे सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी), बाह्य बिजली कनेक्शन तथा आंतरिक सड़कें आदि ईपीआईएल द्वारा प्रदान नहीं की गई थीं। उसने आगे बताया कि ईपीआईपीएल ने जनवरी 2023 में इन सेवाओं पर कार्य शुरू कर दिया था जिसे 31 मार्च 2023 तक पूरा किए जाने की संभावना थी। तथापि, कार्य को ईपीआईएल द्वारा अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। आईटीबीपी जबलपुर (अगस्त 2023 तथा अक्टूबर 2023) तथा मंत्रालय ने उत्तर दिया (अक्टूबर 2023) कि 48 आवासीय क्वार्टरों हेतु मूल संस्वीकृति कार्य क्षेत्र में बाह्य विकास निर्माण कार्य जैसे बाह्य विद्युतीकरण तथा एसटीपी शामिल नहीं थे। बाह्य सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण नव निर्मित क्वार्टरों का उपयोग नहीं किया जा सका था। आईटीबीपी ने बताया (मई 2024) कि कार्य पूरा कर लिया गया है तथा सुपुर्दगी प्रक्रिया प्रगति में है। अपने नवीनतम उत्तर (मार्च 2025) में, आईटीबीपी जबलपुर ने बताया कि आवासीय क्वार्टरों का अधिग्रहण जून 2024 में कर लिया गया है तथा ई-पोर्टल के माध्यम से अधिकारियों को आबंटित किए जा रहे हैं।

आईटीबीपी जबलपुर/मंत्रालय के उत्तर लेखापरीक्षा तर्क की पुष्टि करते हैं कि 48 आवासीय क्वार्टरों के निर्माण की परियोजना को आवश्यक सेवाओं की परिकल्पना किए बिना अनुमोदित किया गया था जिससे योजना स्तर पर ही कमियां उजागर हो गईं। तथ्य यह है कि अभिकरण द्वारा क्वार्टरों की सुपुर्दगी के तीन वर्षों से अधिक समय के पश्चात आवश्यक सेवाओं पर कार्य शुरू किया गया तथा आबंटन सौंपे जाने के छः वर्ष बाद ही किया जा सका जो परियोजना की योजना में खामियों को दर्शाता है। इसके परिणामस्वरुप एचआरए का भुगतान भी हुआ जो परिहार्य था।

उत्तर में गैर-अधिभोग के वर्षों में प्राकृतिक क्षरण के कारण वास्तविक अधिभोग से पहले इन क्वार्टरों के रखरखाव पर वित्तीय देयता पर यदि कोई हो, के बारे में कुछ नहीं बताया गया है।

मंत्रालय को भविष्य में ऐसी किसी भी पुनरावृत्ति से बचने के लिए योजना चरण से ही सीपीडब्ल्यूडी मैनुअल के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।

सशस्त्र सीमा बल

2.10 पाँच वर्षों से अधिक समय तक ₹ 80.91 लाख की निधि का अवरोधन

भूमि अधिग्रहण पर सामयिक निर्णय लेने में सशस्त्र सीमा बल की विफलता के परिणामस्वरुप पाँच वर्षों से अधिक समय तक ₹ 80.91 लाख की राशि का अवरोधन हुआ तथा समय लंघन के कारण भूमि लागत में ₹ 16.18 लाख की वृद्धि हुई।

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 का नियम 21 निर्धारित करता है कि लोक धन से व्यय करने अथवा प्राधिकृत करने वाले प्रत्येक अधिकारी को वित्तीय औचित्य के उच्च मानकों द्वारा मार्गदर्शित किया जाना चाहिए और उससे लोक धन से किए गए व्यय के संबंध में उसी तरह की सतर्कता बरतने की अपेक्षा की जाती है जैसा कि सामान्य विवेक वाला व्यक्ति अपने स्वयं के धन व्यय के संबंध में करेगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक अधिकारी को वित्तीय व्यवस्था और सख्त मितव्ययिता को भी लागू करना चाहिए और यह देखना चाहिए कि उसके स्वयं के कार्यालय एवं

अधीनस्थ संवितरण अधिकारियों द्वारा सभी प्रासंगिक वित्तीय नियम-विनियम का पालन किया जाता है।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बल मुख्यालय, नई दिल्ली के प्रस्ताव (अक्टूबर 2017) के आधार पर, गृह मंत्रालय ने 55$^{वीं}$ बटालियन, सशस्त्र सीमा बल, पिथौरागढ के लिए बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) की स्थापना के लिए उत्तराखंड के द्वालीसेरा में 1.28 एकड़ (0.520 हेक्टेयर) की निजी भूमि खरीदने के लिए ₹ 80.91 लाख की राशि संस्वीकृत की (दिसंबर 2017)। यह कुल राशि अगस्त 2018 में उप भूमि अधिग्रहण अधिकारी (डीएलएओ), पिथौरागढ के पास जमा की गई थी।

आरसीटीएलएआरआर अधिनियम, 2013[44] (अधिनियम) के अनुसार, लोक हित में भूमि अधिग्रहण के मामले में, अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत प्रारम्भिक अधिसूचना और प्रस्तावित भूमि के अधिग्रहण के लिए भुगतान प्राप्त करने के बाद, अधिनियम की धारा 19 के अंतर्गत एक घोषणा प्रारम्भिक अधिसूचना जारी होने से 12 महीने के भीतर भूमि अधिग्रहण अधिकारी द्वारा जारी किया जाना अपेक्षित है ऐसा न करने पर अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया जब्त कर ली जाएगी। डीएलएओ ने प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर (अक्टूबर 2018) भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू की और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के जब्त होने से बचने के लिए अक्टूबर 2019 के अंत तक उसके द्वारा मसौदा घोषणा जारी किया जाना अपेक्षित था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना (जुलाई 2017) के अनुसार उक्त भूमि आंशिक रूप से पंचेश्वर बांध के जलाशय में जलमग्न हो जाएगी।

---

[44] भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013।

लेखापरीक्षा ने पाया (मार्च 2020) कि सशस्त्र सीमा बल ने शुरू में प्रस्तावित भूमि के आंशिक जलमग्न होने के बारे में सरकार द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना पर ध्यान नहीं दिया और राशि डीएलएओ के पास जमा कर दी। भूमि की स्थिति जानने के बाद, उन्होंने जिला प्राधिकरण से अधिग्रहण प्रक्रिया को रोकने का अनुरोध किया (जून 2019)। उन्होने पहले से भुगतान की गई राशि को वैकल्पिक भूमि के लिए समायोजित करने की संभावना के बारे में भी पूछताछ की। इसके अतिरिक्त, कमांडेंट, एसएसबी, पिथौरागढ़ ने एसएसबी, रानीखेत और एसएसबी, अल्मोड़ा को सौंपी गई एक रिपोर्ट (मार्च 2019) में बताया था कि उक्त भूमि बीओपी के लिए उपयुक्त थी और प्रस्तावित क्षेत्र में कई सरकारी परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही थीं। तथापि, एसएसबी अक्टूबर 2019 तक यह तय करने में विफल रही कि क्या उक्त भूमि के अधिग्रहण के साथ आगे बढ़ना है या डीएलएओ के पास जमा की गई राशि वापस लेनी है। इस देरी के कारण भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया जब्त हो गई। एसएसबी ने उपयुक्त वैकल्पिक भूमि के अधिग्रहण की संभावना पर भी अनुसरण नहीं किया। इस प्रकार, बीओपी की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि के चयन में एसएसबी द्वारा निर्णय लेने में असामान्य देरी से ₹ 80.91 लाख की निधियों का पांच वर्षों से अधिक समय तक अवरोधन हुआ। अधिग्रहण प्रक्रिया जब्त होने के कारण करों और अन्य व्ययों के कारण ₹ 4.10 लाख की हानि भी हुई। लेखापरीक्षा ने पाया कि जब डीएलएओ ने भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू करने के लिए जुलाई 2021 में एसएसबी को उसी भूमि के लिए एक नया प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा तो वह जून 2023 तक फिर से उत्तर देने में विफल रहा।

एसएसबी, सेक्टर मुख्यालय, अल्मोड़ा ने उत्तर दिया (जून 2023) कि भूमि की बढ़ी हुई लागत के लिए डीएलएओ की मांग के अनुसार ₹ 16.18 लाख की अतिरिक्त मंजूरी के लिए फ्रंटियर मुख्यालय, रानीखेत को एक प्रस्ताव भेजा गया है।

गृह मंत्रालय ने उत्तर दिया (फरवरी 2024) कि एसएसबी ने उत्तराखंड सरकार और डब्ल्यूएपीसीओएस (परियोजना की डीपीआर तैयार करने वाले पीएसयू) से पंचेश्वर बांध के निर्माण के लिए समय-सीमा सूचित करने का अनुरोध किया था। फिर भी

कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। तत्पश्चात, भूमि के सामरिक स्थान और इस तथ्य पर भी विचार करते हुए कि उसी क्षेत्र में कई सरकारी परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही थीं, एसएसबी ने अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। तथापि, इस समय तक भूमि की लागत बढ़ गई थी और एसएसबी ने डीएलएओ पिथौरागढ़ के पास ₹ 16.18 लाख की अतिरिक्त राशि जमा कर दी थी (जुलाई 2023) तथा अधिग्रहण प्रक्रिया में था।

मंत्रालय का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि कमांडेंट, एसएसबी, पिथौरागढ़ ने एसएसबी, रानीखेत और एसएसबी, अल्मोड़ा को सौंपी गई एक रिपोर्ट (मार्च 2019) में बताया था कि उक्त भूमि बीओपी के लिए उपयुक्त थी और प्रस्तावित क्षेत्र में कई सरकारी परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही थीं। तथापि एसएसबी ने समय पर परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के निर्णय को अंतिम रूप नहीं दिया जिसके कारण अक्टूबर 2019 में अधिग्रहण प्रक्रिया को जब्त कर लिया गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 4.10 लाख की हानि भी हुई। जब डीएलएओ द्वारा जुलाई 2021 में उसी भूमि के लिए एक नया प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा गया तो वह फिर से जून 2023 तक उत्तर देने में विफल रही। एसएसबी के इस अनिर्णय के कारण ₹ 80.91 लाख की राशि का पांच वर्ष से अधिक समय तक अवरोधन हुआ और सीमा चौकी के निर्माण में देरी हुई।

जलमग्न होने के खतरे वाली भूमि पर बीओपी के निर्माण को आगे बढ़ाने का निर्णय भी परियोजना को असुरक्षित बना सकता है।

(IV) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

2.11 ऊर्जा प्रभारों पर अधिक व्यय

राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय ने महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाए गए ऊर्जा प्रभारों पर गलत टैरिफ श्रेणी के प्रति भुगतान करके ₹ 1.99 करोड़ का परिहार्य अतिरिक्त व्यय किया।

महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) महाराष्ट्र राज्य के भीतर उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों हेतु वितरण लाईसेंसधारकों के माध्यम से बिजली की आपूर्ति हेतु टैरिफ का निर्धारण करता है। 01 अगस्त 2012 से लागू महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग के आदेश दिनांक 16 अगस्त 2012 के अनुसार टैरिफ की एक नई श्रेणी' 'सार्वजनिक सेवाएं' आरम्भ की गई थी। आगे, एमईआरसी के आदेश दिनांक 3 नवम्बर 2016 के अनुसार, सरकारी कार्यालयों द्वारा बिजली की खपत की लो टेंशन कनेक्शनों हेतु 'एलटी-X सार्वजनिक सेवाएँ- अन्य' तथा हाई टेंशन कनेक्शनों हेतु 'एचटी IX - सार्वजनिक सेवाएं - अन्य' के अंतर्गत शामिल किया गया था। एमईआरसी द्वारा टैरिफ को आगामी वर्षों के लिए बिलिंग की उन्हीं श्रेणियों के साथ संशोधित किया गया था।

राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय (एनएफएआई) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन एक मीडिया इकाई होने से, बिलिंग उद्देश्य के लिए 'एचटी- सार्वजनिक सेवाएं अन्य' श्रेणी के अंतर्गत श्रेणीबद्ध किया जाना अपेक्षित था।

अप्रैल 2017 से दिसंबर 2022 तक की अवधि के लिए भुगतान किए गए बिजली बिलों की नमूना जांच से प्रकट हुआ कि बिजली प्राधिकरण अर्थात् महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) अधिक ऊर्जा प्रभारों का उद्ग्रहण

कर रहा था क्योंकि एनएफएआई के बिजली कनेक्शन[45] को 'एचटी-सार्वजनिक सेवाएं-अन्य' के बजाए 'एचटी-वाणिज्यिक' के रूप में श्रेणीबद्ध किया गया था।

'एचटी-सार्वजनिक सेवाएं - अन्य' श्रेणी के लागू टैरिफ परिपत्रों के अनुसार, बिजली प्रभार **तालिका सं. 2.2** में उल्लेखित दरों पर वसूलनीय थे।

तालिका सं. 2.2: उद्ग्राहय बिजली प्रभार

(राशि ₹ में)

अवधि	'एचटी-सार्वजनिक सेवाएं-अन्य' के अधीन वसूलनीय प्रति इकाई उर्जा प्रभार	'एचटी-वाणिज्यिक श्रेणी' के अधीन वास्तव में भुगतान किए गए प्रति इकाई ऊर्जा प्रभार
अप्रैल 2017 से मार्च 2018	9.10	11.40
अप्रैल 2018 से अगस्त 2018	9.07	11.45
सितम्बर 2018 से मार्च 2019	9.65	11.50
अप्रैल 2019 से मार्च 2020	9.70	11.73
अप्रैल 2020 से मार्च 2021	9.48	11.47
अप्रैल 2021 से मार्च 2022	9.21	11.20
अप्रैल 2022 से मार्च 2023	8.96	10.95

इस प्रकार, बिजली बिलों की उचित संवीक्षा में कमी के कारण एनएफएआई द्वारा 2017-18 से 2021-22 (दिसंबर 2022 तक)[46] की अवधि के दौरान कुल ₹ 1.99 करोड़ के अतिरिक्त ऊर्जा प्रभार का भुगतान किया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर (दिसंबर 2023) विभाग ने उत्तर दिया (दिसंबर 2023) कि टैरिफ को बदलने तथा अधिक राशि की वापसी हेतु मामले को एमएसईडीसीएल के साथ उठाया गया है।

उत्तर दर्शाता है कि एनएफएआई, पुणे ने भुगतान करने से पूर्व लागू टैरिफ दरों की यथार्थता को सुनिश्चित नहीं किया था।

---

45 एनएफएआई के पास दो बिजली मीटर कनेक्शन हैं, अर्थात मीटर सं. 170019078240 और 170091005626।

46 एनएफएआई का दिसंबर 2022 में एनएफडीसी में विलय कर दिया गया है जो केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

मामला फरवरी 2024 में मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

(V) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

2.12 अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं

अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं की लेखापरीक्षा से कार्यान्वयन में कमियां एवं दिशानिर्देशों से विचलन के उदाहरण प्रकट किए, जैसे कि:-

- **उन लाभार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना जिन्होंने न्यूनतम अंक तथा आय सीमा के पात्रता मानदंड को पूरा नहीं किया था:**
- **गैर-सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र;**
- **आय प्रमाणपत्रों के बिना आवेदन;**
- **एक परिवार से दो से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना;**
- **उन छात्रों को छात्रवृत्तियों का भुगतान जो स्कूल में नामांकित नहीं थे;**
- **गैर संचालित स्कूलों के छात्रों को छात्रवृत्ति का संवितरण;**
- **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तियों का प्री-मैट्रिक छात्रों को निर्गम;**
- **कई छात्रवृत्तियों का लाभ ले रहे लाभार्थी;**
- **अनुरक्षण भत्ता, ट्यूशन शुल्क आदि के लिए पात्र सीमा से अधिक छात्रवृत्ति का भुगतान।**

2.12.1 प्रस्तावना

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम,1992 की धारा 2 (सी) के अंतर्गत सशक्त केंद्र सरकार ने मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और जोरोस्टर (पारसी) को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित किया है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय (बाद में मंत्रालय के रुप में संदर्भित) इन समुदायों के छात्रों के शैक्षिक सशक्तिकरण हेतु नवम्बर 2007 से पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और जनवरी 2008 से प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को कार्यान्वित कर रहा है। ये

योजनाएं प्राथमिक रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करने, उन पर स्कूली शिक्षा के वित्तीय बोझ को कम करने और बाद में उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करने, उच्च शिक्षा में उनकी उपलब्धि दर बढ़ाने तथा उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से कार्य करती हैं। योजनाओं के अंतर्गत छात्रों को ट्यूशन शुल्क, दाखिला शुल्क तथा अनुरक्षण भत्ते की प्रतिपूर्ति के लिए वित्तीय लाभ प्रदान किए जाते हैं। योजना की मुख्य विशेषताएं **अनुलग्नक 2.3** में दी गई है।

यह योजनाएं केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं होने के कारण इनका 100 *प्रतिशत* वित्त पोषण संघ सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों को छात्रवृति प्रदान करने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नोडल मंत्रालय है। यद्यपि योजनाओं के प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी मंत्रालय की है**,** फिर भी राज्य सरकारों/केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासन को योजनाओं के अंतर्गत छात्रों की पात्रता को सत्यापित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

2.12.2 प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं की लेखापरीक्षा

लेखापरीक्षा के उद्देश्य से, वर्ष 2017-18 से 2019-20 तक के लिए प्रासंगिक योजना डाटा मंत्रालय से प्राप्त किया गया तथा उसका विश्लेषण किया गया। डाटा विश्लेषण के निष्कर्षों को प्रबंधन पत्र (जून 2021) के माध्यम से मंत्रालय के साथ साझा किया गया था। तत्पश्चात, डाटा विश्लेषण के दौरान पहचाने गए कमी वाले क्षेत्रों को सत्यापित करने के लिए फील्ड लेखापरीक्षा की गयी थी। फील्ड लेखापरीक्षा में 27 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों में 2017-18 से 2020-21 तक की अवधि को शामिल किया गया। मंत्रालय स्तर पर उपलब्ध आंकड़ों को यथासंभव अद्यतन कर दिया गया है।

डाटा विश्लेषण के निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए तथा नमूने में अल्पसंख्यक आबादी के छोटे आकार को महत्व देते हुए विस्तृत फील्ड लेखापरीक्षा के लिए नमूने का चयन किया गया था। नमूना 27 राज्यों और सात केन्द्र शासित प्रदेशों के 174

जिलों से लिया गया था। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की लेखापरीक्षा करने के उद्देश्य से 1,589 संस्थानों में 34,418 आवेदनों की लेखापरीक्षा की गई थी। इसी प्रकार, 1,635 संस्थानों में 30,723 आवेदनों की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए लेखापरीक्षा की गई।

लेखापरीक्षा ने योजना दिशानिर्देशों तथा सामान्य वित्तीय नियमावली के अनुपालन के अनुसार, इन योजनाओं की योजना, वित्तीय प्रबंधन तथा कार्यान्वयन के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। प्रवेश बैठक (08 अक्टूबर 2021) के दौरान लेखापरीक्षा क्षेत्र, कार्यप्रणाली एवं नमूना पद्धति को मंत्रालय के साथ साझा किया गया था। 26 अप्रैल 2023 को हुई निर्गम बैठक में मंत्रालय के साथ प्रमुख लेखापरीक्षा निष्कर्षों के सारांश पर चर्चा की गई थी। मंत्रालय (अप्रैल 2023) और राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों से प्राप्त उत्तरों को उपयुक्त रूप से लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में शामिल किया गया है।

मंत्रालय द्वारा किए गए व्यय का विवरण **तालिका 2.3** में दिया गया है।

तालिका सं. 2.3: वास्तविक व्यय एवं संस्वीकृत छात्रवृत्ति

वर्ष	प्री-मैट्रिक				पोस्ट-मैट्रिक			
	बजट अनुमान (बीई) (₹ करोड़ में)	संशोधित अनुमान (आरई) (₹ करोड़ में)	₹ करोड़ में वास्तविक व्यय (कोष्ठक में आंकड़े आरई से अधिक व्यय की प्रतिशतता को दर्शाते हैं)	संस्वीकृत छात्रवृत्तियों की सं. (नई एवं नवीकृत) (लाख में)	बजट अनुमान (बीई) (₹ करोड़ में)	संशोधित अनुमान (आरई) (₹ करोड़ में)	₹ करोड़ में वास्तविक व्यय (कोष्ठक में आंकड़े आरई से अधिक व्यय की प्रतिशतता को दर्शाते हैं)	संस्वीकृत छात्रवृत्तियों की सं. (नई एवं नवीकृत) (लाख में)
2017-18	950.00	1001.15	1108.13 *(111)*	53.11	550.00	561.29	479.72 *(85)*	6.98
2018-19	980.00	1269.00	1176.20 *(93)*	56.92	692.00	500.00	354.90 *(71)*	6.84
2019-20	1220.30	1199.82	1324.85 *(110)*	55.68	496.01	482.66	428.77 *(89)*	7.43
2020-21	1330.00	1330.00	1325.54 *(99.6)*	52.40	535.00	535.00	512.81 *(96)*	6.63
2021-22	1378.00	1378.00	1350.99 *(98)*	57.43	468.00	468.00	411.87 *(88)*	7.21
कुल	**5858.3**	**6177.97**	**6285.71** *(102)*	**275.54**	**2741.01**	**2546.95**	**2188.07** *(86)*	**35.09**

2017-18 से 2021-22 के दौरान, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वास्तविक व्यय की प्रतिशतता की सीमा संशोधित अनुमानों के 93 से 111 *प्रतिशत* के बीच रही। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत इसकी सीमा संशोधित अनुमानों के 71 से 96 *प्रतिशत* तक रही। मंत्रालय के अनुसार (फरवरी 2025), छात्रवृत्ति योजनाओं को 2021-22 से आगे कार्यान्वयन हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभी भी अनुमोदित किया जाना है।

2.12.3 छात्राओं के लिए निर्धारित कोटे के कवरेज के संबंध में उपलब्धि

मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए योजना दिशानिर्देश अनुबंध करते है कि राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश में प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय की छात्राओं के लिए 30 *प्रतिशत* छात्रवृत्ति निर्धारित की गई थी। इसके अतिरिक्त, पात्र छात्राओं के लिए 30 *प्रतिशत* न्यूनतम सीमा थी न कि अधिकतम सीमा।

वर्ष 2017-22 के दौरान छात्रवृत्तियों का लाभ उठाने वाली अल्पसंख्यक समुदायों की छात्राओं की कुल प्रतिशतता **तालिका सं. 2.4** में दी गई है।

तालिका सं. 2.4: छात्राओं का कवरेज

(आंकड़े लाख में)

वर्ष	प्री-मैट्रिक			पोस्ट-मैट्रिक		
	छात्रों की कुल संख्या (नए एवं नवीकृत)	छात्राओं की कुल संख्या	छात्राओं की प्रतिशतता	छात्रों की कुल संख्या (नए एवं नवीकृत)	छात्राओं की कुल संख्या	छात्राओं की प्रतिशतता
2017-18	53.11	28.23	53.15	6.98	3.94	56.45
2018-19	56.92	30.47	53.53	6.84	3.89	56.87
2019-20	55.68	29.15	52.35	7.43	4.15	55.85
2020-21	52.40	27.60	52.67	6.63	3.77	56.86
2021-22	57.43	29.81	51.91	7.21	3.93	54.48

छात्राओं/लाभार्थियों ने न केवल छात्रवृत्ति के संवितरण में न्यूनतम निर्धारित कोटा प्राप्त किया बल्कि 2017-22 के दौरान योजनाओं के अंतर्गत उनका कवरेज छात्रों की तुलना में अधिक था।

2.12.4 प्रमुख लेखापरीक्षा निष्कर्ष

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल कार्यप्रवाह के अनुसार, छात्र द्वारा आवेदन के प्रस्तुतीकरण के पश्चात, इसे संस्थान नोडल अधिकारी (आईएनओ)/जिला नोडल अधिकारी (डीएनओ)/राज्य नोडल अधिकारी (एसएनओ) द्वारा सत्यापित किया जाता है। अंतिम सत्यापन के पश्चात, लाभार्थी अभिलेख सृजित किया जाता है तथा लाभार्थी खाते को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) द्वारा सत्यापित किया जाता है। तत्पश्चात्, योग्यता सूची तैयार[47] की जाती है। योग्यता सूची में आने वाले आवेदकों की संख्या नई छात्रवृत्तियों की संख्या की सीमा के अनुसार सीमित है। तत्पश्चात् भुगतान फाइल तैयार की जाती है तथा डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति संवितरित की जाती है।

लेखापरीक्षा के निष्कर्षों पर नीचे चर्चा की गई है।

2.12.4.1 छात्रवृत्ति के संवितरण में देरी

आवेदकों को प्रतिपूर्ति के आधार पर छात्रवृत्तियाँ संवितरित की गई हैं। योजनाओं के लाभार्थी आर्थिक रुप से पिछड़े वर्ग से संबंधित हैं। इसलिए छात्रवृत्तियों का समयोचित संवितरण योजनाओं के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण होता है ताकि छात्रों को शिक्षा जारी रखने में वित्तीय कठिनाई का सामना न करना पड़े।

कुछ संस्वीकृत आदेशों की नमूना जांच पर, लेखापरीक्षा ने पाया कि किसी विशेष वित्तीय वर्ष के छात्रवृत्ति भुगतान की एक पर्याप्त राशि आगामी वित्तीय वर्षों में अंतरित की गई, जैसा कि **तालिका सं. 2.5** में दर्शाया गया है:

---

47 योग्यता सूची माता-पिता/अभिभावकों की आय तथा आवेदकों की 'जन्म तिथि' के आधार पर तैयार की गई थी। उन मामलों में जहां माता-पिता की आय समान है वहां योग्यता सूची आवेदक की 'जन्म तिथि' मानदंड से तैयार की जाएगी (वरिष्ठ को प्राथमिकता)

तालिका सं 2.5: आगामी वित्तीय वर्षों में छात्रवृत्तियों का संवितरण

(₹ करोड़ में)

प्री-मैट्रिक					पोस्ट-मैट्रिक				
नमूना जांच की गई संस्वीकृतियों की संख्या	राशि	वर्ष से संबंधित	उसी वर्ष के दौरान अदा की गई	अगामी वर्ष के दौरान अदा की गई	संस्वीकृतियों की कुल संख्या	राशि	वर्ष से संबंधित	उसी वर्ष के दौरान अदा की गई	अगामी वर्ष के दौरान अदा की गई
8	75.94	2020-21	70.85	5.09 (2021-22)	22	93.31	2020-21	56.87	36.44 (2021-22)
36	43.95	2021-22	0	43.95 (2022-23)	27	27.27	2021-22	0	27.27 (2022-23)
15	92.93	2022-23	0	92.93 (2023-24)	8	75.45	2022-23	0	75.45 (2023-24)

तालिका दर्शाती है कि लाभार्थियों को छात्रवृत्ति संवितरण में विलम्ब हुआ। भुगतान में विलम्ब योजनाओं के उद्देश्य की प्राप्ति अर्थात् छात्रों के माता-पिता/अभिभावक के वित्तीय बोझ को कम करने पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

मंत्रालय ने इस देरी के लिए विभिन्न कारणों को जिम्मेदार ठहराया जैसे कि एनएसपी पोर्टल पर आवेदन का पंजीकरण नवम्बर-दिसम्बर तक और सत्यापन प्रक्रिया जनवरी-फरवरी और उसके बाद तक जारी रहती है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी/बैंकिंग समस्याओं के कारण कुछ भुगतानों मे देरी हुई। मंत्रालय ने यह भी बताया कि वह उसी वित्तीय वर्ष के दौरान योग्यता सूची को अंतिम रुप देने और उसी वर्ष छात्रवृत्ति संवितरित करने का प्रयास करता है।

विशेष वित्तीय वर्ष में पिछले वर्षों से संबंधित छात्रवृत्ति के संवितरण के विवरण के संबंध में, मंत्रालय ने आगे बताया कि पिछले वर्षों के लाभार्थियों की संख्या का मिलान नहीं किया जा रहा था तथा पहली और दूसरी तिमाही में किए गए भुगतान पिछले वर्षों से संबंधित हैं जबकि तीसरी और चौथी तिमाही में किए गए भुगतानों को चालू वर्ष के भुगतानों के रूप में माना जा सकता है। वहीं दूसरी ओर, मंत्रालय ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता पर संसदीय स्थायी समिति (वर्ष 2023-24 की अनुदान मांगों पर) को उत्तर देते हुए प्रस्तुत किया कि अधिकतर छात्रवृत्ति भुगतान फरवरी और मार्च (चौथी तिमाही) माह में किए गए हैं। यह इंगित करता है कि

मंत्रालय के पास किसी विशेष लाभार्थी को छात्रवृत्ति के संवितरण में देरी की निगरानी एवं प्रमात्रा निर्धारित करने के लिए कोई तंत्र नहीं था।

मंत्रालय छात्रवृत्ति आवेदनों को संसाधित करने के विभिन्न चरणों एवं समय-सीमा का पालन करने हेतु समय-सीमा निर्धारित करे ताकि छात्रवृत्तियों का भुगतान बिना किसी विलम्ब के किया जा सके।

2.12.4.2 अपात्र छात्रों को छात्रवृत्ति जारी करना

आवेदनों के सत्यापन की प्राथमिक जिम्मेदारी संस्थान के नोडल अधिकारी की है। आईएनओ को आवेदन पत्र में विवरण की सत्यता की पुष्टि करनी होती है तथा योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए आवेदक की पात्रता निर्धारित करने के लिए आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच करनी होती है तथा आवेदक द्वारा प्रस्तुत सहायक दस्तावेजों की भौतिक प्रतिलिपि का रखरखाव करना होता है। जिला/राज्य नोडल अधिकारी आवश्यकता पड़ने पर आईएनओ से इन दस्तावेजों की प्रतिलिपि मांग सकते हैं। आवेदक की पात्रता निर्धारित करने में आईएनओ एक महत्वपूर्ण नियंत्रण कारक है, विशेष रूप से इसलिए क्योंकि आवेदकों को छात्रवृत्ति के लिए अपनी पात्रता के समर्थन में दस्तावेज[48] अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होती है। लेखापरीक्षा में इस नियंत्रण कारक में कमजोरी पाई गई तथा साथ ही, डीएनओ/एसएनओ/मंत्रालय की ओर से निगरानी में कमी के कारण अपात्र लाभार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं, जिनकी चर्चा नीचे की गई है:

(i) पिछली कक्षा में न्यूनतम अंक प्राप्त किए बिना छात्रवृत्ति का नवीकरण

योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, छात्रवृत्ति की निरंतरता (नवीकरण आवेदकों के लिए) पिछले वर्ष की परीक्षा में 50 *प्रतिशत* अंक प्राप्त करने तथा उसी संस्थान/स्कूल में उसी पाठयक्रम को जारी रखने के अधीन थी।

---

[48] एनएसपी ₹ 50,000 तक की छात्रवृत्ति के लिए किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करना अनिवार्य नहीं करता है। छात्रों को अपने संबंधित स्कूल/संस्थानों में आवश्यक दस्तावेज़ जमा करना पड़ता है। चूँकि दोनों छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत संवितरित सभी छात्रवृत्तियाँ ₹ 50,000 से कम हैं, इसलिए कोई सहायक दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है।

लेखापरीक्षा ने स्कूल/संस्थान में उपलब्ध मूल दस्तावेजों की संवीक्षा की एवं एनएसपी पोर्टल में दर्ज अंकों की प्रतिशतता और स्कूल/संस्थान में उपलब्ध अभिलेखों से लाभार्थियों द्वारा प्राप्त किए गए वास्तविक अंकों के बीच विसंगतियां पाई गई।

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में, 13 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 1,902 छात्र जिन्होंने पिछली कक्षा में 50 *प्रतिशत* से कम अंक प्राप्त किए थे, को योजना दिशानिर्देशों के उल्लंघन में ₹ 37.40 लाख की राशि की छात्रवृत्तियां प्रदान की गई थी।

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में, 17 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 1,725 छात्रों जिन्होंने पिछली कक्षा में 50 *प्रतिशत* से कम अंक प्राप्त किए थे, को योजना दिशानिर्देशों के उल्लंघन में ₹ 104.10 लाख की राशि की छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। विवरण **अनुलग्नक 2.4** में दिया गया है।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (फरवरी 2025) में बताया कि वह आवेदनों के नवीकरण हेतु 50 *प्रतिशत* अंक की आवश्यकता को समाप्त करने का प्रस्ताव करता है। फिर भी, राज्यों को यादृच्छिक चयन आधार पर कम से कम पांच *प्रतिशत* संस्थानों की भौतिक जांच करने हेतु इस मामले से अवगत कराया जाएगा। इस शर्त को योजना दिर्शानिर्देशों में भी जोड़ा जाएगा।

(ii) एक परिवार से दो से अधिक छात्रों को संवितरित की गई छात्रवृत्ति

योजना दिशानिर्देशों के पैरा 11 (vi) के अनुसार, छात्रवृत्ति एक परिवार से दो से अधिक छात्रों को नहीं दी जाएगी (यह मंत्रालय के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के लिए बनाई गई सभी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए लागू हैं)।

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में, पांच राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों अर्थात् गुजरात, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में 774 छात्रों को ₹ 14.38 लाख की राशि की छात्रवृत्ति प्रदान की गई, तथापि वे दो से अधिक छात्रों

वाले परिवारों से थे जो पहले से ही योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्तियों का लाभ उठा रहे थे।

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में, चार राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में, 146 छात्रों को ₹ 8.42 लाख राशि की छात्रवृत्ति प्रदान की गई, तथापि वे दो से अधिक छात्रों वाले परिवारों से थे जिन्हें पहले ही छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही थी। विवरण **अनुलग्नक 2.5** में दिया गया है।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (फरवरी 2025) में बताया कि एनएसपी ने सिस्टम से दोहरे लाभार्थियों को हटाने के लिए 2024-25 से आधार आधारित वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) की प्रणाली शुरू की है। ओटीआर के लिए डाटा सीधे यूआईडीएआई डाटाबेस से प्राप्त किया जाएगा। इसलिए, जब कभी एनएसपी के माध्यम से मंत्रालय की योजनाएं कार्यान्वित की जाती हैं तो यह उन पर भी लागू होगी। इससे ऐसे मामलों पर बड़े पैमाने पर रोक लगेगी। फिर भी राज्यों को यादृच्छिक चयन आधार पर कम से कम पाँच *प्रतिशत* संस्थानों की भौतिक जांच करने हेतु इस मामले से अवगत कराया जाएगा। इस शर्त को योजना दिशानिर्देशों में भी जोड़ा जाएगा।

(iii) माता-पिता/अभिभावक की आय के लिए मानदंड के उल्लंघन में प्रदान की गई छात्रवृत्तियां

योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति का भुगतान उन छात्रों को करना था जिनके माता-पिता/अभिभावक की सभी स्रोतों से आय क्रमश: ₹ 1,00,000 और ₹ 2,00,000 *प्रति वर्ष* से अधिक नहीं थी। छात्रवृत्ति आवेदन के साथ सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त आय प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाना था।

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में, 15 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 1150 छात्रों को ₹ 42.66 लाख की राशि की छात्रवृत्ति प्रदान की गई जबकि उनके माता-पिता/अभिभावक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय ₹ 1.00 लाख से अधिक थी।

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में, नौ राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में उन 42 छात्रों को ₹ 3.38 लाख की राशि की छात्रवृत्ति प्रदान की गई जिनके माता-पिता/अभिभावक की सभी स्रोतों से आय ₹ 2.00 लाख *प्रति* वर्ष से अधिक थी। विवरण **अनुलग्नक 2.6** में दिया गया है।

(iv) बिना आय प्रमाण पत्र/गैर-सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र के आधार पर संवितरित की गई छात्रवृत्तियां

योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश सरकारों में सक्षम प्राधिकारी से जारी छात्र के माता-पिता/अभिभावक का आय प्रमाण-पत्र छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने हेतु अपेक्षित है। सक्षम प्राधिकारी तहसीलदार, राजस्व मंडल अधिकारी उप-प्रभागीय मजिस्ट्रेट, जिला मजिस्ट्रेट या अन्य संबंधित जिला प्राधिकारी हो सकता है।

लेखापरीक्षा ने प्रकट किया कि **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** में, 10 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशो में 2,521 लाभार्थियों ने छात्रवृत्ति का लाभ उठाया जहां आय प्रमाण-पत्र संलग्ल नहीं थे एवं 11 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 1,555 लाभार्थियों ने छात्रवृत्ति का लाभ उठाया जहां संलग्न आय प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया था। कुछ मामलों में, माता-पिता/अभिभावकों द्वारा नोटरीकृत स्व-घोषणाएं या प्रधानाचार्य/स्कूल प्राधिकारियों द्वारा प्रमाण-पत्र दिए गए थे।

इसी प्रकार से, **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** में, तीन राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 355 लाभार्थियों ने छात्रवृत्ति का लाभ उठाया जहां आय प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं थे एवं सात राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 756 लाभार्थियों ने छात्रवृत्ति का लाभ उठाया जहां संलग्न आय प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया था। विवरण **अनुलग्नक 2.7** में दिया गया है।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (फरवरी 2025) में बताया कि ₹50,000/- तक की राशि की छात्रवृत्ति के लिए आय प्रमाण-पत्र को अपलोड करना अनिवार्य नहीं था। मामले पर

भविष्य में सतर्कता बरतने तथा यादृच्छिक रूप से चयनित संस्थानों का भौतिक सत्यापन किए जाने के लिए सभी राज्यों के साथ उठाए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, 2024-25 से एनएसपी पर आधार को अनिवार्य कर दिया गया है जो काफी हद तक ऐसी संभावनाओं को कम करेगा। इसके अतिरिक्त, जैसा लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किया गया कि आय प्रमाण-पत्र को अपलोड करने की आवश्यकता को छात्रों के लिए अनिवार्य बनाए जाने का भी प्रस्ताव है जिसकी यादृच्छिक आधार पर जांच की जाएगी।

(v) स्कूलों/संस्थानों में नामांकित नहीं हुए लाभार्थियों को छात्रवृत्ति

लेखापरीक्षा जांच के रूप में, लेखापरीक्षा दल ने सत्यापन हेतु उन विशेष संस्थान/स्कूल से संबंधित आवेदनों की सूची सहित चयनित संस्थानों/स्कूलों का दौरा किया। कुछ संस्थानों/स्कूलों के प्राधिकारियों ने सूचित किया कि सूची में दिए गए छात्रों के नाम उनके संस्थानों/स्कूलों से नहीं थे। यह अनियमितता **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** में, 22 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में ₹281.80 लाख की छात्रवृत्ति वाले 3,479 ऐसे आवेदकों से संबंधित पाई गई।

इसी प्रकार से, **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** में, 19 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 5,190 आवेदकों में कमी पाई गई जिसमें कुल ₹399.91 लाख की छात्रवृत्ति शामिल थी। विवरण **अनुलग्नक 2.8** में दिया गया है।

कुछ मामलों का अध्ययन- उन संस्थान से छात्रवृत्ति का भुगतान जो एनएसपी पर पंजीकृत नहीं थे

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, स्कूल/संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में संस्थान नोडल अधिकारी (आईनएओ) को उस विशेष स्कूल/संस्थान से आवेदकों से संबंधित आवेदनों के प्रसंस्करण और सत्यापन के लिए एनएसपी पर पंजीकृत होना अपेक्षित है। लेखापरीक्षा के दौरान लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित मामले पाए जो इस प्रणाली में कमी को दर्शाते हैं:

गोवा में, चयनित संस्थानों के दौरे के दौरान, यह सूचित किया गया कि उन 19 लाभार्थियों जिन्हें ₹ 1.66 लाख की छात्रवृत्ति अदा की गई थी, को संस्थान में कभी दाखिला नहीं दिया गया था तथा उस संस्थान में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के अंतर्गत किसी भी आवेदन को संसाधित नहीं किया गया था। यह भी बताया गया कि संस्थान को आईएनओ की भूमिका में एनएसपी पोर्टल के संचालन हेतु कोई यूजर आईडी या पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ था।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई), करनाल के दो लाभार्थियों को 2017-19 के दौरान कुल ₹ 86,100 की छात्रवृत्ति अदा की गई थी। तथापि, संस्थान के फील्ड दौरे के दौरान, एनडीआरआई के प्रबंधन ने बताया कि संस्थान कोई भी पोस्ट-मैट्रिक डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित नहीं कर रहा था तथा लॉगइन क्रेडेंशियल के लिए एनएसपी पोर्टल पर पंजीकरण हेतु कभी आवेदन नहीं किया था। इसके अतिरिक्त, एनडीआरआई द्वारा यह भी पुष्टि की गई थी कि जिन दो लाभार्थियों को छात्रवृत्ति अदा की गई थी, वे एनडीआरआई के नहीं थे।

(vi) गैर-परिचालनात्मक संस्थानों/स्कूलों से छात्रों को छात्रवृत्ति का संवितरण

एनएसपी की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, संस्थान/स्कूल के पास एनएसपी पर पंजीकरण करने से पहले एक मान्य एआईएसएचई/यूडाइस[49] कोड होना चाहिए। मंत्रालय से प्राप्त डाटा के विश्लेषण ने नियंत्रणों में कमी के करण उन स्कूलों से छात्रवृत्ति का लाभ उठा रहे छात्रों के जोखिम को उजागर किया जिन्हें यूडाइस+(पूर्व में यूडाइस के रूप में जाना जाता था) वेबसाइट में "गैर-परिचालनात्मक" के रूप में दर्शाया गया है।

वर्तमान लेखापरीक्षा के दौरान, **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** में, नौ राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में छात्रों के 2,625 आवेदनों को सत्यापित किया गया तथा कुल

---

[49] एआईएसएचई: उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण; यूडाइस: शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली

₹ 238.50 लाख की छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदित की गई जबकि स्कूल/संस्थान जिला शिक्षा प्राधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार गैर-परिचालनात्मक थे।

इसी प्रकार से, **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** में, छः राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेश में छात्रों के 92 आवेदनों को सत्यापित किया गया था तथा कुल ₹ 8.15 लाख की छात्रवृत्ति अनुमोदित की गई थी जबकि जिला शिक्षा प्राधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार स्कूल/संस्थान गैर-परिचालनात्मक थे। विवरण **अनुलग्नक 2.9** में दिए गए हैं।

लेखापरीक्षा ने यह भी पाया कि जुलाई 2022 में राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) तथा मंत्रालय द्वारा छात्रवृत्ति योजनाओं का मूल्यांकन किया गया था। अध्ययन में यह भी पाया गया कि नमूना 1572 स्कूलों/संस्थानों में से 830 स्कूल/संस्थान जाली/गैर-कार्यात्मक पाए गए। इन अध्ययनों के निष्कर्षों के आधार पर, मंत्रालय ने जुलाई 2023 में मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को अग्रेषित किया।

(vii) प्री-मैट्रिक छात्रों को पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान करना

महाराष्ट्र में, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में डाटा तथा राज्य विभाग से प्राप्त स्कूलों के डाटा के विश्लेषण से पता चला कि कुल ₹ 98 लाख की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति उन 1864 छात्रों को संविरित की गई थी जो उन स्कूलों में पढ़ रहे थे जिसमें केवल कक्षा 1 से 10 तक की कक्षाएं थीं।

(viii) बहु-छात्रवृत्तियों का लाभ उठाने वाले लाभार्थी

योजना दिशानिर्देशों के पैरा 11 (xiii) के अनुसार, इन योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे छात्रों को किसी अन्य योजना के अंतर्गत लाभ उठाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, योजना दिशानिर्देशों के पैरा 11 (xiv) के अनुसार, एक छात्र एससी/एसटी/ओबीसी/अल्पसंख्यक के लिए केन्द्र सरकार की सभी उपलब्ध छात्रवृत्तियों में से केवल एक छात्रवृत्ति का ही पात्र होगा।

लेखापरीक्षा जांच से पता चला है कि आठ राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** में, 472 छात्रों ने कुल ₹ 18.04 लाख की बहु-छात्रवृत्तियों का दावा किया। इसी प्रकार 12 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** में 4,794 लाभार्थियों ने कुल ₹ 311.61 लाख की बहु छात्रवृत्तियों का दावा किया। ये बहु-छात्रवृत्ति दावे (i) एक ही योजना के अंतर्गत कई दावे, (ii) कई केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत दावे, तथा (iii) केन्द्र और राज्य सरकार दोनों योजनाओं के अंतर्गत किए गए दावों की श्रेणियों में आते हैं। विवरण **अनुलग्नक 2.10** तथा **अनुलग्नक 2.11** में दिए गए हैं।

प्रतिवेदन के इस भाग (पैरा 2.4.3) में बताए गए सभी लेखापरीक्षा निष्कर्ष, नियंत्रण प्रणालियों की कमियों को दर्शाते हैं विशेष तौर पर आईएनओ के स्तर पर, जो आवेदक की पात्रता के सत्यापन के लिए प्राथमिक नियंत्रण बिंदु है। डीएनओ/एसएनओ/मंत्रालय स्तर पर नियंत्रण में कमी ने भी छात्रवृत्तियों के दुरुपयोग में योगदान दिया। परिणामस्वरूप, अपात्र लाभार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई जिसके परिणामस्वरुप योग्य छात्र लाभ से वंचित रह गए।

मंत्रालय ने अपात्र लाभार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के प्रति अपने उत्तर (अप्रैल 2023 एवं फरवरी 2025) में बताया कि इस मामले को आगे की जांच तथा कार्रवाई के लिए सभी संबंधित राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेश के साथ उठाया जाएगा। राज्यों (मध्य प्रदेश, मणिपुर और राजस्थान) के राज्य/जिला प्राधिकारियों ने बताया कि कुछ मामलों में दोहरे भुगतान की वसूली कर ली गई थी तथा अन्य मामलों में वसूली के संबंध में कार्रवाई की जा रही थी।

मंत्रालय ने अपने बाद के उत्तर (फरवरी 2025) में यह भी बताया कि वर्ष 2022-23 से आधार आधारित बॉयोमैट्रिक प्रमाणीकरण को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, अब सभी छात्रवृत्ति भुगतान आधार भुगतान ब्रिज प्रणाली के माध्यम से डीबीटी मोड के अधीन किए जा रहे हैं। इसलिए, भविष्य में इस तरह की समस्याएं होने की संभावना नहीं हैं। मंत्रालय ने यूडाइस/एआईएसएचई विवरणी की वास्तविक

समय वैधता तथा यथार्थता की जांच हेतु मामले को शिक्षा मंत्रालय के साथ उठाने का भी प्रस्ताव रखा है जो भविष्य में गैर-मौजूदा तथा गैर-परिचालनात्मक संस्थानों को हटा देगा।

मंत्रालय को नियंत्रण जोखिमों की समीक्षा करने तथा अपात्र आवेदकों को योजनाओं का लाभ लेने से रोकने के लिए तंत्र स्थापित/मजबूत करने की आवश्यकता है।

2.12.4.3 छात्रवृत्ति का अधिक/कम भुगतान

(i) छात्रवृत्तियों का अधिक भुगतान

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, एक वर्ष में, कक्षा I-V के छात्र ₹1000[50] की छात्रवृत्ति प्राप्त करने के पात्र थे; तथा कक्षा VI-X के लिए अनिवासी छात्र ₹ 5,700 एवं छात्रावासी छात्र ₹ 10,700[51] प्राप्त कर सकते थे। तथापि, ये वास्तविक भुगतान के अधीन थे। इसलिए, उन स्कूलों के छात्र जहां शिक्षा शुल्क या दाखिला शुल्क नहीं लिया जाता था, छात्रवृत्ति के भाग के रूप में इसकी प्रतिपूर्ति के पात्र नहीं थे। यह पाया गया था कि चार राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में, 2,854 छात्रों को कुल ₹ 90.74 लाख की छात्रवृत्ति का अधिक भुगतान किया गया था। विवरण **अनुलग्नक 2.12** में दिए गए हैं। अधिक भुगतान के कारण निम्नवत थे:-

क) सरकारी स्कूलों जहां दाखिला शुल्क एवं ट्यूशन शुल्क नहीं लिया जाता था, में दाखिला शुल्क एवं शिक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति और/या

ख) स्वीकार्य भत्ते से अधिक दाखिला शुल्क/ट्यूशन शुल्क/अनुरक्षण भत्तों की प्रतिपूर्ति।

इसी प्रकार से, **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** के लिए योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, छात्रवृत्ति के घटक जैसे कि दाखिला शुल्क/अनुरक्षण शुल्क तथा अनुरक्षण

---

50 केवल अनुरक्षण भत्ता

51 प्रवेश शुल्क, ट्यूशन शुल्क और अनुरक्षण भत्ता सहित

भत्ते को लिए गए पाठ्यक्रम और छात्र के छात्रावासी/अनिवासी होने के आधार पर सीमित किया गया था। तथापि, ये वास्तविक भुगतान के अधीन भी थे। दाखिला शुल्क/ट्यूशन शुल्क की राशि प्रत्येक राज्य में अलग-अलग थी। कुछ राज्यों में, दाखिला शुल्क/ट्यूशन शुल्क सरकारी स्कूलों/संस्थानों में देय नहीं थे। फील्ड लेखापरीक्षा के दौरान यह पाया गया था कि नौ राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 7,883 छात्रों को कुल ₹ 302.15 लाख (विवरण **अनुलग्नक 2.12** में दिए गए हैं) की अधिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया। स्वीकार्य भत्ते से अधिक दाखिला शुल्क/ट्यूशन शुल्क/अनुरक्षण भत्ते की प्रतिपूर्ति अधिक भुगतान के कारण थे।

स्टैन्डअलोन आधार पर, छात्रवृत्ति भुगतान के डाटा के विश्लेषण ने आगे छात्रवृत्ति राशि को स्वीकार्य राशि तक सीमित न करने के कारण अधिक भुगतान को प्रकट किया। मणिपुर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों में **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** के अंतर्गत 44,089 छात्रों को ₹ 946.50 लाख तथा महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल[52] राज्यों में **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** के अंतर्गत 42,598 छात्रों को ₹ 737.25 लाख का अधिक भुगतान परिकलित किया गया।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (फरवरी 2025) में बताया कि वह किसी भी अधिक भुगतान से बचने के लिए अनिवासी/छात्रावासियों तथा ट्यूशन शुल्क एवं अनुरक्षण भत्ते हेतु वर्तमान परिवर्तनीय दरों को सम्मिलित करके निर्धारित दरों पर छात्रवृत्ति की राशि का संशोधन करने का प्रस्ताव करता है।

(ii) पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति का कम भुगतान

चार राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में, 636 छात्रों को अनुरक्षण भत्ता एवं ट्यूशन शुल्क आदि के कम भुगतान के कारण उनकी पात्रता से कुल ₹ 17.81 लाख की छात्रवृत्ति का कम भुगतान किया गया था। विवरण **अनुलग्नक 2.13** में दिए गए हैं।

---

52 ये राज्य पूर्ववर्ती पैराग्राफ में फील्ड लेखापरीक्षा पर आधारित लेखापरीक्षा निष्कर्षों में शामिल नहीं हैं।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (फरवरी 2025) में बताया कि कम भुगतान के मामलों को नोट कर लिया गया है तथा तद्नुसार, मंत्रालय निर्धारित दरों पर छात्रवृत्तियों की राशि के संशोधन का प्रस्ताव करता है जो ऐसे अवसरों की पुनरावृत्ति को रोकेगा।

(iii) अनुरक्षण भत्ते का अनियमित संवितरण

प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में ऐसे मामले पाए गए जिनमें अनिवासी छात्रों को छात्रावासियों के लिए लागू दर पर अनुरक्षण भत्ते का भुगतान किया गया।

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में, नौ राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 1,930 छात्रों, जो उन स्कूलों/संस्थानों में पढ़ रहे थे जहां छात्रावास की सुविधा नहीं थी या फिर अनिवासी थे, को छात्रावासियों को देय बढ़ी हुई दर (₹ 600 प्रति माह) पर कुल ₹ 101.90 लाख का अनुरक्षण भत्ता अदा किया गया।

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में, अनुरक्षण भत्ता छात्रावासी के लिए ₹ 380 प्रति माह तथा अनिवासी के लिए ₹ 230 प्रति माह निर्धारित किया गया है। तथापि, सात राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में, 5,054 लाभार्थियों ने उन मामलों में, जहां संस्थान में छात्रावास की सुविधा नहीं थी या जब लाभार्थी अनिवासी छात्र थे, उच्च दर पर कुल ₹ 169 लाख के अनुरक्षण भत्ते का लाभ उठाया जिसके परिणामस्वरूप लाभार्थियों को अधिक भुगतान में हुआ। विवरण **अनुलग्नक 2.14** में दिए गए है।

ये लेखापरीक्षा निष्कर्ष आगे लाभार्थी की पात्रता स्थापित करने में आईएनओ/डीएनओ स्तर पर की गई जांचों तथा साथ ही छात्रवृत्ति राशि को अधिकतम लागू सीमा तक सीमित करने में एनएसपी पोर्टल में स्थापित नियंत्रणों में कमियों की भी पुष्टि करते हैं।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (अप्रैल 2023) में बताया कि आगे के सत्यापन और कार्रवाई के लिए मामले को सभी संबंधित राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ

उठाया जाएगा। कुछ स्कूल प्राधिकारियों (आंध्र प्रदेश आदि) ने बताया कि वे योजना के दिशानिर्देशों से अवगत नहीं थे इसलिए अधिक भुगतान हुआ।

मंत्रालय ने अपने बाद के उत्तर (फरवरी 2025) में बताया कि वह 2021-22 तक स्वीकार्य सभी दरों को सम्मिलित करने के पश्चात भविष्य में निर्धारित दरों पर छात्रवृत्तियों की राशि का संशोधन करने का प्रस्ताव करता है।

मंत्रालय नियंत्रण जोखिमों की समीक्षा करे तथा अधिक भुगतान एवं अन्य अस्वीकार्य भुगतानों की जांच के लिए तंत्र को मजबूत करे।

2.12.4.4 शिकायत निवारण तंत्र

छात्रवृत्तियों के प्रभावी और समयोचित संवितरण के लिए, लाभार्थियों को उनकी शिकायतों का समयोचित ढंग से निवारण का अवसर प्रदान करने हेतु एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र का होना अनिवार्य था। लेखापरीक्षा ने पाया कि योजना दिशानिर्देशों में केन्द्र और राज्य दोनों स्तरों पर शिकायतों के प्रबंधन एवं ऐसी शिकायतों के निवारण के लिए कोई तंत्र निर्दिष्ट नहीं किया गया है।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (फरवरी 2025) में बताया कि उसे मंत्रालय की समर्पित ई-मेल आईडी, टेलीफोन तथा लोक शिकायत पोर्टल के माध्यम से छात्रों, आईएनओ, डीएनओ तथा राज्यों से सीधे बड़ी संख्या में शिकायतें/मुद्दे प्राप्त होते है। उपलब्ध सूचना के आधार पर उन सभी की जांच की जाती है तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि हेतु तुरंत उत्तर दिया जाता है।

चूंकि राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में योजनाओं का कार्यान्वयन आईएनओ/डीएनओ/ एसएनओ के पास है इसलिए राज्य स्तर पर शिकायत निवारण तंत्र का सृजन आगे से स्थानीय स्तर पर लाभार्थियों को अपने मुद्दों का समयोचित ढंग से निवारण करने में मदद करेगा।

मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर पर शिकायत निवारण की निगरानी के लिए समर्पित तंत्र स्थापित करे कि शिकायतों का उचित निवारण किया गया है।

2.12.4.5 योजनाओं की निगरानी हेतु निरीक्षण तंत्र/आंतरिक नियंत्रण

योजना दिशानिर्देश मंत्रालय/राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा मूल्यांकन और निगरानी करने, निगरानी एवं पारदर्शिता हेतु राज्यों द्वारा लाभार्थियों के डाटाबेस के रखरखाव का प्रावधान करते हैं। लेखापरीक्षा ने जांच की कि क्या योजना के लिए निर्धारित निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली प्रभावी थी।

लेखापरीक्षा ने पाया कि एनएसपी पोर्टल के माध्यम से निगरानी करने के अतिरिक्त योजना की निगरानी की कोई अन्य प्रणाली नहीं थी। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी पर एकमात्र निर्भरता का परिणाम छात्रवृत्तियों के संवितरण में विभिन्न अनियमितताओं में हुआ है जैसा कि इस प्रतिवेदन में उजागर किया गया है। यह लाभार्थी सत्यापन के स्तर पर योजनाओं के लिए कमजोर नियंत्रण तंत्र का सूचक था। योजनाओं की प्रगति के सत्यापन हेतु आंतरिक लेखापरीक्षा की प्रणाली के बारे में पूछे जाने पर, मंत्रालय ने बताया कि कोई विशिष्ट आंतरिक लेखापरीक्षा तंत्र नहीं था। मंत्रालय ने यह भी बताया कि एनएसपी एक विकसित हो रहा प्लेटफार्म है तथा छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यान्वयन को और अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाने के लिए 2019-20 में कुछ कदम उठाए गए थे। जिसमें आधार अपवाद प्रबंधन, एनएसपी के साथ मान्य एआईएसएचई/यूडाइस/एनसीवीईटी/एसीवीटी कोड सहित संस्थानों के नए पंजीकरण, संस्थानों के केवाईसी का सत्यापन आदि जैसी जांच शामिल थीं।

तथापि, लेखापरीक्षा ने पाया कि ये जांच अपर्याप्त पाई गई थी क्योंकि योजनाओं के कार्यान्वयन में अनिमितताएं थी जैसा कि इस प्रतिवेदन तथा एनसीएईआर द्वारा किए गए तृतीय पक्ष मूल्यांकन में चर्चा की गई है। डीएनओ/एसएनओ स्तर पर आवेदनों की स्वतंत्र जांच और क्रास सत्यापन के दूसरे स्तर का आंतरिक नियंत्रण तंत्र कमजोर था। योजनाओं के पैमाने को देखते हुए तथा आईएनओ/डीएनओ/एसएनओ द्वारा दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन में कमियों ने योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को प्रभावित किया।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (फरवरी 2025) में बताया कि कार्यालय ज्ञापन (नवम्बर 2020) जारी किया गया था जिसमें सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को दो *प्रतिशत* आवेदनों का अनिवार्य रुप से भौतिक सत्यापन करने की सलाह दी गई है। मंत्रालय भी जब कभी आवश्यक हो, संस्थानों/आवेदकों/लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन भी करता है। इस संबंध में, एनएसपी/मंत्रालय द्वारा दर्शाए गई कमी के आधार पर यादृच्छिक आधार पर चयनित संस्थानों का हाल ही में मंत्रालय से दलों ने भौतिक जांच हेतु सभी पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा किया तथा इसके निष्कर्षों को संबंधित राज्यों के साथ, जहां कहीं अपेक्षित हो, अनुशासनात्मक/अपराधिक कार्रवाई करने के लिए साझा किया।

मंत्रालय कई स्तरों पर मजबूत आंतरिक लेखापरीक्षा, भौतिक सत्यापन तंत्र का प्रावधान करके नियंत्रण तंत्र को सुदृढ़ करे ताकि छात्रवृत्ति के संवितरण में अनियमितताओं को कम किया जा सके तथा प्रत्याशित लाभार्थियों द्वारा लाभ उठाया जा सके।

2.12.5 निष्कर्ष

अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक योजनाओं की लेखापरीक्षा में योजनाओं के कार्यान्वयन और निगरानी को नियंत्रित करने वाले आंतरिक नियंत्रण में कमियों की पहचान की गई है।

वर्ष 2017-2022 के बीच, योजनाओं के लिए बजट आवंटन का उपयोग किया गया था जो योजनाओं की सफलता को दर्शाता है। इस योजना का लाभ अधिकतर छात्राओं द्वारा उठाया गया था।

वर्ष 2020-21 से 2022-23 के संस्वीकृति आदेशों की नमूना जांच पर, लेखापरीक्षा ने पाया कि किसी विशेष वित्तीय वर्ष के छात्रवृत्ति भुगतान की एक बड़ी राशि आगामी वित्तीय वर्षों में खर्च की गई जो छात्रवृत्ति के प्रतिपूर्ति आधार पर होने के बावजूद, इसके भुगतान में विलंब को दर्शाता है। मंत्रालय के पास किसी विशेष लाभार्थी को छात्रवृत्तियों के संवितरण में निगरानी एवं विलम्ब का आकलन करने

का कोई तंत्र नहीं था। इससे समुदाय के आर्थिक रुप से पिछड़े लाभार्थी को समायोचित वित्तीय सहायता प्रदान करने का उद्देश्य विफल हुआ।

आईएनओ पर आवेदनों को संसाधित करने, डीएनओ/एसएनओ स्तरों पर अनिवार्य भौतिक जांच करने में विसंगतियां तथा अपात्र आवेदनों को छाँटने के लिए एनएसपी में अपर्याप्त नियंत्रण न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त किए बिना छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने; माता-पिता की सीमा-रेखा से अधिक आय; परिवार के दो से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति संवितरित करने; तथा उन लाभार्थियो, जो संस्थान/स्कूल में नामांकित नहीं थे, द्वारा छात्रवृत्ति आहरण के मामलों का कारण बना। नियंत्रण में कमियों के परिणामस्वरुप योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली प्रत्याशित सहायता कुछ पात्र छात्रों की पहुंच से बाहर हो गई।

दस्तावेजों के सत्यापन के माध्यम से योजनाओं के अंतर्गत आवेदकों की पात्रता एवं हकदारी स्थापित करने के महत्वपूर्ण नियंत्रण संस्थान/जिला/राज्य प्राधिकारियों के पास है। संस्थान/राज्य स्तर पर की गई जांच में जोखिमों एवं कमियों को इस लेखापरीक्षा द्वारा उजागर किया गया है। इन जोखिमों तथा कमियों को पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण तंत्र जैसे कि क्रॉस जांच की मजबूत प्रणालियों, कई चरणों एवं स्तरों पर सत्यापन/मान्यकरण, आंतरिक लेखापरीक्षा तथा भौतिक सत्यापन तंत्रों को स्थापित करके दूर किए जाने की आवश्यकता है।

लेखापरीक्षा निष्कर्षों से सहमत होते हुए मंत्रालय (फरवरी 2025) ने सूचित किया कि इसने योजना कार्यान्वयन में कई सुधारों का प्रस्ताव किया है जो व्यय वित्त समिति (ईएफसी)/सक्षम प्राधिकारी के विचाराधीन है। संशोधित योजनाओं में मंत्रालय ने प्रणालीगत सुधारों का प्रस्ताव किया है तथा लेखापरीक्षा निष्कर्षों में उजागर मामलों का निपटान करने हेतु शोधक उपाय किए हैं। इन प्रणालीगत सुधारों/शोधक उपायों में आवेदकों तथा छात्रवृत्ति के आवेदनों की जांच करने वाले प्राधिकारियों का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण शामिल है। वर्ष 2022-23 से, प्रतिबद्ध देयताओं/नवीकरण छात्रवृत्तियों का भुगतान आधार भुगतान ब्रिज प्रणाली (एपीबीएस) के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के अधीन किया जा रहा

है। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) ने 2024-25 से आधार आधारित एक बार पंजीकरण (ओटीआर) की प्रणाली शुरू की है। इससे दोहरे लाभार्थियों पर बड़े पैमाने पर रोक लगेगी। एनएसपी-एनआईसी भविष्य में लाभार्थियों को छात्रवृत्तियों के दोहरे भुगतान से बचने के लिए एनएसपी पर उनके भुगतान को समर्थ बनाने से पहले लाभार्थियों के दोहराव को समाप्त करने के लिए डाटा एक्सचेंज विकसित कर रहा है। जिला/राज्य नोडल अधिकारी के साथ-साथ मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा यादृच्छिक रूप से चयनित संस्थानों की भौतिक जांच की प्रक्रिया मंत्रालय द्वारा प्रारम्भ कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय यह भी विचार कर रहा है:

1. अनिवासी/छात्रावासियों तथा शिक्षा शुल्क एवं अनुरक्षण भत्ते हेतु मौजूदा परिवर्तनीय दरों को सम्मिलित करके निर्धारित दरों पर छात्रवृत्तियों की राशि का संशोधन करना।
2. नवीकरण लाभार्थियों हेतु 50 *प्रतिशत* अंक की आवश्यकता को समाप्त करना।
3. शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुरक्षित डाटाबेस से वास्तविक समय वैधता के माध्यम से संस्थानों की यथार्थता की जांच करना जो गैर-मौजूदा तथा गैर-संचालित संस्थानों को हटा देगी।
4. छात्रवृत्तियों का गैर-अनुमोदित पाठ्यक्रमों हेतु संवितरण किए जाने से बचने के लिए प्रत्येक संस्थान हेतु पाठ्यक्रम/कक्षा को जोड़ने की प्रक्रिया का संशोधन करना।
5. आय प्रमाण-पत्र को अपलोड करने की आवश्यकता को अनिवार्य बनाना जिसकी यादृच्छिक आधार पर जांच की जाएगी।
6. आईएनओ के पंजीकरण की प्रक्रिया का संशोधन करने हेतु डीबीटी मिशन तथा एनएसपी-एनआईसी दलों के साथ मामला उठाना ताकि एनएसपी पर स्वयं पंजीकरण करने वाले फर्जी आईएनओ से बचा जा सके।

छात्रवृत्तियों के संवितरण की दक्षता को सुधारने हेतु मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित शोधक कार्रवाई ध्यान देने योग्य है। तथापि, संशोधित योजना दिशानिर्देशों के

अंतर्गत इनका कार्यान्वयन होने के बाद ही उनकी दक्षता की जांच की जा सकती है।

(VI) पंचायती राज मंत्रालय

पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि

2.13 राज्यों द्वारा अव्ययित अनुदान को वापस न करना

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि कार्यक्रम के संबंध में जारी अनुदानों के उपयोग की निगरानी करने में विफलता के परिणामस्वरुप सितंबर 2023 तक कुल ₹ 903.42 करोड़ का अप्रयुक्त अनुदान वापस नहीं किया गया।

पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) ने 2006-07 से 2014-15 की अवधि के दौरान पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बीआरजीएफ) कार्यक्रम (जिला संघटक) को कार्यान्वित कर रहा था। बीआरजीएफ ने स्थानीय अवसंरचना तथा अन्य विकास आवश्यकताओं में महत्वपूर्ण अंतरालों को समाप्त करने हेतु मौजूदा विकासात्मक अंतर्वाह को चयनित जिलों में पूरक एवं अभिसरण करने हेतु वित्तीय संसाधन प्रदान किया। 2015-16 से बीआरजीएफ कार्यक्रम को केन्द्र सरकार की बजटीय सहायता से अलग कर दिया गया था।

बीआरजीएफ कार्यक्रम दिशानिर्देशों के पैरा 4.8 तथा 4.9 के अंतर्गत प्रावधान ने अभिकल्पना की कि बीआरजीएफ निधियों को संबंधित पंचायतों द्वारा एक राष्ट्रीयकृत बैंक या डाक-घर बैंक खाते में रखा जाएगा तथा जमा राशियों पर अर्जित ब्याज राशि को बीआरजीएफ के अधीन अतिरिक्त संसाधनों के रूप में माना जाना था तथा इसका कार्यक्रम के दिशानिर्देशों के अनुसार उपयोग किया जाना था।

पंचायती राज मंत्रालय ने 2007 से 2015 तक की अवधि के दौरान 28 राज्यों[53] को बीआरजीएफ कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु कुल ₹ 27,638.12 करोड़ का सहायता

53 जम्मू और कश्मीर राज्य अब एक केन्द्र शासित प्रदेश है।

अनुदान जारी किया। तथापि, 2015-16 से केन्द्र सरकार की बजटीय सहायता से बीआरजीएफ योजना को अलग करने तथा कार्यक्रम को राज्य के संसाधनों से चलाने के लिए राज्यों को उसके स्थानांतरण पर, पंचायती राज मंत्रालय ने सभी राज्यों से वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बीआरजीएफ कार्यक्रम के अधीन सभी देयताओं का निपटान करने का अनुरोध किया।

मार्च 2015 तक, राज्यों से केवल कुल ₹ 22,971.82 करोड़ के उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) प्राप्त हुए जिससे राज्यों के पास ₹ 4,666.30 करोड़ की राशि उपयोग हेतु लंबित रह गई।

बाद में, मार्च 2015 से सितम्बर 2023 तक की अवधि के दौरान ₹ 4,666.30 करोड़ में से राज्यों से आगे कुल ₹ 3,341.32 करोड़ के यूसी प्राप्त हुए तथा ₹ 421.56 करोड़ वापस किए गए थे जिससें 17 राज्यों के पास अभी भी ₹ 903.42 करोड़ के अव्ययित अनुदान पड़ा हैं जैसा **अनुलग्नक 2.15** में विवरण दिया गया है।

यह पाया गया था कि पंचायती राज मंत्रालय ने राज्यों द्वारा वापसी योग्य होने से इन अव्ययित शेष पर अर्जित ब्याज का संज्ञान नहीं लिया था जो उनकी ओर से त्रुटिपूर्ण निगरानी का सूचक था।

मामला अध्ययन

मंत्रालय में निगरानी की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने हेतु ओडिशा राज्य सरकार (एसजीओओ) के संबंध में जारी निधियों के एक अध्ययन ने निम्नलिखित उजागर किया:

बीआरजीएफ कार्यक्रम में दो वित्तपोषण विन्डो थीं (i) विकास अनुदान, तथा (ii) क्षमता निर्माण निधि। 31 मार्च 2015 तक बीआरजीएफ (विकास अनुदान तथा क्षमता निर्माण निधि) के अंतर्गत एसजीओओ को संचयी निर्गम ₹ 2149.42 करोड़ था। सितंबर 2023 को, एसजीओओ के पास पड़ा अव्ययित शेष विकास अनुदान के अंतर्गत ₹ 61.55 करोड़ तथा क्षमता निर्माण निधि के अंतर्गत 'शून्य' था।

अभिलेखों की संवीक्षा पर यह देखा गया था कि एसजीओओ ने बीआरजीएफ क्षमता निर्माण के अंतर्गत ₹ 20.00 करोड़ के वार्षिक आवंटन हेतु वर्ष 2014-15 के लिए एक

अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की। पंचायती राज मंत्रालय ने योजना को अनुमोदित किया तथा ₹ 18.00 करोड़ अर्थात् अनुमोदित योजना का 90 प्रतिशत संस्वीकृत किया। तदनुसार, पंचायती राज मंत्रालय ने राज्य के पास पड़े ₹ 6.39 करोड़ की शेष राशि को ध्यान में रखते हुए सितंबर 2014 में ₹ 11.61 करोड़ जारी किए। बीआरजीएफ को बजटीय सहायता से अलग करने के पश्चात, पंचायती राज मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बीआरजीएफ कार्यक्रम के अंतर्गत सभी देयताओं का निपटान करने का अनुरोध किया। बाद में एसजीओओ ने 06 जुलाई 2019 को पंचायती राज मंत्रालय को ₹ 18.00 करोड़ की सहायता अनुदान की पूर्ण राशि को वापस कर दिया। तथापि, यह पाया गया था कि पंचायती राज मंत्रालय ने इस अवधि के लिए ₹ 18 करोड़ के सहायता अनुदान पर अर्जित ब्याज की मांग नहीं की थी जिसके परिणामस्वरुप अप्रयुक्त सहायता अनुदान पर ₹ 2.07 करोड़[54] के ब्याज की अनुमानित हानि हुई।

फरवरी 2021/फरवरी 2022 में इसे इंगित किए जाने पर, पंचायती राज मंत्रालय ने बताया (फरवरी 2021/मई 2022) कि राज्यों/जिलों ने बीआरजीएफ कार्यक्रम को अलग करने के पश्चात उनके पास उपलब्ध निधियों पर ब्याज के संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई थी। आगे यह भी बताया गया था कि बीआरजीएफ कार्यान्वयन के दौरान राज्यों को जारी निधियों की वास्तविक राशि को ही राज्यों के प्रति बकाया के रूप में माना गया था।

पंचायती राज मंत्रालय ने आगे बताया (फरवरी 2023/नवम्बर 2023) कि बीआरजीएफ कार्यक्रम के अंतर्गत जारी अव्ययित निधियों की निगरानी एवं वसूली हेतु उनकी ओर से कई प्रयास किए गए थे। राज्यों के पास देयताओं/लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्रों (यूसी) के निपटान हेतु सख्त अनुवर्ती कार्रवाई की गई थी जिस कारण राज्य सरकारों के पास पड़े शेष सितम्बर 2023 तक ₹ 4,666.30 करोड़ से घटकर ₹ 903.42 करोड़ हो गई है।

---

[54] 51 महीनों (अप्रैल 2015 से जून 2019 तक) के लिए ₹ 18.00 करोड़ पर 2.70 *प्रतिशत* की न्यूनतम ब्याज दर पर परिकलित

मंत्रालय के उत्तर को इस तथ्य के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए कि योजना के समापन के पश्चात अव्ययित शेष की समय पर वसूली की जिम्मेदारी मंत्रालय की है। वर्तमान मामले में, ₹ 903.42 करोड़ 8 वर्षों (2015-16 से) के बीत जाने के पश्चात भी बिना वसूल किए रहे। इसके अतिरिक्त, योजना दिशानिर्देशों के अनुसार निधियों पर अर्जित ब्याज को अतिरिक्त संसाधन के रुप में माना जाना था तथा इसका उपयोग योजना के लिए किया जाना था। इसके परिणामस्वरूप तथा वित्तीय विवेक के आधार पर मंत्रालय को अव्ययित निधियों पर अर्जित ब्याज की भी वसूली करनी चाहिए।

इस प्रकार, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विभिन्न राज्यों को जारी अनुदानों के उपयोग की त्रुटिपूर्ण निगरानी विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा कुल ₹ 903.42 करोड़ की निधियों तथा उस पर कुल ₹ 207.33[55] करोड़ के ब्याज को वापस न करने का कारण बनी। इसके अतिरिक्त, उन मामलों में, जहाँ सहायता अनुदान को पूरी तरह से वापस कर दिया गया था, अर्जित ब्याज घटक को न तो परिकलित किया गया था और न ही राज्यों के साथ लेखाओं के निपटान से पहले इस मामले पर सुविचारित निर्णय के लिए मांग की गई थी। पंचायती राज मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों मूल एवं ब्याज राशियों से संबंधित अप्रयुक्त राशियों की उचित प्रकार से वसूली की गई है, अपने आंतरिक नियंत्रण तथा निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

---

55 अप्रैल 2015 से सितंबर 2023 (आठ वर्ष और छः महीने या 102 महीने) तक ₹ 903.42 करोड़ की अप्रयुक्त अनुदान पर ₹ 2.70 *प्रतिशत प्रति वर्ष* के बचत बैंक ब्याज की रूढ़िवादी दर पर परिकलित।

अध्याय-III

विधायिका रहित केन्द्र शासित प्रदेश

इस अध्याय में व्यय से संबंधित छः लेखापरीक्षा पैराग्राफ तथा राजस्व से संबंधित एक लेखापरीक्षा पैराग्राफ शामिल है। यह लेखापरीक्षा निष्कर्ष पाँच केन्द्र शासित प्रदेशों से संबंधित है।

(क) व्यय

केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह

अंडमान लोक निर्माण विभाग

3.1 एमपीलैड्स[56] के अंतर्गत इंडोर स्पोर्ट्स हॉल के निर्माण पर ₹ 62.61 लाख का निष्फल व्यय

सड़क निर्माण प्रभाग, अंडमान लोक निर्माण विभाग, विम्बर्लीगंज ने सांसद और जिला प्राधिकरण की सहमति के बिना कार्य के दायरे और आवश्यकता में पर्याप्त परिवर्तन किए जिसके परिणामस्वरूप संस्वीकृत राशि कार्य पूरा होने से पहले ही समाप्त हो गई। ₹ 62.61 लाख का व्यय करने के बाद कार्य बंद कर दिया गया जिससे व्यय निष्फल हो गया।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) निर्माण कार्य मैनुअल 2014 के पैरा 4.2 में बताया गया है कि विस्तृत अनुमान और ड्राइंग तथा डिजाइन की तैयारी प्रस्ताव प्रायोजित करने वाले विभाग/मंत्रालय से आश्वासन प्राप्त करने के बाद ही की जानी चाहिए; कि साइट उपलब्ध है तथा उस पर कोई बाधा नहीं है अथवा उपयुक्त समय के भीतर उपलब्ध कराए जाने की संभावना है। सीपीडब्ल्यूडी मैनुअल के पैरा 2.3.4 में बताया गया है कि "ऐसे महत्वपूर्ण विचलन जो मूल संस्वीकृति से कार्य के दायरे को महत्वपूर्ण रूप से बदल देते हैं उन्हें उस प्राधिकारी की अनुमोदित

[56] सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाएँ

मंजूरी के बिना नहीं किया जाना चाहिए जिसने कार्य को प्रशासनिक अनुमोदन दिया है भले ही उसकी लागत को अन्य मदों पर बचत से पूरा किया जा सकता है"। सीपीडब्ल्यूडी निर्माण कार्य मैनुअल के पैरा 4.6 में आगे बताया गया है कि जब भी संस्वीकृत अनुमान से अधिक अनुमेय विचलन की संभावना हो और संशोधित अनुमान की तैयारी में अपरिहार्य विलम्ब होने की संभावना हो तो परिस्थितियों की तत्काल रिपोर्ट संस्वीकृति देने वाले प्राधिकारी को दी जानी चाहिए।

एमपीलैड्स के अंतर्गत दक्षिण अंडमान के मन्नारघाट ग्राम पंचायत के अंतर्गत मन्नारघाट गांव में "स्पोर्ट्स मिनी इंडोर हॉल का निर्माण" का कार्य सड़क निर्माण प्रभाग (आरसीडी), अंडमान लोक निर्माण विभाग (एपीडब्ल्यूडी), विम्बर्लीगंज द्वारा प्रारम्भ किया गया था जैसी तत्कालीन सांसद द्वारा सिफारिश की गई थी।

तदनुसार, प्रभाग ने प्रस्तावित साईट पर निर्माण के लिए पहले से तैयार अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य[57] के साइट प्लान और वास्तुशिल्प चित्रों के आधार पर ₹ 65.09 लाख (मई 2018) का प्रारंभिक अनुमान तैयार किया। उपायुक्त, दक्षिण अंडमान द्वारा ₹ 64.70 लाख (मई 2018) की अनुमानित लागत के लिए प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय संस्वीकृति प्रदान की गई। कार्यकारी अभियंता, आरसीडी द्वारा ₹ 63.57 लाख (मई 2018) की तकनीकी संस्वीकृति प्रदान की गई। ₹ 65.16 लाख की निविदा लागत पर कार्य सौंपा[58] गया (जुलाई 2018) जिसमें कार्य के प्रारंभ और समापन की निर्धारित तिथियाँ क्रमशः 17 अगस्त 2018 और 16 जून 2019 थी। जुलाई 2018 में कार्य सौंपे जाने के बाद प्रभाग द्वारा मूल साइट को बदल दिया गया (सितंबर 2018)।

---

[57] अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय का एक अधीनस्थ कार्यालय है, जिसका कार्य अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में संबद्ध सुविधाओं सहित पत्तन एनं बंदरगाह संरचनाएं प्रदान करना है।

[58] श्री ए. पलानी, सरकारी ठेकेदार अनुबंध संख्या 18/ईई/आरसीडी/2018-19

लेखापरीक्षा में पाया गया कि प्रभाग ने नई साइट पर निर्माण के लिए कोई भी प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किए बिना एक परामर्शदाता (अगस्त 2018) को नई साइट के लिए संरचनात्मक चित्र तैयार करने का कार्य सौंपा।

प्रभाग ने नए संरचनात्मक डिजाइन के आधार पर मात्राओं का अनुमान लगाते समय उपयोग की जाने वाली मात्राओं में मूल अनुमान से महत्वपूर्ण विचलन पाया। कार्य के दायरे में पर्याप्त बदलाव के बावजूद प्रभाग उचित समय के भीतर संशोधित अनुमान तैयार करने तथा उपायुक्त, दक्षिण अंडमान या ग्राहक विभाग को परिस्थितियों की सूचना देने में विफल रहा। प्रभाग ने ठेकेदार को ₹ 62.61 लाख की राशि का भुगतान किया जिसमें विचलित मदों और अतिरिक्त मदों (जुलाई 2020 तक) के लिए ₹ 41.64 लाख[59] की राशि शामिल थी जिसके परिणामस्वरूप इस कार्य के लिए मूल रूप से संस्वीकृत ₹ 63.57 लाख की राशि कार्य पूरा होने से पहले ही समाप्त हो गई। बाद में, विभाग ने शेष कार्य को निष्पादित करने के लिए कुल ₹ 96.78 लाख (सितंबर 2021) का संशोधित अनुमान तैयार किया। संशोधित अनुमान संस्वीकृत नहीं किया गया तथा उपायुक्त, दक्षिण अंडमान ने प्रभाग को कार्य बंद करने (अक्टूबर 2021) तथा अपूर्ण संरचना पंचायत सचिव, मन्नारघाट ग्राम पंचायत को सौंपने का निर्देश दिया। तदनुसार, कार्य बंद कर दिया गया (दिसंबर 2021) तथा अपूर्ण संरचना सौंप दी गई (फरवरी 2022)।

इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यकारी अभियंता आरसीडी, एपीडब्ल्यूडी, विम्बर्लीगंज को अनुमान की मंजूरी के बाद साइट के परिवर्तन, माननीय सांसद एवं जिला प्राधिकरण की सहमति के बिना अतिरिक्त मदों के निष्पादन, संस्वीकृति के लिए अपूर्ण अनुमान तैयार करने, अनुमान की संस्वीकृति के बाद बिल्डिंग के डिज़ाइन में बदलाव करने आदि के कारण से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया (दिसंबर 2021)।

---

59 एई/ईई/एसई द्वारा उनकी प्रत्यायोजित वित्तीय शक्तियों के अनुसार संस्वीकृत।

प्रभाग ने लेखापरीक्षा पैरा (अक्टूबर 2023) के उत्तर में बताया कि मूल अनुमान तैयार किया गया था और भूमि का कब्ज़ा प्राप्त किए बिना संस्वीकृति प्राप्त की गई थी।

यह सीपीडब्लूडी निर्माण कार्य मैनुअल के पैरा 4.2 के प्रावधानों का उल्लंघन है जिसमें बताया गया है कि विस्तृत अनुमानों की तैयारी केवल संबंधित विभाग से आश्वासन प्राप्त करने के पश्चात ही की जानी चाहिए कि साइट उपलब्ध है या उचित समय के भीतर उपलब्ध करा दी जाएगी।

इस प्रकार, कार्य शुरू होने और मन्नारघाट ग्राम पंचायत को अपूर्ण संरचना सौंपने के लगभग पांच वर्षों के पश्चात भी कार्य अभी भी अपूर्ण था (सितंबर 2023) जिससे ₹ 62.61 लाख का व्यय निष्फल हो गया।

मामला नवंबर 2023 में गृह मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

कार्यालय श्रम आयुक्त, पोर्ट ब्लेयर

3.2 मृत कर्मचारियों के आश्रितों को कुल ₹ 33.90 लाख के मुआवजे का कम भुगतान

कार्यालय श्रम आयुक्त, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर द्वारा कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 के अंतर्गत मृत कर्मचारियों के आश्रितों को देय मुआवज़ा के गलत परिकलन का परिणाम पांच कर्मचारियों के मामले में कुल ₹ 26.81 लाख के मुआवज़ा तथा उस पर ₹ 7.09 लाख की सीमा तक के ब्याज के कम भुगतान में हुआ।

कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 की धारा 3 प्रावधान करती है कि यदि कर्मचारी को उसके रोजगार के दौरान दुर्घटना से कोई भी चोट लगती है तो उसका नियोक्ता इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मुआवजा अदा करने का उत्तरदायी होगा।

इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 4(1)(ए) में दिया गया है कि जहां चोट से मृत्यु हो जाती है वहां मुआवजे की राशि मृत कर्मचारी के मासिक वेतन के पचास *प्रतिशत* को प्रासंगिक कारक[60] से गुणा करके प्राप्त राशि अथवा एक लाख बीस हजार रूपये की राशि, जो भी अधिक है, होगी। धारा 4(1बी) प्रावधान करता है कि केन्द्र सरकार, सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, उप-धारा (1) के उद्देश्य हेतु किसी कर्मचारी के संबंध में ऐसा मासिक वेतन निर्दिष्ट कर सकती है जिसे वह आवश्यक समझे। इसके अनुसरण में, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, ने अपनी राजपत्रित अधिसूचना सं. 2020 एस.ओ. 71 (ई) दिनांक 03 जनवरी 2020 के माध्यम से 03 जनवरी 2020 से लागू ₹ 15,000/- की राशि को मासिक वेतन के रूप में निर्दिष्ट किया।

अधिनियम की धारा 4ए (3ए) यह भी प्रावधान करती है कि जहां नियोक्ता इस अधिनियम के अंतर्गत देय मुआवजे को देय[61] होने की तिथि से एक माह के भीतर भुगतान करने में चूक करता है, तो आयुक्त[62] निदेश देगा कि नियोक्ता, बकाया की राशि के अतिरिक्त, उस पर बारह *प्रतिशत* प्रति वर्ष की दर पर या ऐसी उच्च दर पर साधारण ब्याज का भुगतान करेगा जो किसी भी अनुसूचित बैंक की अधिकतम उधार दरों से अधिक न हो, जैसा केन्द्र सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा देय राशि पर विनिर्दिष्ट किया गया हो।

कार्यालय श्रम आयुक्त, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर की लेखापरीक्षा के दौरान यह पाया गया था कि 2020-22 की अवधि के दौरान, पांच मुआवजों के

---

60 'प्रासंगिक कारक' से तात्पर्य उन वर्षों की संख्या को निर्दिष्ट करने वाले कारक से है जो कर्मचारी की उस तारीख से ठीक पहले उसके अंतिम जन्मदिन पर उसकी पूरी हुई आयु के वर्षों के समान हैं, जिस तारीख को मुआवजा देय था।

61 अधिनियम की धारा 10 के साथ धारा 4ए का तात्पर्य है कि श्रम आयुक्त द्वारा मुआवजे का आदेश पारित किए जाने के बाद मुआवजा देय हो जाता है।

62 वर्तमान मामले में, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के श्रम आयुक्त, श्रमिक मुआवज़ा आयुक्त (सीडब्ल्यूसी) के कार्य का निर्वहन करते हैं। श्रम आयुक्त द्वारा की गई गणना और जारी किए गए आदेश के आधार पर, संबंधित नियोक्ता सीडब्ल्यूसी को मुआवज़े की राशि जमा करता है, जिसे बाद में कार्यालय श्रम आयुक्त द्वारा लाभार्थियों में संवितरित किया जाता है।

मामले में (क) मासिक वेतन का गलत आकलन किए जाने, तथा/अथवा (ख) गलत आयु कारक को लागू करने के कारण मुआवजे के रूप में कम राशि का भुगतान किया गया। इन मामलों में कम भुगतान की राशि को ₹ 26.81 लाख के रुप मे परिकलित किया गया है **(अनुलग्नक-3.1)**।

इसके अतिरिक्त, कार्यालय श्रम आयुक्त, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर मुआवजे के कम भुगतान के लिए धारा 4ए (3ए) के अंतर्गत कुल ₹ 7.09 लाख (सितंबर 2023 तक परिकलित) का ब्याज अदा करने के लिए भी उत्तरदायी है जैसा विवरण **अनुलग्नक-3.2** में दिया गया है।

इस प्रकार, मृत कर्मचारियों के आश्रितों को कुल ₹ 33.90 लाख[63] के मुआवजे का कम भुगतान किया गया था।

अपने उत्तर में, विभाग ने अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए बताया कि यह गलत गणना अनजाने में हुई थी क्योंकि 03 जनवरी 2020 के राजपत्र अधिसूचना को कोविड-19 महामारी के दौरान उन्हें प्रेषित नहीं किया गया था। उन्होंने अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत परिकलित की गई मुआवजे की राशि में संशोधन के लिए संबंधित नियोक्ताओं को अधिसूचित करने तथा लेखापरीक्षा को सूचित करने का भी आश्वासन दिया है। तथापि, उत्तर में संबंधित लाभार्थियों को मुआवजे के विलंबित भुगतान पर ब्याज के भुगतान के बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

यह अनुशंसा की जाती है कि विभाग लाभार्थियों को विलंबित भुगतान पर ब्याज सहित मुआवजे की शेष राशि के शीघ्र संवितरण को सुनिश्चित करे।

मामला अक्टूबर 2023 को गृह मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

---

63 ₹ 26.81 लाख के मुआवजे का कम भुगतान + ₹ 7.09 लाख का लागू ब्याज (सितंबर 2023 तक)

जिला परिषद, दक्षिण अंडमान

3.3 ₹ 87.28 लाख का निष्फल व्यय

जिला परिषद, दक्षिण अंडमान (जेडपीएसए) की रखरखाव अनुबंध अवधि की समाप्ति के पश्चात शवदाहगृह का रखरखाव करने में असमर्थता के कारण यह गैर-कार्यात्मक एवं आर्थिक मरम्मत से परे हो गया, जिसके परिणामस्वरुप इसके निर्माण पर किया गया ₹ 87.28 लाख का व्यय निष्फल हुआ। अंडमान और निकोबार प्रशासन सीएजी के पिछले लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में इंगित दो अन्य शवदाहगृहों से संबंधित समान मुद्दों के लिए सुधारात्मक उपाय करने में असफल रहा, जिसके परिणामस्वरुप सभी तीन शवदाहगृह निष्क्रिय पड़े हैं।

जिला परिषद, दक्षिण अंडमान (जेडपीएसए) के अंतर्गत ग्राम सभा, शोर प्वाइंट ने शोर प्वाइंट, दक्षिण अंडमान में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से चलने वाले शवदाहगृह के निर्माण का प्रस्ताव किया (मई 2004)। इसके लिए ₹ 55.60 लाख का प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय संस्वीकृति प्रदान की गई थी (अक्टूबर 2006)। कार्य को दिसम्बर 2007 की निर्धारित समाप्ति तिथि के साथ अप्रैल 2007 में एक अभिकरण को सौंपा गया। कार्य ₹ 87.28 लाख की लागत पर अंततः पूरा हुआ (जनवरी 2009)।

शवदाह गृह ने एलपीजी के बजाय हाईस्पीड डीजल (एचएसडी) ऑयल के साथ जनवरी 2010 में काम करना शुरु किया क्योंकि जेडपीएसए के पास अपेक्षित विस्फोटक लाइसेंस, अग्नि लाइसेंस एवं प्राधिकृत एलपीजी कनेक्शन नहीं था। शवदाहगृह का मार्च 2012 तक अभिकरण द्वारा निष्पादित अनुबंध के निबंधन और शर्तों के अनुसार परिचालन एवं रखरखाव किया गया था। अभिकरण ने जेडपीएसए को ₹ 8.90 लाख प्रतिवर्ष की लागत पर शवदाहगृह के वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया (मार्च 2012)। तथापि, जेडपीएसए ने प्रस्ताव पर न तो कोई निर्णय लिया और न ही शवदाहगृह के सतत परिचालन को सुनिश्चित कर सका।

नवम्बर 2014 में ई-टेंडरिंग के माध्यम से शवदाहगृह की मरम्मत एवं उसे पुनः चालू करने के लिए एक अभिकरण का चयन किया गया। तथापि, जेडपीएसए प्रशासनिक कारणों को बताते हुए कार्य नहीं सौंप सका।

सितंबर 2017 में, जेडपीएसए के अनुरोध पर अंडमान लोक निर्माण विभाग (एपीडब्ल्यूडी) ने शवदाहगृह का निरीक्षण किया तथा बताया कि संयंत्र पूर्णतः क्षतिग्रस्त था एवं आर्थिक मरम्मत से परे था क्योंकि यह लम्बी अवधि से निष्क्रिय पड़ा हुआ था। लेखापरीक्षा द्वारा जेडपीएसए के अधिकारियों के साथ किए गए संयुक्त निरीक्षण (सितंबर 2023), ने ढांचे में और अधिक क्षति को प्रकट किया।

इस प्रकार, जेडपीएसए की रखरखाव अवधि की समाप्ति के पश्चात शवदाहगृह का रखरखाव करने में असमर्थता के कारण शवदाह गृह गैर-कार्यात्मक हो गया। इससे वह उद्देश्य विफल हुआ जिसके लिए शवदाहगृह की स्थापना की गई थी तथा इसके निर्माण पर ₹ 87.28 लाख का व्यय भी निष्फल हुआ।

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (सीएजी) के पहले के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में बताए गए दो अन्य शवदाहगृहों के संबंध में समान अभ्युक्तियों की अनुवर्ती लेखापरीक्षा ने प्रकट किया कि दोनों ही शवदाहगृह समान परिस्थितियों के अंतर्गत गैर-कार्यात्मक हो गए हैं।

सीएजी के 2011-12 के प्रतिवेदन सं. 33 ने उचित योजना की कमी एवं खराब समन्वय के कारण जंगलीघाट, पोर्ट बलेयर में शवदाह भट्टी के निर्माण के प्रति ₹ 74.09 लाख के निष्फल व्यय के मामलों को उजागर किया। मंत्रालय ने लेखापरीक्षा पैरा पर अपनी की गई कार्रवाई टिप्पणी में बताया (फरवरी 2015) कि निष्पादन फर्म के तकनीशियनों द्वारा सुझाए गये सुधारात्मक उपाय प्रक्रियाधीन थे तथा शवदाहगृह थोड़े समय में चालू हो जाएगा।

अनुवर्ती लेखापरीक्षा (सितंबर 2023) के दौरान यह पाया गया कि एलपीजी कनेक्शन प्राप्त करने के प्रति ₹ 1.76 लाख का अतिरिक्त व्यय करने के पश्चात इसे फरवरी 2015 से चालू किया गया था। तथापि, पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद (पीबीएमसी) के अधिकारियों के साथ शवदाहगृह के संयुक्त निरीक्षण से पता चला कि लंबे समय तक उपयोग न होने के कारण पूर्ण संरचना जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी। पीबीएमसी ने बताया (सितंबर 2023) कि आम जनता भावनात्मक कारणों से जलाऊ लकड़ी का उपयोग करके पारम्परिक तरीके से दाह-संस्कार को प्राथमिकता देती है।

इसी प्रकार, सीएजी के 2015 की प्रतिवेदन सं. 32 ने गराचर्मा, पोर्ट ब्लेयर में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से चलने वाले शवदाहगृह के निर्माण पर ₹ 73.95 लाख के निष्फल व्यय को इंगित किया था। यद्यपि, शवदाहगृह का निर्माण 2010 में पूरा हो गया था फिर भी इसे इलेक्ट्रिक कनेक्शन (एलपीजी आधारित सिस्टम को शुरु करने हेतु आग प्रदान करने हेतु अपेक्षित) प्राप्त करने में विलम्ब तथा तत्पश्चात शवदाहगृह बिल्डिंग के अंदर आंतरिक वाइरिंग की गैर-उपलब्धता के कारण चालू नहीं किया जा सका था। मंत्रालय की कार्रवाई टिप्पणी (मार्च 2017) की अनुवर्ती कार्रवाई के दौरान (सितंबर 2023) यह पाया गया कि मार्च 2022 में विभाग के चार अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरु की गई थी जो अभी भी जारी है।

इस प्रकार, समान मुद्दों पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के बावजूद खराब योजना एवं सुधारात्मक कार्य करने में विफलता के परिणामस्वरूप अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के अधीन तीन शवदाहगृहों के निर्माण पर निष्फल व्यय हुआ।

मामला नवंबर 2023 को गृह मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़

श्रम आयुक्त कार्यालय, चंडीगढ़

3.4 चंडीगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड का कार्यकरण

सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड को पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण हेतु एकत्रित श्रम उपकर का उपयोग करने का अधिकार है। लेखापरीक्षा ने पाया कि शासन तथा निगरानी संरचना, जिसमें बोर्ड, विशेषज्ञ समिति तथा सलाहकार समिति शामिल है, का या तो गठन नहीं किया गया था या फिर गैर-क्रियात्मक थी। पुनर्गठित बोर्ड तथा समितियों के अभाव में, कार्य श्रम विभाग चंडीगढ़ के अधिकारियों द्वारा संभाला जा रहा था जो बोर्ड के पदेन सदस्य है। नियमित बोर्ड के अभाव ने निम्नलिखित क्षेत्रों में बोर्ड के कार्यों को प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं के विकास और कार्यान्वयन पर नकारात्मक प्रभाव डाला:-

- **सभी पात्र प्रतिष्ठानों के पंजीकरण को सुनिश्चित करने तथा श्रमिकों को अधिनियम द्वारा प्रदत्त सुरक्षा छत्र में लाने के लिए उनकी पहचान/पंजीकरण हेतु तंत्र;**
- **सभी पात्र प्रतिष्ठानों/श्रमिकों के पंजीकरण को सुनिश्चित करने हेतु जमा उपकर के डाटा को एकत्रित करने तथा विश्लेषण करने की प्रणालियों;**
- **श्रमिकों को ऑनलाईन पंजीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण करने में सहायता करने तथा उपलब्ध कल्याण योजनाओं की जागरुकता फैलाने की व्यवस्था; तथा**
- **उपकर के निर्धारण के उद्देश्य से निर्माण की लागत की दरों के संशोधन पर।**

अपने निष्कर्षों के आधार पर लेखापरीक्षा यह अनुशंसा करती है:

- **बोर्ड तथा सलाहकार समिति का पुनर्गठन।**
- **निम्न के माध्यम से प्रतिष्ठानों के पंजीकरण की प्रणाली को परिष्कृत करना:**
  - **चालू बिलों के भुगतान या निर्माण योजनाओं के अनुमोदन के चरण में पात्र प्रतिष्ठानों एवं उनके श्रमिकों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए स्वघोषणा तंत्र विकसित करने हेतु उन सरकारी विभागों जो कार्य अनुबंध जारी करते है, चंडीगढ़ संपदा कार्यालय के साथ संपर्क स्थापित करना।**

- ❖ **बोर्ड को निर्माण श्रमिकों के लिए सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा मानदण्डों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु बोर्ड में पंजीकरण हेतु पात्र प्रतिष्ठानों की पहचान करने के लिए नियमित निरीक्षण करना चाहिए।**
- ➢ **निम्नलिखित प्रकार से श्रमिकों के पंजीकरण की प्रणाली को परिष्कृत करना:**
    - ❖ **पंजीकृत श्रमिकों का पता लगाने वाली प्रणाली स्थापित किए जाने की आवश्यकता है; तथा उन्हें सक्रिय रखने के लिए वार्षिक नवीकरण शुल्क को माफ किया जा सकता है।**
    - ❖ **बोर्ड को आम सेवा केन्द्रों के साथ अनुबंध करके श्रमिकों को पंजीकृत करने हेतु एक तंत्र स्थापित करना चाहिए।**
    - ❖ **पंजीकरण की प्रक्रिया को मोबाइल वैनों के माध्यम से श्रमिकों के संकेन्द्रण वाले क्षेत्रों में उपलब्ध कराने की आवश्यकता है; तथा अच्छे परिणामों हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के लिए सहायता/मार्गदर्शन प्रदान करने की आवश्यकता है।**
- ➢ **बाजार दरों के अनुरूप उपकर के निर्धारण के उद्देश्य हेतु प्रभारित निर्माण लगात की दरों के आवधिक संशोधन को सुनिश्चित किया जाना चाहिए।**
- ➢ **जागरूकता कार्यक्रमों विशेषकर सोशल मीडिया के माध्यम से योजनाओं के कार्यान्वयन का सुधार तथा लाभों का समय पर प्रेषण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।**

प्रस्तावना

भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक (रोजगार और सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 (बीओसीडब्ल्यू अधिनियम) को भारत सरकार द्वारा 19 अगस्त 1996 को एक सामाजिक कल्याण कानून के रूप में अधिनियमित किया गया था जिसका उद्देश्य देश भर में भवन एवं निर्माण गतिविधियों में लगे श्रमिकों को लाभ पहुँचाना है। इस अधिनियम को 1 मार्च 1996 से लागू माना गया था। इस अधिनियम ने *अन्य बातों के साथ साथ* एक भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के गठन तथा प्रत्येक राज्य द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को लागू करने हेतु नियमावली तैयार करना अनिवार्य किया।

तदनुसार जुलाई 2008 में "चंडीगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड" (सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड) का गठन किया गया था तथा चंडीगढ़ प्रशासन ने कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन, जैसा बीओसीडब्ल्यू अधिनियम में प्रवधान किया गया है, हेतु वर्ष 2009 में सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली को अधिसूचित किया। चंडीगढ़ प्रशासन ने भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (उपकर अधिनियम) के अधिदेशानुसार नियोक्ता द्वारा किए गए निर्माण की लागत पर एक *प्रतिशत* की दर से श्रम उपकर की वसूली को कार्यान्वित किया।

3.4.1 सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड के कार्य/उत्तरदायित्व

सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड (बोर्ड) (क) दुर्घटना की स्थिति में लाभार्थी[64] को तत्काल सहायता प्रदान करने; (ख) साठ वर्ष की आयु पूरी कर चुके लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान करने; (ग) लाभार्थी को घर के निर्माण हेतु उतनी राशि तक तथा उन नियमों एवं शर्तों पर, जैसा निर्धारित किया जाए, ऋण एवं अग्रिम संस्वीकृत करने; (घ) लाभार्थियों की समूह बीमा योजना के लिए प्रीमियम के संबंध में उतनी राशि का भुगतान करने जैसा निर्धारित किया जाए; (ङ) लाभार्थियों के बच्चों की शिक्षा हेतु उतनी वित्तीय सहायता प्रदान करना जैसा निर्धारित किया जाए; (च) लाभार्थी अथवा ऐसे आश्रित की गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु चिकित्सा व्ययों को पूरा करना जैसा निर्धारित किया जाए; (छ) महिला लाभार्थियों को मातृत्व लाभ का भुगतान करने; तथा (ज) ऐसे अन्य निर्धारित कल्याणकारी उपायों एवं सुविधाओं का प्रावधान एवं सुधार करने जैसा निर्धारित किया जाए के लिए उत्तरदायी है।

सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड के पदाधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों की भूमिकाएं तथा उत्तरदायित्व

- श्रम विभाग, चंण्डीगढ़ के सचिव बोर्ड के पदेन अध्यक्ष हैं तथा बोर्ड की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

---

64 लाभार्थी का तात्पर्य बीओसीडब्ल्यू अधिनियम 1996 की धारा 12 के अंतर्गत पंजीकृत भवन निर्माण श्रमिक से है

- श्रम आयुक्त, यूटी, चंडीगढ़ बोर्ड के पदेन सचिव और इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी है। वह बोर्ड के कार्यकरण के समग्र नियंत्रण तथा पर्यवेक्षण हेतु उत्तरदायी है। वह व्यय एवं अन्य आकास्मिक व्ययों, आपूर्तियों एवं सेवाओं तथा सामग्री की खरीद को संस्वीकृत करने के लिए प्राधिकृत हैं। बोर्ड के सचिव को बोर्ड द्वारा अनुमोदित बजट की सीमा तक पूर्ण वित्तीय अधिकार है।
- श्रम विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचनाओं[65] के अनुसार, संयुक्त सचिव (सहायक श्रम आयुक्त) बीओसीडब्ल्यू अधिनियम 1996 के प्रयोजन हेतु तथा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर नियमावली 1998 के अनुसार क्रमशः पंजीकरण अधिकारी तथा निर्धारण अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। वह बोर्ड के सचिव के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के अधीन कर्तव्यों का निष्पादन करेंगे।
- बीओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 43(1)(ए) बोर्ड के निरीक्षकों को किसी भी प्रतिष्ठान के परिसर जहाँ निर्माण कार्य किया जा रहा है, का निरीक्षण करने का अधिकार प्रदान करती है जो किसी भी अपंजीकृत नियोक्ता/लाभार्थियों की पहचान करने में मदद करेगा।

3.4.2 लेखापरीक्षा निष्कर्ष

लेखापरीक्षा के दौरान यह पाया गया था कि सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड के गठन तथा कार्यकरण, प्रतिष्ठानों/निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण, निधि के उपयोग तथा कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में कमियाँ थी।

3.4.2.1 सीबीओसीडब्लूडब्ल्यू बोर्ड का गठन तथा कार्यकरण

बोर्ड का कार्य अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि पात्र लाभार्थियों को दुर्घटना लाभों, बच्चों की शिक्षा हेतु वित्तीय

---

[65] अधिसूचना संख्या 12/2/25-एचआईआई(4)-99/9190 दिनांक 13.05.1999 और 1849-एचआईआई(2)-2008/19141 दिनांक 06.10.2008

सहायता, मातृत्व लाभ, चिकित्सा व्ययों आदि के संदर्भ में विभिन्न कल्याणकारी उपाय उपलब्ध कराए गए हैं। सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए विभिन्न समितियों के गठन का प्रावधान करती है। लेखापरीक्षा ने बोर्ड तथा समितियों के गठन तथा कार्यकरण में निम्नलिखित कमियाँ पाई।

i) चंडीगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन न होना

बीओसीडब्ल्यू अधिनियम 1996 की धारा 18 में यह प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा नियत तिथि से एक बोर्ड को नियुक्त, गठन करेगी जिसे (राज्य का नाम) भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के नाम से जाना जाएगा जो इस अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को लागू करने तथा इसको सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करेगा। बोर्ड में एक अध्यक्ष, केन्द्र सरकार द्वारा नामित एक व्यक्ति और अधिकतम पन्द्रह ऐसे सदस्य होंगे, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जा सकता है, बशर्ते कि बोर्ड में राज्य सरकार, नियोक्ताओं और भवन निर्माण श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की संख्या समान होगी तथा बोर्ड में कम से कम एक महिला सदस्य होगी। बोर्ड का कार्यकाल तीन वर्षों का है।

सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली, 2009 के नियम 254 में प्रावधान है कि बोर्ड गतिविधियों की निगरानी के लिए आमतौर पर छः माह में एक बार बैठक करेगा।

अभिलेखों की संवीक्षा से पता चला कि नवम्बर 2018 में गठित बोर्ड का कार्यकाल 01 नवम्बर 2021 को समाप्त हो गया था। चंडीगढ़ प्रशासन ने अब तक (जनवरी 2024) नए बोर्ड का पुनर्गठन नहीं किया था। आगे यह पाया गया कि सितंबर 2019 के बाद से बोर्ड की कोई बैठक नहीं की गई थी। पदेन तथा नामांकित सदस्यों से युक्त उचित रुप से पुनर्गठित बोर्ड के अभाव में बोर्ड की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियां बोर्ड के पदेन सदस्यों द्वारा की जा रही है।

ii) चंडीगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक सलाहकार समिति द्वारा बैठकें न करना

बोओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 4 प्रावधान करती है कि राज्य सरकार चंडीगढ़ प्रशासन को इस अधिनियम के क्रियान्वयन से उजागर ऐसे मामलों, जो इसे संदर्भित किए जाए, पर सलाह देने के लिए चंडीगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक सलाहकार समिति (सीबीओसीडब्ल्यूएसी) नामक एक समिति का गठन करेगी। यह समिति अन्य बातों के साथ-साथ नियोक्ताओं तथा निर्माण श्रमिकों का भी प्रतिनिधित्व कर सकती है।

नियम 20 के अनुसार, समिति कम से कम छः माह में एक बार बैठक करेगी।

अभिलेखों की संवीक्षा से पता चला (नवम्बर 2023) कि सीबीओसीडब्ल्यूएसी का गठन 11 मई 2020 को किया गया था। तथापि, इसकी स्थापना के बाद से कोई बैठक नहीं हुई थी। इसके परिणामस्वरुप कार्यान्वयन प्रक्रिया में श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों की भागीदारी नहीं हो पाई थी।

iii) विशेषज्ञ समितियों का गठन न करना

अधिनियम की धारा 5(1) अनुबंध करती है कि सरकार, अधिनियम के अंतर्गत नियमावली तैयार करने हेतु सरकार को सलाह देने के लिए विशेषतौर पर भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों में योग्य व्यक्तियों को शामिल करके एक या अधिक विशेषज्ञ समितियों का गठन कर सकती है।

लेखापरीक्षा ने पाया (नवम्बर 2023) कि 2008 में बोर्ड के गठन के बाद से किसी विशेषज्ञ समिति का गठन नहीं किया गया था।

इंगित किए जाने पर (नवम्बर 2023) बोर्ड[66] (नवम्बर 2023) ने बताया कि बोर्ड के पुनर्गठन के संबंध में फाईल प्रक्रियाधीन थी तथा जैसे ही इसका पुनर्गठन किया जाएगा बैठकें आयोजित की जाएंगी। विशेषज्ञ समितियों के संबंध में बोर्ड ने बताया (दिसम्बर 2023) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को भविष्य में अनुपालन हेतु नोट कर लिया गया है।

नियमित बोर्ड के पुनर्गठन में विलम्ब तथा नियमित रूप से इसकी बैठके न करना अधिनियम के अंतर्गत बोर्ड के गठन के मुख्य उद्देश्य को ही विफल करता है। इसके परिणामस्वरुप न केवल बोर्ड द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होगी बल्कि नियोक्ताओं, निर्माण श्रमिकों के प्रतिनिधियों तथा महिला सदस्यों, जो व्यवस्था में प्राथमिक हितधारक हैं, से प्राप्त किए जाने वाले इनपुट से भी कल्याण तंत्र वंचित होगा।

चूंकि बोर्ड ने सितंबर 2019 से बैठक नहीं की थी इसलिए यह असंभव है कि मध्यवर्ती अवधि के दौरान सलाहकार समिति को कोई भी मामला संदर्भित किया गया हो जिसने ऐसी समिति के गठन के मुख्य उदेश्य को ही विफल किया। इसके अतिरिक्त, बोर्ड के कार्यकाल के दौरान भी सलाहकार समिति की कोई बैठक नहीं हुई थी।

लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ दर्शाती है कि अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी हेतु गठित की जाने वाली शासन संरचना लगातार सक्रिय नहीं थी जिससे प्राथमिक हितधारकों से इनपुट प्राप्त करने की प्रक्रिया से वंचित रहना पड़ा तथा इसका कार्यकरण भी त्रूटिपूर्ण था जिसे अनुवर्ती लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में दर्शाया गया है।

लेखापरीक्षा बोर्ड के पुनर्गठन तथा बेहतर प्रशासनिक नियंत्रण एवं निगरानी हेतु नियमित रूप से इसकी बैठकें आयोजित करने की सलाह देता है।

---

[66] संयुक्त सचिव, सीबीओसीडब्ल्यू बोर्ड, यूटी चंडीगढ़ (बोर्ड के स्थायी पदेन सदस्य होने के नाते) द्वारा दिए गए उत्तरों को बोर्ड से प्राप्त उत्तरों के रूप में माना गया है।

3.4.2.2 प्रतिष्ठानों का पंजीकरण

बीओसीडब्ल्यू अधिनियम, 1996 की धारा 1(4) प्रावधान करती है कि यह अधिनियम सभी प्रतिष्ठानों, जो किसी भी भवन एवं अन्य निर्माण कार्य में दस या अधिक निर्माण श्रमिकों को रोजगार देता है या पूर्ववर्ती बारह महीनों के किसी भी दिन रोजगार दे चुका है, पर लागू होता है।

बीओसीडब्ल्यू अधिनियम, 1996 की धारा 7 में अधिनियम के लागू होने के साठ दिनों की अवधि के भीतर या इस अधिनियम के प्रतिष्ठान पर लागू होने की तिथि से साठ दिनों के भीतर पंजीकरण अधिकारी के पास प्रतिष्ठान के पंजीकरण का प्रावधान करती है।

सीबीओसीडब्ल्यू नियम 26(ई) के अनुसार नियोक्ता अधिनियम के प्रावधानों तथा इसके अंतर्गत तैयार की गई नियमावली का अनुपालन करेगा।

सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली का नियम 23 प्रतिष्ठानों के पंजीकरण हेतु आवेदन करने की पद्धति को विनिर्दिष्ट करता है।

प्रतिष्ठानों का पंजीकरण नियोक्ता को निर्माण श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी, काम के घंटे, कल्याण उपायों, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य उपायों तथा कार्य की अन्य शर्तों के संबंध में अधिनियम के प्रावधानों के प्रति उत्तरदायी बनाता है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि मार्च 2023[67] तक केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में कुल 161 प्रतिष्ठान पंजीकृत किए गए थे जिसमें 10 प्रतिष्ठान शामिल थे जिन्हें वर्ष 2020-23 के दौरान पंजीकृत किया गया था, जैसा **तालिका संख्या 3.1** में दर्शाया गया है।

---

[67] बोर्ड के गठन के बाद

तालिका सं. 3.1: 2020-21 से 2022-23 तक पंजीकृत प्रतिष्ठानों की स्थिति

क्र.सं	वर्ष	पंजीकृत प्रतिष्ठानों की कुल संख्या
1.	2020-21	2
2.	2021-22	1
3.	2022-23	7
कुल		**10**

लेखापरीक्षा ने अधिनियम के अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठानों की पहचान तथा प्रतिष्ठानों के पंजीकरण की प्रक्रिया में कमियाँ पाई जैसा अनुवर्ती पैराग्राफो में चर्चा की गई है।

i) प्रतिष्ठानों की पहचान करने तथा उन्हे पंजीकृत करने का तंत्र

बीओसीडब्ल्यू अधिनियम 1996 की धारा 1(4) तथा 7(बी) के कार्यान्वयन के संबंध में लेखापरीक्षा ने पाया:

- उपकर अधिनियम, 1996 की धारा 3 के अनुसार, सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली के अंतर्गत उद्ग्रहित श्रम उपकर को प्रत्येक नियोक्ता से इस प्रकार तथा ऐसे समय पर वसूला जाएगा जिसमें किसी सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के भवन या अन्य निर्माण कार्य के संबंध में स्रोत पर कटौती या ऐसे स्थानीय प्राधिकरण के माध्यम से अग्रिम की वसूली शामिल है, जहाँ ऐसे भवन या अन्य निर्माण कार्य के लिए स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन अपेक्षित है। वसूली गई उपकर की प्राप्तियों को उपकर एकत्रित कर रहे स्थानीय प्राधिकरण या राज्य सरकार द्वारा बोर्ड को अदा किया जाएगा।

  इस नियमावली के अनुपालन में, सरकारी साईटों के मामले में उपकर को बोर्ड के खाते में भुगतान के विभिन्न तरीकों (चैक/डीडी/एनईएफटी) से जमा किया जा रहा है। प्रत्येक सरकारी विभाग द्वारा पिछले महीने के दौरान उस विभाग द्वारा किए जा रहे, चालू निर्माण कार्यों से काटे गए उपकर के बारे में प्रत्येक माह एक समेकित रिपोर्ट बोर्ड को भेजी जा रही है। निजी निर्माण साईटों के

मामले में, उपकर व्यक्तिगत रूप से सम्पदा कार्यालय से साईट प्लानों का अनुमोदन प्राप्त करने के समय जमा किया जाता है। मासिक आधार पर, सम्पदा आधिकारी अनुमोदित योजनाओं के प्रति व्यक्तिगत अभिकरणों द्वारा जमा किए गए उपकर की रिपोर्ट बोर्ड को देता है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि ये रिपोर्ट बोर्ड के क्षेत्राधिकार में किए जा रहे निर्माण कार्यों की सूचना का स्वतंत्र स्त्रोत हैं तथा इसका उपयोग यह सत्यापित किए जाने हेतु किया जा सकता है कि क्या अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण हेतु शेष सभी प्रतिष्ठानों को विधिवत पंजीकृत किया गया है। तथापि, यह पाया गया कि बोर्ड में निगरानी तथा अनुपालन हेतु इस डाटा को एकत्र करने तथा विश्लेषण करने का कोई तंत्र नहीं था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 169 अपंजीकृत निजी प्रतिष्ठानों से ऑफलाइन मोड के माध्यम से 2020-23 के दौरान कुल ₹ 9.65 करोड़ (₹ 1.00 लाख से ₹ 4.16 करोड़ के बीच) का कुल उपकर एकत्र किया गया था। इन निजी प्रतिष्ठानों द्वारा जमा किए गए उपकर की राशि का तात्पर्य है कि इन निर्माण कार्यों की निर्माण लागत ₹ एक करोड़ से ₹ 416 करोड़[68] के बीच थी। इस अवधि के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा किए गए चालू निर्माण कार्यों हेतु कुल ₹ 9.07 करोड़ (₹ 1.00 लाख से ₹ 84.28 लाख के बीच) का उपकर जमा किया गया था। ये सभी निर्माण कार्य अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत भी नहीं थे। बोर्ड यह सत्यापित करने में विफल रहा कि क्या इन साईटों पर दस से अधिक निर्माण श्रमिकों को रोजगार दिया गया था जिसके लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड के साथ पंजीकरण की आवश्यकता है। इसने यह दर्शाया कि बोर्ड के पास यह क्रास जांच करने का कोई निगरानी तंत्र स्थापित नहीं था कि चालू निर्माण कार्य निजी या फिर सरकारी अभिकरणों द्वारा किया जा रहा है।

---

[68] निर्माण लागत की एक प्रतिशत की दर पर श्रम उपकर लगाया जा रहा है।

बोर्ड ने बताया (दिसंबर 2023) कि प्रतिष्ठानों को पंजीकृत करने हेतु भविष्य में और अधिक प्रयास किए जाएंगे।

- इसके अतिरिक्त, बीओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 43(1)(ए) बोर्ड के निरीक्षकों को किसी भी प्रतिष्ठान, जहाँ निर्माण कार्य किया जा रहा है, के परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार प्रदान करती है जो किसी भी अपंजीकृत नियोक्ता/लाभार्थी की पहचान करने में मदद करेगा।

  लेखापरीक्षा ने पाया कि बोर्ड ने न तो निरीक्षण हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित किए थे और न ही बोर्ड के निरीक्षकों द्वारा किए गए निरीक्षणों का कोई विस्तृत डाटा अनुरक्षित किया था। लेखापरीक्षा में शामिल की गई अवधि अर्थात् 2020-21 से 2022-2023 के दौरान निरीक्षकों द्वारा केवल 25 निर्माण साईटों का निरीक्षण किया गया था जिसमें से 8 प्रतिष्ठान बोर्ड में पंजीकृत थे। बोर्ड ने लेखापरीक्षा को बोर्ड के निरीक्षकों द्वारा किए गए निरीक्षणों की कोई विस्तृत रिपोर्ट प्रदान नहीं की जिससे यह जांच की जा सके कि निरीक्षण किए गए शेष 17 प्रतिष्ठानों की स्थिति क्या थी। यह भी पाया गया था कि इसने वर्ष/आवधिक रूप से किए जाने वाले निरीक्षणों का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया था।

- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मॉडल कल्याण योजना (अक्तूबर 2018) के अनुसार, राज्य में चल रही निर्माण गतिविधियों की जीआईएस तकनीक/मैपिंग आदि का उपयोग करके नियमित निगरानी की जानी थी। लेखापरीक्षा ने पाया कि बोर्ड द्वारा ऐसा कोई निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया गया था।

बोर्ड ने लेखापरीक्षा बिन्दु को स्वीकार किया तथा बताया कि वह भविष्य में इसका अनुपालन करेगा।

लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां तथा बोर्ड का उत्तर पुष्टि करते हैं कि संबंधित अभिकरणों से प्राप्त डाटा का स्वतंत्र रूप से विश्लेषण करने तथा मिलान करने या योग्य प्रतिष्ठानों की पहचान करने तथा पंजीकृत करने हेतु साईटों के आवधिक रूप से निरीक्षणों का प्रणालीगत अनुपालन करने का कोई तंत्र नहीं था।

लेखापरीक्षा अनुशंसा करती है कि बोर्ड को या तो चालू बिलों के भुगतान या फिर निर्माण योजनाओं के अनुमोदन के चरण में पात्र प्रतिष्ठानों तथा उनके श्रमिकों के पंजीकरण को सुनिश्चित करने हेतु स्वं-घोषणा तंत्र को विकसित करने के लिए उन सरकारी विभागों जो कार्य अनुबंध जारी करते है तथा चंडीगढ़ संपदा कार्यालय के साथ संपर्क स्थापित करना चाहिए।

बोर्ड को निर्माण श्रमिकों के लिए सुविधाओं की उपलब्धता के साथ साथ सुरक्षा मानदण्डों को सुनिश्चित करने हेतु उन प्रतिष्ठानों जिन्हें बोर्ड में पंजीकृत किए जाने की आवश्यकता है, की पहचान करने के लिए नियमित निरीक्षण करने चाहिए।

ii) नियोक्ता द्वारा निर्धारित वार्षिक रिटर्न का गैर-प्रस्तुतीकरण

सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली, 2009 का नियम 242 अनुबंध करता है कि एक पंजीकृत प्रतिष्ठान का प्रत्येक नियोक्ता, प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के अंत के बाद 15 फरवरी तक निर्धारित प्रारूप (फार्म XXV) में उस प्रतिष्ठान से संबंधित वार्षिक रिटर्न उनके क्षेत्राधिकार के पंजीकरण अधिकारी को प्रेषित करेगा।

तथापि, लेखापरीक्षा ने पाया (अक्तूबर 2023) कि अपनी स्थापना के बाद से बोर्ड को पंजीकृत प्रतिष्ठानों से कोई भी वार्षिक रिटर्न प्राप्त नहीं हो रही है। रिटर्न के गैर-प्रस्तुतीकरण के मामले में जुर्माने का कोई प्रावधान नहीं है जिससे यह नियम अप्रभावी हो गया है।

बोर्ड ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार किया (अप्रैल 2024) और सहमति व्यक्त की कि लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को भविष्य में कड़ी अनुपालना हेतु नोट कर लिया गया है।

लेखापरीक्षा अनुशंसा करती है कि इस रिटर्न को प्रस्तुत करने को प्रभावी बनाने के लिए गैर-अनुपालन के मामले में दण्डात्मक निहितार्थ सहित इसे अनिवार्य किया जा सकता है।

iii) कार्य के प्रारम्भ होने से संबंधित सूचना के गैर-प्रस्तुतीकरण के परिणामस्वरूप जुर्माने की गैर-वसूली

बीओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 46 के साथ पठित सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली, 2009 का नियम 239(1) प्रावधान करता है कि प्रत्येक नियोक्ता अपने नियंत्रण के अधीन किसी भी भवन या अन्य निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से कम से कम 30 दिन पहले उस क्षेत्राधिकार के निरीक्षक को उस भवन या अन्य निर्माण कार्य के प्रारम्भ की वास्तविक तिथि या समापन की संभावित तिथि की सूचना देते हुए एक लिखित नोटिस प्रेषित करेगा अथवा प्रेषित करवाएगा। इसके अतिरिक्त, बीओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 48 यह अनुबंध करती है कि यदि कोई नियोक्ता निर्माण के प्रारम्भ का नोटिस देने में विफल होता है तो उसे तीन महीने तक की कैद या ₹ 2000 तक का जुर्माना या फिर दोनों से दंडित किया जा सकता है।

लेखापरीक्षा ने पाया (दिसंबर 2023) कि नियमावली की शुरुआत से नियोक्ताओं द्वारा कार्य प्रारम्भ करने का कोई नोटिस प्रस्तुत नहीं किया गया था तथा वर्ष 2020-23 के दौरान चूककर्ता नियोक्ताओं पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया था। इसके अतिरिक्त, इस सूचना की अनुपलब्धता के कारण बोर्ड कार्य साईट पर किसी भी सुरक्षा मानदण्डों के उल्लंघन या दुर्घटनाओं से अवगत नहीं होगा।

बोर्ड ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार किया (जनवरी 2024) तथा सहमति व्यक्त की कि उसे निर्माण कार्यों के प्रारम्भ तथा समापन के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई थी तथा इस बिन्दु को भविष्य में कड़ी अनुपालना हेतु नोट भी किया है।

3.4.2.3 निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण

बीओसीडब्ल्यू अधिनियम, 1996 की धारा 12(1) में प्रावधान है कि प्रत्येक भवन निर्माण श्रमिक जिसने अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है परंतु साठ वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है तथा जो पिछले बारह माह के दौरान कम से कम नब्बे दिनों तक किसी भवन या अन्य निर्माण कार्य में लगा रहा है, वह इस अधिनियम के अंतर्गत एक लाभार्थी के रूप में पंजीकरण का पात्र होगा।

सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली 2009 का नियम 269(4) प्रावधान करता है कि प्रत्येक निर्माण श्रमिक जो निधि हेतु एक लाभार्थी बनने का पात्र है, सचिव अथवा इस संबंध में उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को फार्म सं. XXVIII में एक आवेदन प्रस्तुत करेगा। ऐसे प्रत्येक आवेदन के साथ पच्चीस रुपये के पंजीकरण शुल्क सहित इस नियम में उल्लेखित दस्तावेज सलंग्न करने होगें।

निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण में पाई गई अनियमितताओं की चर्चा अनुवर्ती पैराग्राफो में की गई है।

i) छूटे हुए बीओसी श्रमिकों के पंजीकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति में कमी

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को सभी पात्र बीओसीडब्ल्यू श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा छत्र प्रदान करने की धारणा से मिशन मोड परियोजना[69] को कार्यान्वित करने का निदेश दिया (जुलाई 2020)। प्रथम घटक की परिकल्पना चंडीगढ़ में 34,102 अनुमानित बीओसीडब्ल्यू श्रमिकों के पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तीन महीनों के भीतर सभी छूटे हुए निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण करने की थी जिसमें से 23,718 श्रमिक पहले से ही बोर्ड के पास पंजीकृत थे।

---

69 भारत सरकार द्वारा एमएमपी को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रारम्भ किया गया था कि सभी छूटे हुए बीओसीडब्ल्यू श्रमिकों को पंजीकृत किया जाए ताकि वे कोविड अवधि के दौरान केंद्र/राज्य सरकार की कल्याणकारी/सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठा सकें।

लेखापरीक्षा ने पाया (नवम्बर 2023) कि 10,384 अपंजीकृत श्रमिकों के लक्ष्य के सापेक्ष में जुलाई से सितंबर 2020 के दौरान (तीन महीनों के लिए मिशन मोड परियोजना के अधीन) किसी भी बीओसीडब्ल्यू श्रमिक का पंजीकरण नहीं किया गया था। 31 मार्च 2024 तक केवल 30,051 पंजीकृत श्रमिक थे।

बोर्ड ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार किया (नवम्बर 2023) तथा बताया कि इस अवधि के दौरान कोई नया कार्ड जारी नहीं किया गया था। किसी नए बीओसीडब्ल्यू श्रमिक का पंजीकरण नहीं किया गया था क्योंकि निर्माण गतिविधियाँ कोविड के कारण रोक दी गई थीं तथा उसने बोर्ड परिसर में शिविर लगाए थे। बोर्ड का उत्तर स्वीकार्य नहीं था क्योंकि मिशन मोड परियोजना के अंतर्गत उसे श्रमिकों की कालोनियों, लेबर चौक तथा ऐसे अन्य स्थानों पर शिविर लगाने थे तथा अभिकल्पित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए फील्ड में ऑनलाइन पंजीकरण सुविधाएं स्थापित करनी थी। इस प्रकार, मिशन मोड परियोजना के उद्देश्यों को प्राप्त नहीं किया गया था।

ii) सक्रिय[70] पंजीकृत श्रमिकों की संख्या में गिरावट

बीओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 11 ने प्रावधान किया कि इस अधिनियम के अंतर्गत लाभार्थी के रूप में पंजीकृत प्रत्येक निर्माण श्रमिक बोर्ड द्वारा अपनी निधि से प्रदत्त लाभों का पात्र होगा। सीबीओसीडब्ल्यू नियम 270(1) के अनुसार, निधि का लाभार्थी निधि में उस दर पर अंशदान करेगा जैसा समय समय पर सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। नियम 270(2) के अनुसार, यदि लाभार्थी एक वर्ष की अवधि तक लगातार अंशदान के भुगतान में चूक करता है तो वह निधि का लाभार्थी नहीं रहेगा।

सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड की 8वीं बैठक (28 सितंबर 2016) में यह निर्णय लिया गया था कि लाभार्थी श्रमिक द्वारा वार्षिक आधार पर भी ₹ 5.00 का मासिक नवीकरण शुल्क जमा किया जा सकता है। ₹ 60 का यह वार्षिक अंशदान श्रमिक को निधि के अंतर्गत योजनाओं के लाभों के लिए भागीदार बनाएगा।

---

70 ऐसे श्रमिक जो सीबीओसीडब्ल्यू नियम 270 (1) के अनुसार निधि में अंशदान कर रहे हैं।

लेखापरीक्षा ने पाया (दिसंबर 2023) कि 2009 में बोर्ड की स्थापना से 31 मार्च 2024 तक कुल 30,051 श्रमिक बोर्ड में पंजीकृत थे। 9,976 श्रमिक 2020-21 के दौरान सक्रिय थे, 3,426 श्रमिक 2021-22 के दौरान सक्रिय थे तथा 2,670 श्रमिक 2022-23 के दौरान सक्रिय थे जबकि 31 मार्च 2024 तक केवल 2,298 सक्रिय श्रमिक थे जैसा कि **तालिका संख्या 3.2** में विवरण दिया गया है:

तालिका सं. 3.2: सक्रिय श्रमिकों की संख्या

क्र.सं.	वर्ष	सक्रिय श्रमिकों की संख्या
1.	2020-21	9,976
2.	2021-22	3,426
3.	2022-23	2,670
4.	2023-24	2,298

इसलिए, सक्रिय श्रमिकों की संख्या में घटती हुई प्रवृत्ति थी। बोर्ड ने श्रमिकों की सदस्यता के नवीकरण तथा नए श्रमिकों को जोड़ना सुनिश्चित नहीं किया था जिसके कारण सक्रिय श्रमिकों की संख्या ने घटती हुई प्रवृत्ति को दर्शाया।

बोर्ड ने बताया (दिसंबर 2023) कि आवेदनों के लिए ऑनलाइन मोड मई 2022 से लागू है तथा आवेदनों को आवेदकों द्वारा संलग्न अनिवार्य दस्तावेजों की कमी तथा आवेदकों द्वारा उनके आवेदन प्रपत्रों में उल्लिखित निर्माण साईट पर उनकी अनुपलब्धता के कारण अस्वीकृत किया गया था। श्रमिकों को एसएमएस के माध्यम से सूचित किया गया था तथा उन्हें दस्तावेज पूरे करने का उचित अवसर प्रदान किया गया था। उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि ऑनलाइन मोड के कार्यान्वयन से पहले, 2020-21 से 2021-22 तक (कोविड के बाद की अवधि) सक्रिय श्रमिकों की संख्या में भारी गिरावट आई थी तथा यह प्रवृत्ति जारी रही। आवेदनों को अस्वीकृत करने से पहले मार्गदर्शन/व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देने का कोई तंत्र नहीं था।

लेखापरीक्षा की राय है कि पंजीकृत श्रमिकों का पता लगाने हेतु एक प्रणाली तैयार किए जाने की आवश्यकता है तथा उन्हें सक्रिय रखने के लिए वार्षिक नवीकरण शुल्क को माफ किया जा सकता है।

iii) पंजीकरण हेतु आवेदनों की अधिक संख्या में अस्वीकृति

बीओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 12(2) प्रावधान करती है कि पंजीकरण हेतु आवेदन ऐसे प्रपत्र में किया जाएगा जिसे बोर्ड द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा। धारा 12(4) ने प्रावधान किया कि उप-धारा (2) के अधीन बोर्ड द्वारा प्राधिकृत अधिकारी इससे संतुष्ट है कि आवेदक ने इस अधिनियम तथा इसके अंतर्गत तैयार नियमावली के प्रावधान का अनुपालन किया है, तो वह इस अधिनियम के अंतर्गत एक लाभार्थी के रूप में निर्माण श्रमिक के नाम का पंजीकरण करेगा तथा आगे यह भी प्रावधान किया कि आवेदक को सुनवाई का अवसर दिये बिना पंजीकरण हेतु आवेदन को अस्वीकृत नहीं किया जाएगा।

तालिका सं. 3.3: नए मामले

क्र.सं.	वर्ष	अथ शेष	नए पंजीकरण प्राप्त	स्वीकृत	अस्वीकृत	लंबित	अस्वीकृति की प्रतिशतता
1.	2020-21	0	6305	4,079	2,226	0	35%
2.	2021-22	0	1956	893	748	315	38%
3.	2022-23	315	59 (ऑफलाइन)	374 (ऑफलाइन)	0	0	0%
			581 (ऑनलाइन)	376 (ऑनलाइन)	205 (ऑनलाइन)	0	35%

तालिका सं. 3.4: नवीकरण पंजीकरण

क्र. सं.	वर्ष	अथ शेष	नए पंजीकरण प्राप्त	स्वीकृत	अस्वीकृत	लंबित	अस्वीकृति की प्रतिशतता
1.	2020-21	0	5897	5,897	0	0	0
2.	2021-22	0	3498	2,533	552	413	15%
3.	2022-23	413	151 (ऑफलाइन)	564 (ऑफलाइन)	0	0	0
			1735 (ऑनलाइन)	1,356 (ऑनलाइन)	379 (ऑनलाइन)	-	21%

2020-2023 की अवधि के लिए अभिलेखों की संवीक्षा (दिसंबर 2023) ने दर्शाया कि 2021-22 से 2022-23 के दौरान नए पंजीकरण के मामले में पंजीकरण हेतु आवेदनों की अस्वीकृति दर 35 *प्रतिशत* से 38 *प्रतिशत* के बीच थी **(तालिका सं. 3.3)** जबकि नवीकरण मामलों **(तालिका सं. 3.4)** के मामले में

अस्वीकृति की प्रतिशतता में 15 *प्रतिशत* से 21 *प्रतिशत* तक की वृद्धि हुई थी। अस्वीकृत प्रपत्रों पर उल्लेखित प्रमुख कारण: श्रमिक का साईट पर मौजूद न होना, अपूर्ण प्रपत्र, उपयुक्त पता न देना, आदि थे।

बोर्ड ने स्वीकार किया (दिसंबर 2023 एवं मार्च 2024) कि अस्वीकृति के मुख्य कारण आवेदकों द्वारा संलग्न दस्तावेजों की कमी तथा भौतिक निरीक्षण के समय साईट पर श्रमिकों की गैर-मौजूदगी थी। बोर्ड का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि पंजीकरण तथा नवीकरण प्रक्रिया हेतु श्रमिकों को सहायता प्रदान करके नए पंजीकरण/पंजीकरण के नवीकरण को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रयासों की कमी थी।

लेखापरीक्षा अनुशंसा करती है कि बोर्ड को आम सेवा केन्द्रों (सीएससी) के साथ अनुबंध करके श्रमिकों को पंजीकृत करने तथा प्रत्येक पंजीकरण हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने का एक तंत्र विकसित करना चाहिए। पंजीकरण की प्रक्रिया को मोबाइल वैन के माध्यम से इन श्रमिकों के सकेन्द्रण के क्षेत्रों में उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है तथा अच्छे परिणामों हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के लिए सहायता/मार्गदर्शन प्रदान करने की आवश्यकता है।

iv) नए श्रमिकों के पंजीकरण हेतु प्रयासों की कमी

सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू की 11वीं बैठक में सचिव (श्रम)-सह-अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि उन श्रमिकों, जिन्होंने बोर्ड की योजनाओं से लाभ लिया है, के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समय समय पर आयोजन किया जाना चाहिए तथा ऐसे कार्यक्रमों का प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रचार किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक श्रमिक बोर्ड के पास पंजीकृत होने को प्रोत्साहित हो। इसके अतिरिक्त, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु परिचालित (अक्तूबर 2018) मॉडल कल्याण योजना के अनुसार प्रतिष्ठानों, श्रमिकों के पंजीकरण तथा उपकर के संग्रहण हेतु तंत्र को मजबूत किये जाने के लिए कुछ उपाय किए जाने थे। इनसे संबंधित लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर नीचे चर्चा की गई है:

- भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण के उद्देश्य हेतु स्थानीय/नगरपालिका/पंचायत स्तर पर अधिकारियों को नियुक्त/प्रतिनियुक्त किया जाना था।

  लेखापरीक्षा ने पाया कि बोर्ड द्वारा ऐसी कोई पहल नहीं की गई थी। स्थानीय/नगरपालिका स्तर पर अधिकारियों की नियुक्ति/शक्तियों का प्रत्यायोजन न करने के कारण श्रमिकों का पंजीकरण काफी कम रहा। 31 मार्च, 2024 तक बोर्ड के पास केवल 2,298 सक्रिय पंजीकृत श्रमिक हैं।

  बोर्ड ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार किया तथा बताया (दिसंबर 2023) कि आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- जागरुकता अभियानों का आयोजन करने तथा श्रमिकों के पंजीकरण को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य के लिए प्रमुख श्रमिक चौकों/अड्डों पर शिविर लगाना/सुविधा केन्द्र बनाना बोर्ड का उत्तरदायित्व था।

  तथापि, लेखापरीक्षा ने पाया कि ऐसे कार्यक्रमों पर बोर्ड द्वारा कोई व्यय नही किया गया था।

  बोर्ड ने बताया कि बोर्ड द्वारा इस गतिविधि पर कोई व्यय नहीं किया गया था तथा अधिकतर जागरूकता शिविर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित किए गए थे।

  बोर्ड का उत्तर लेखापरीक्षा तर्क की पुष्टि करता है।

- श्रमिकों के प्रवास के मामले का निपटान करने के लिए प्रत्येक राज्य को पंजीकृत बीओसी श्रमिक को एक विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) आवंटित करनी थी तथा पंजीकरण तथा नवीकरण की स्थिति सहित पंजीकृत श्रमिकों तथा उनके परिवारों के पूर्ण विवरण को "केवल पढ़ने" के मोड पर राज्य वेब पोर्टल तथा राष्ट्रीय बीओसीडब्ल्यू पोर्टल पर अपलोड करना था ताकि अन्य राज्यों द्वारा इसका उपयोग किया जा सके।

लेखापरीक्षा ने पाया कि पंजीकृत बीओसी श्रमिकों को एक पंजीकरण संख्या आवंटित की जा रही थी परंतु यह यूआईएन नहीं थी क्योंकि वह केवल केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए वैध थी तथा डाटा को मई 2022 से serviceonline.gov.in पर अपलोड किया गया था परंतु यह अन्य राज्यों के लिए सुलभ नहीं था। यह पंजीकृत श्रमिकों को अन्य राज्यों में पंजीकरण का लाभ उठाने से रोकता है जहाँ वे नौकरी के अवसरो के लिए जा सकते है।

बोर्ड ने उत्तर दिया कि वह सर्विस प्लस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में अपनी सभी सेवाएं प्रदान कर रहा है तथा बोर्ड द्वारा आवंटित यूआईएन केवल केन्द्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के लिए वैध है।

तथ्य यह है कि डाटा अन्य राज्यों के लिए सुलभ नहीं था तथा इसका अखिल भारतीय कवरेज नहीं था।

3.4.2.4 निधि का प्रबंधन तथा उपयोग

बोर्ड की निधियों का मुख्य स्त्रोत इसके द्वारा उद्ग्रहित श्रम उपकर है। उपकर अधिनियम 1996 की धारा 3(1) के अनुसार भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक (रोजगार एवं सेवा की शर्तों का विनियम) अधिनियम, 1996 के प्रयोजन हेतु उस दर पर उपकर लगाया जाएगा तथा वसूला जाएगा जो नियोक्ता द्वारा किए गए निर्माण की लागत के दो *प्रतिशत* से अधिक नहीं होगा परंतु एक *प्रतिशत* से कम भी नहीं होगा जैसा केन्द्र सरकार समय समय पर आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निर्धारित कर सकती है। धारा 3(2) के अनुसार, उप-धारा (1) के अंतर्गत वसूले गए उपकर को प्रत्येक नियोक्ता से, इस प्रकार और ऐसे समय पर वसूला जाएगा जिसमें सरकार के या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के भवन एवं अन्य निर्माण कार्य के संबंध मे स्त्रोत पर कटौती अथवा स्थानीय प्राधिकरण के माध्यम से अग्रिम संग्रह शामिल हैं जहां ऐसे भवन एवं अन्य निर्माण के लिए ऐसे स्थानीय प्राधिकरण से अनुमोदन अपेक्षित है, जैसा निर्धारित किया जाए। धारा 3(3) प्रावधान करती है कि उप-धारा (2) के अधीन एकत्रित उपकर की प्राप्तियों को उपकर की वसूली करने वाले स्थानीय

प्राधिकरण या राज्य सरकार द्वारा ऐसे उपकर की वसूली की लागत जो एकत्रित राशि के एक *प्रतिशत* से अधिक न हो, की कटौती करके बोर्ड को अदा किया जाएगा।

2020-23 की अवधि के दौरान बोर्ड द्वारा निधियों की प्राप्ति तथा उपयोग का विवरण नीचे **तालिका सं. 3.5** में दिया गया है।

तालिका सं. 3.5: निधियों की प्राप्ति तथा उपयोग का विवरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	अथ शेष	एकत्रित उपकर	नए पंजीकरण के लिए शुल्क	लाभार्थी अंशदान (नवीकरण)	अर्जित ब्याज	कुल उपलब्ध निधि	व्यय	अंत शेष	व्यय का *प्रतिशत*
2020-21	156.46	12.73	0.03	0.05	8.00	177.27	5.34	171.93	3.01
2021-22	171.93	15.26	0.01	0.01	7.74	194.95	5.30	189.65	2.71
2022-23	189.65	21.93	0.01	0.02	10.35	221.96	5.31	216.65	2.39
कुल		**49.92**	**0.05**	**0.08**	**26.09**		**15.95**		

i) निर्माण की लागत में संशोधन न किए जाने के कारण श्रम उपकर का संभावित कम निर्धारण

श्रम विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, संयुक्त सचिव (सहायक श्रम आयुक्त) भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर नियमावली 1998 के प्रायोजन हेतु निर्धारण अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

उपकर अधिनियम 1996 की धारा 4 के अनुसार प्रत्येक नियोक्ता ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी को, इस प्रकार से तथा ऐसे समय पर ऐसी रिटर्न प्रस्तुत करेगा जैसा निर्धारित किया जाए। यदि भवन या अन्य निर्माण कार्य करने वाला कोई व्यक्ति, जो धारा 3 के अधीन उपकर अदा करने का उत्तरदायी है, उपधारा (1) के अधीन कोई रिटर्न प्रस्तुत करने में विफल होता है तो अधिकारी या प्राधिकारी ऐसे व्यक्ति को नोटिस देकर यह अपेक्षा करेगा कि वह नोटिस में विनिर्दिष्ट तिथि से पूर्व रिटर्न प्रस्तुत करेगा।

इस अधिनियम की धारा 5 के अनुसार, वह अधिकारी या प्राधिकारी जिसे धारा 4 के अधीन रिटर्न प्रस्तुत की गई है, ऐसी जांच करने या करवाने, जैसा वह उचित समझे, के पश्चात तथा स्वयं संतुष्ट होने कि रिटर्न में वर्णित विवरण सही है के पश्चात, आदेश द्वारा, नियोक्ता द्वारा देय उपकर की राशि का निर्धारण करेगा। यदि धारा 4 की उपधारा (2) के अधीन अधिकारी या प्राधिकारी को रिटर्न प्रस्तुत नहीं की गई है तो वह ऐसी जांच करने या करवाने के पश्चात, जिसे वह उचित समझे, आदेश द्वारा, नियोक्ता द्वारा देय उपकर की राशि का निर्धारण करेगा। उप-धारा (1) या उप-धारा (2) के अधीन किए गए निर्धारण के आदेश में वह तिथि विनिर्दिष्ट की जाएगी जिसके भीतर नियोक्ता द्वारा उपकर का भुगतान किया जाएगा।

बोर्ड ने 26 अप्रैल 2013 को अपर उपायुक्त सह अपर श्रम आयुक्त की अध्यक्षता में संपदा कार्यालय, अभियांत्रिकी शाखा के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सहायक श्रम आयुक्त के साथ एक बैठक की। बैठक में निर्माण की अनुमानित लागत की एक *प्रतिशत* की दर पर श्रम उपकर प्रभारित करने का निर्णय लिया गया था जिसे मालिकों से **तालिका सं. 3.6** में दी गई निम्नलिखित दरों पर वसूला जाना है।

तालिका सं. 3.6: निर्माण की अनुमानित लागत

क्र.सं.	निर्माण का प्रकार	प्रति वर्ग फुट की दर पर परिकलित की जाने वाली निर्माण की लागत
1.	बूथ	₹ 1000/-
2.	आवासीय बिल्डिंगों/एससीओ	₹ 1500/-
3.	होटल/मॉल/आईटी बिल्डिंगों/स्कूल	₹ 2500/-
4.	पांच सितारा होटल	₹ 3000/-

अभिलेखों की नमूना जांच से पता चला कि बोर्ड ने 2013 से निर्माण की लागत की दरों का संशोधन नहीं किया था तथा वह इन दरों के अनुसार ही उपकर का निर्धारण/वसूली कर रहा है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि निर्माण की लागत प्रत्येक वर्ष बढ़ती है तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली की अनुसूचित दरों

(डीएसआर) (जो यूटी चंडीगढ़ पर भी लागू है) का भी आवधिक रूप से संशोधन किया जा रहा है। दिल्ली अनुसूचित दरें, 2013 तथा दिल्ली अनुसूचित दरें, 2023 के अनुसार 2013 से निर्माण की दरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जैसा **तालिका सं. 3.7** में विवरण दिया गया है।

तालिका सं. 3.7: 2013 से 2023 तक निर्माण की दरों में वृद्धि

क्र.सं.	विवरण	डीएसआर दरें 2013	डीएसआर दरें 2023	दरों की वृद्धि (प्रतिशतता में)
	श्रम की दरें			
1.	कारपेंटर प्रथम श्रेणी	393/दिन	897/दिन	128%
2.	मिस्त्री	393/दिन	897/दिन	128%
3.	पेंटर	361/दिन	816/दिन	126%
4.	बेलदार	297/दिन	736/दिन	147%
5.	भिश्ती	328/दिन	816/दिन	149%
6.	मेसन प्रथम श्रेणी	393/दिन	897/दिन	128%
7.	मेसन द्वित्तीय श्रेणी	361/दिन	816/दिन	126%
	सामग्री की दरें			
8.	बजरी	₹ 1000/घन-मीटर	₹ 1100/घन-मीटर	10%
9.	मुड़ा हुआ स्टील (विकृत टीएमटी बार)	₹ 4700/क्विंटल	₹ 5550/ क्विंटल	18%
10.	स्टोन डस्ट	₹ 1000/घन-मीटर	₹ 1100/घन-मीटर	10%
11.	जीआई पाईप 15 एमएम व्यास	₹ 85/मीटर	₹ 107/मीटर	26%
12.	जीआई पाईप 20 एमएम व्यास	₹ 110/मीटर	₹ 139/मीटर	26%
13.	स्टोन एग्रीगेटर (सिंगल साईज) 100 एमएम सांकेतिक आकार	₹ 800/घन-मीटर	₹ 1600/घन-मीटर	100%
14.	मशीन से ढाली गई सामान्य जली हुई मिट्टी की छिद्रित ईंटें	₹ 4600 प्रति 1000 सं.	₹ 5500 प्रति 1000 सं.	20%

इस अवधि के दौरान सामग्री तथा श्रम की दरों में वृद्धि 10 से 149 *प्रतिशत* के बीच थी। तथापि, बोर्ड ने, डीएसआर में वृद्धि के बावजूद, उपकर के निर्धारण के प्रयोजन हेतु प्रति वर्ग फुट निर्माण की लागत की दरों का संशोधन नहीं किया था। प्रचलित बाजार दरों/निर्माण लागत तथा बोर्ड द्वारा निर्धारित दरों (2013 में) के बीच इस बड़ी असमानता के परिणामस्वरूप उपकर के कम निर्धारण तथा वसूली की संभावना है।

दरों में 2013 से संशोधन न करने के कारण लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए थे।

लेखापरीक्षा अनुशंसा करती है कि श्रम उपकर के निर्धारण के प्रयोजन हेतु प्रभारित प्रति वर्ग फुट निर्माण की लागत की दरों को प्रचलित बाज़ार दरों के अनुसार आवधिक रूप से संशोधित किया जाना चाहिए।

ii) निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु एकत्रित उपकर निधि का उपयोग न करना

लेखापरीक्षा ने पाया (दिसंबर 2023) कि 2020-23 के दौरान बोर्ड द्वारा ₹ 15.95 करोड़[71] (₹ 1.61 करोड़ के प्रशासनिक व्यय सहित) का व्यय किया गया था जो उस अवधि के दौरान उपलब्ध वार्षिक निधियों के 2.39 तथा 3.01 *प्रतिशत* के बीच था। इस व्यय में से, ₹ 9.66 करोड़ की राशि को कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय किया गया था जो उस अवधि के दौरान उपलब्ध वार्षिक निधियों के 0.86 तथा 2.09 *प्रतिशत* के बीच थी। यह दर्शाता है कि बोर्ड श्रमिकों को अधिकतम लाभ प्रदान करने के लिए योजना को प्रभावी रूप से कार्यान्वित नहीं कर रहा था।

इंगित किए जाने पर, बोर्ड ने बताया (दिसंबर 2023) कि निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड ने एफएम रेडियो, चैनलों पर विभिन्न कल्याण योजनाओं का प्रसारण, विभिन्न समाचारपत्रों में विज्ञापनों, विभिन्न निर्माण साईटों

[71] इसमें कोविड काल के दौरान श्रमिकों को दी गई ₹ 3.2 करोड़ की वित्तीय सहायता, आयुष्मान और अन्य विविध व्ययों पर ₹ 1.2 करोड़ शामिल हैं।

पर हिन्दी में हैंडबिलों तथा हैंडआउट के वितरण जैसे विभिन्न प्रचार उपाय किए थे। बोर्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याण योजनाओं के संबंध में आम जनता के बीच जागरुकता उत्पन्न करने हेतु सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों पर 2022-23 के दौरान ₹ 4.25 लाख का व्यय किया गया था।

सक्रिय पंजीकृत श्रमिकों की घटती हुई प्रवृत्ति के साथ-साथ बोर्ड के पास पड़ी अप्रयुक्त्त निधियों को देखते हुए उत्तर तर्कसंगत नहीं है।

लेखापरीक्षा पंजीकरण के लाभो तथा आगे कल्याण योजनाओं तक पहुंच के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए उन स्थानों पर, जहाँ ये श्रमिक अक्सर आते है, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परस्पर संवादात्मक कार्यशालाएं करने की अनुशंसा करती है। इसके अतिरिक्त, अधिक पहुंच के लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है।

iii) कल्याण योजनाओं का कार्यान्वयन

कार्यान्वित योजनाओं के संबंध में लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर आगामी पैराग्राफों में चर्चा की गई है:

➢ **कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों को विलंबित भुगतान**

2020-23 के दौरान बोर्ड द्वारा विभिन्न कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन पर ₹ 9.66 करोड़ का व्यय किया गया था, जैसा **अनुलग्नक 3.3** में विवरण दिया गया है। इसमें से, कुल ₹ 8.02 करोड़ अर्थात 83 *प्रतिशत* का व्यय निम्न तीन मुख्य योजनाओं पर किया गया था:

❖ 'मृत्यु के मामले में वित्तीय सहायता योजना'- इस योजना के अंतर्गत बोर्ड लाभार्थी सदस्य की मृत्यु के मामले में, मृत्यु प्रमाणपत्र के प्रस्तुतीकरण के पश्चात उनके बैंक खाते में ₹ 4.00 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करता है। लाभार्थी बोर्ड का सदस्य बनने के पहले दिन से लाभ प्राप्त करने का पात्र है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनाँक 04 अक्टूबर 2018 के आधार पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संशोधित मॉडल कल्याण योजना

के प्रावधान 1.1.3 में प्रावधान है कि अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक निश्चित समय सीमा जो लाभार्थी (पंजीकृत श्रमिक) की मृत्यु की तिथि से 60 दिनों से अधिक न हो, में मृत्यु योजना के अंतर्गत मुआवजा संवितरित किया जाएगा।

- 'कन्यादान योजना' - इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी की पुत्री के विवाह प्रमाणपत्र के प्रस्तुतीकरण के पश्चात ₹ 51,000/- की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। पंजीकृत लाभार्थी बोर्ड का लाभार्थी सदस्य बनने के छ: माह के पश्चात ही लाभ प्राप्त करने का पात्र होगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों (जनवरी 2010) के अनुसार, लाभार्थी को संभावित रूप से छः माह के भीतर सहायता प्रदान की जानी चाहिए।
- 'शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना' - इस योजना के अंतर्गत, बोर्ड उस लाभार्थी श्रमिक जो छ: महीनों के लिए एक पंजीकृत श्रमिक रहा है, के बच्चों को शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों (जनवरी 2010) के अनुसार, लाभार्थी को संभावित रूप से छः माह के भीतर सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

लेखापरीक्षा ने पाया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय[72] के बार-बार के निर्देशों तथा योजना के प्रावधानों के बावजूद बोर्ड लाभार्थियों को समय पर भुगतान नहीं कर रहा था। लाभार्थियों को ये लाभ प्रदान करने में दो से 440 दिनों तक के बीच का विलम्ब था जैसा **तालिका सं. 3.8** में विवरण दिया गया है।

72 जनवरी 2010 और अक्टूबर 2018 में जारी सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश।

तालिका सं. 3.8: लाभार्थियों को भुगतान में विलम्ब

क्र. सं.	योजना का नाम	निम्न दिनों में किया जाने वाला भुगतान	प्राप्त आवेदनों की संख्या	अस्वीकृत	लाभार्थियों की कुल संख्या	मामले जिनमें भुगतान विलंबित था	भुगतान करने में विलंब (सीमा दिनों में)
1.	मृत्यु के मामले में वित्तीय सहायता योजना (मॉडल कल्याण योजना के अंतर्गत) तथा सर्वोच्च न्यायालय के अक्टूबर 2018 के निर्देश	60	95	10	85 (89%)	33	2 से 440 दिन
2.	कन्यादान योजना (सर्वोच्च न्यायालय के जनवरी 2010 के निर्देश अनुसार)	180	110	29	81 (73%)	10	40 से 141 दिन
3.	शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना (सर्वोच्च न्यायालय के जनवरी 2010 के निर्देशों के अनुसार)	180	3580	139	3441 (96%)	1351	03 से 114

लेखापरीक्षा ने पाया (नवम्बर 2023 एवं मार्च 2024) कि 'मृत्यु के मामले में वित्तीय सहायता' योजना के मामले में 95 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 85 मामले अनुमोदित किए गए थे। अनुमोदित मामलों में से 33 नामांकित व्यक्तियों को नियत 60 दिनों से दो से 440 दिनों के बीच के विलम्ब से मुआवजा अदा किया गया था (**अनुलग्नक 3.4**)। इसी प्रकार 'कन्यादान योजना' के 110 आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनमें से 81 मामलों को अनुमोदित किया गया था। अनुमोदित मामलो में से 10 लाभार्थियों को 40 से 141 दिनों के बीच के विलम्ब से भुगतान किया गया था (**अनुलग्नक 3.5**)।

'शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना' के मामले में, 3580 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें से 3441 अनुमोदित किए गए थे। अनुमोदित मामलों में से, 1351 लाभार्थियों को 2020-23 के दौरान 180 दिनों की निर्धारित अवधि के बाद तीन से 114 दिनों के बीच के विलम्ब से भुगतान किए गए थे **(अनुलग्नक 3.6)**।

इस प्रकार, बोर्ड ने लाभार्थियों को निर्धारित अवधि के भीतर समय पर भुगतान न करके माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन किया।

इंगित किए जाने (मार्च 2024) पर उन्होने उत्तर दिया कि अब बोर्ड ने सेवा का अधिकार अधिनियम (आरटीएस) के अंतर्गत सभी सेवाओं को प्रदान करने हेतु निर्धारित समय सीमा की घोषणा कर दी। उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों 2010/2018 ने भी एक निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकृत श्रमिकों को लाभ प्रदान करने का प्रावधान किया था जिसका अनुपालन नहीं किया गया था।

लेखापरीक्षा का मत है कि लाभों का समय पर प्रेषण सुनिश्चित किया जाना चाहिए क्योंकि यह कल्याणकारी योजनाओं को प्रासंगिक तथा प्रभावी बनाने के लिए एक मुख्य घटक है।

- **महिला श्रमिकों को "महिला लाभार्थी श्रमिकों (18-50 वर्ष) की स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता " योजना के लाभ प्रदान न करना**

सीबीओसीडल्यूडब्ल्यू बोर्ड ने 08 दिसंबर 2017 को हुई अपनी 9वीं बैठक में 18-50 वर्षों के आयु समूह के बीच की महिला श्रमिकों में व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वच्छता की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई योजना "महिला लाभार्थी श्रमिकों (18-50 वर्ष) की स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता" को अनुमोदित किया। इस योजना के अनुसार, पंजीकरण के वार्षिक नवीकरण के समय उन्हें ₹ 1000/- की राशि दी जानी थी।

2020-23 की अवधि के अभिलेखों की संवीक्षा से पता चला कि 50 वर्षों से कम आयु की 773 महिला श्रमिकों ने 2020-23 के दौरान अपने पंजीकरण का नवीकरण करवाया था। 773 महिला श्रमिकों में से केवल 96 महिला श्रमिकों को इस योजना के लाभ प्रदान किए गए थे। इसका परिणाम 677 महिला श्रमिकों को योजना के

लाभ प्रदान न किए जाने में हुआ जिससे न केवल व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा मिलता बल्कि लाभार्थियों को ₹ 6,77,000 की सहायता भी प्राप्त होती।

लेखापरीक्षा (नवम्बर 2023) में इंगित किए जाने पर, बोर्ड ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी को इसके लिए आवेदन करना होता है परंतु बहुत कम लोग इसका लाभ उठाते हैं। बोर्ड का उत्तर तर्कसंगत नहीं था क्योंकि योजना में प्रावधान था कि लाभ वार्षिक नवीकरण के समय प्रदान किया जाना था जो बोर्ड द्वारा नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, महिला श्रमिकों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु वार्षिक नवीकरण के समय उन्हें इससे अवगत कराया जाना चाहिए था।

- **मृत सदस्य के नामांकित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी को अशंदान की वापसी न करना**

सीबीओसीडब्ल्यूबी का नियम 276 प्रावधान करता है कि सदस्य की मृत्यु पर उसके क्रेडिट में जमा अंशदान की राशि को उसके नामांकित व्यक्ति को अदा किया जाएगा। नामांकित व्यक्ति के अभाव में' राशि बराबर हिस्सों में लाभार्थी के कानूनी उत्तराधिकारियों को अदा की जाएगी।

लेखापरीक्षा ने पाया (नवम्बर 2023) कि बोर्ड ने 2020-23 के दौरान मृत्यु के मामले में 85 मृत श्रमिकों के नामांकित व्यक्तियों/कानूनी उत्तराधिकारियों को वित्तीय सहायता का भुगतान किया था परंतु नामांकित व्यक्तियों/कानूनी उत्तराधिकारियों को मार्च 2023 तक अदा किए गए ₹ 9865/- के अंशदान की वापसी नहीं की गई थी। इस प्रकार, पीड़ित परिवार अपने वैध हक से वंचित रहे थे।

बोर्ड ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया (दिसंबर 2023) तथा बताया कि मृत लाभार्थी श्रमिकों के नामांकित व्यक्तियों/कानूनी उत्तराधिकारियों को नए/नवीकरण हेतु पंजीकरण शुल्क वापस की जाएगी।

➢ **पारगमन के दौरान आवास प्रदान न करना**

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मॉडल कल्याण योजना (एमडब्ल्यूएस) बीओसीडब्ल्यू श्रमिकों को अपनी पारगमन अवधि के दौरान या एक शहर या महानगर में उनके एकत्रित होने के आम क्षेत्रों में तथा आस-पास उनको काम मिलने तक बोर्ड द्वारा पारगमन आवास/होस्टल/श्रम शेड-सह-रात्रि आश्रय/मोबाईल शौचालय का प्रावधान करता है।

तथापि, लेखापरीक्षा ने पाया कि बोर्ड द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया था।

बोर्ड ने बताया (दिसंबर 2023) कि बीओसीडब्ल्यू अधिनियम 1996 की धारा 33 एवं 34 तथा सीबीओसीडब्ल्यू नियमावली 2009 के नियम 243 के अनुसार, निर्माण साईटों पर श्रमिकों को मूल सुख-सुविधाएं प्रदान करना ठेकेदार का उत्तरदायित्व है। बोर्ड का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि पारगमन आवास/होस्टल/श्रम शैड की व्यवस्था बोर्ड द्वारा की जानी थी जो कि नहीं की गई।

iv) कल्याण योजनाओं के संबंध में जागरुकता उत्पन्न करने के प्रयासों में कमी

एमडब्ल्यूएस योजना के अनुसार निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण तथा विभिन्न योजनाओं के लाभ के संबंध में बीओसीडब्ल्यू श्रमिकों के स्मार्टफोन पर कल्याण योजानाओं का प्रसारण, समाचार पत्रों या टीवी चैनलों पर विज्ञापन करने के बजाए ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी बिल्डिंगों की दीवारों पर जागरुकता संदेश लिखना जैसे जमीनी स्तर के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुकता उत्पन्न की जानी थी।

सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड की 11वीं बैठक (17 सितंबर 2019) में, सचिव (श्रम) सह-अध्यक्ष ने सुझाव दिया था कि उन श्रमिकों, जिन्हें बोर्ड की योजनाओं से लाभ मिला है, के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समय समय पर अयोजन किया जाना चाहिए तथा ऐसे कार्यक्रमों का प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार

किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को बोर्ड के पास अपने आप को पंजीकृत करने को प्रोत्साहित किया जा सके।

लेखापरीक्षा ने पाया कि सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याण योजनाओं के संबंध में जागरुकता उत्पन्न करने के लिए आईईसी गतिविधियों (बिग एफएम एवं प्रमुख हिन्दी समाचार पत्र में विज्ञापन) पर 2022-23 के दौरान ₹ 4.25 लाख की अल्प राशि के सिवाए कोई व्यय नहीं किया गया था।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्मार्टफोन के माध्यम से प्रसारण तथा बिल्डिंगों पर जागरुकता संदेश लिखने के माध्यम से प्रचार नहीं किया गया था।

बोर्ड ने बताया (दिसंबर 2023) कि 2020-23 के दौरान, 65 शिविर लगाए गए थे तथा एफएम चैनल पर आईईसी गतिविधियों तथा हिंदी समाचार पत्रों में विज्ञापन पर ₹ 4.25 लाख का व्यय किया गया था।

तथ्य यह है कि पंजीकृत बीओसी श्रमिकों की संख्या में 2020-21 में 9976 से मार्च 2024 में 2298 तक की घटती हुई प्रवृत्ति रही है। बीओसी श्रमिकों के पंजीकरण तथा पंजीकृत श्रमिकों के लिए उपलब्ध विभिन्न कल्याण योजनाओं के लाभों के संबंध में अधिक जागरुकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है।

v) निर्धारित सीमा से अधिक प्रशासनिक व्यय

भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक (रोजगार तथा सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा 24(3) के अनुसार, कोई भी बोर्ड किसी भी वित्तीय वर्ष में, अपने सदस्यों, अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों को वेतन, भत्ते एवं अन्य पारिश्रमिक के प्रति तथा अन्य प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए उस वित्तीय वर्ष के दौरान अपने कुल व्यय के पाँच *प्रतिशत* से अधिक का व्यय नहीं करेगा। व्यय का वर्ष-वार विवरण **तालिका सं. 3.9** में दिया गया है।

तालिका सं. 3.9: निर्धारित सीमा से अधिक प्रशासनिक व्यय

(₹ करोड़ में)

वर्ष	कुल व्यय	प्रशासनिक व्यय	5 *प्रतिशत* की दर पर अनुमत व्यय	अधिक व्यय	कुल व्यय की प्रतिशतता के अनुसार प्रशासनिक व्यय	अधिक प्रशासनिक व्यय की प्रतिशतता
2020-21	5.34	0.43	0.27	0.17	8.12%	3.12%
2021-22	5.29	0.54	0.26	0.27	10.19%	5.19%
2022-23	5.31	0.65	0.27	0.38	12.14%	7.14%

लेखापरीक्षा ने पाया (दिसंबर 2023) कि लेखापरीक्षा अवधि 2020-23 के दौरान बोर्ड का प्रशासनिक व्यय इसके कुल व्यय के आठ से 12 *प्रतिशत* के बीच था। कुल मिलाकर, बोर्ड ने कुल ₹ 82 लाख का अधिक प्रशासनिक व्यय किया था।

इंगित किए जाने पर, बोर्ड ने स्वीकार किया (दिसंबर 2023) तथा बताया कि लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को भविष्य में अनुपालन हेतु नोट कर लिया गया है।

3.4.2.5 विविध मामले

i) चंडीगढ़ स्थित निर्माण प्रभाग, पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर, हरियाणा द्वारा चंडीगढ़ बोर्ड के पास ₹ 1.1 करोड़ का श्रम उपकर जमा न करना

भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 की धारा 3(1) तथा 3(3) के अनुसरण में, यह देखा गया (दिसंबर 2023) कि चंडीगढ़ स्थित निर्माण प्रभाग, पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर, हरियाणा ने चंडीगढ़ क्षेत्र में विभिन्न मरम्मत/अनुरक्षण निर्माण कार्य किए। प्रदत्त सूचना से पता चला कि 2020-23 के दौरान प्रभाग द्वारा चंडीगढ़ क्षेत्र में कुल ₹ 114.89 करोड़ की लागत के मरम्मत/अनुरक्षण निर्माण कार्य किए गए थे तथा ₹ 1.14 करोड़ का श्रम उपकर भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड, चंडीगढ़ के बजाए हरियाणा सरकार के भवन एवं निर्माण बोर्ड के सचिव के खाते में जमा किया गया था।

बोर्ड ने लेखापरीक्षा निष्कर्ष को स्वीकार किया (जनवरी 2024) तथा बताया कि इस संबंध में संबंधित विभाग के साथ संपर्क किया जाएगा तथा वसूली की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

3.4.2.6 लाभार्थी सर्वेक्षण के दौरान निष्कर्ष

लाभार्थियों की पहचान, बोर्ड की विभिन्न कल्याण योजनाओं के संबंध में जागरुकता, लाभार्थियों के पंजीकरण, आवेदनों की संवीक्षा तथा वित्तीय सहायता प्रदान करने के संबंध में बोर्ड के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए नवम्बर तथा दिसंबर 2023 की अवधि के दौरान संबंधित श्रम बोर्ड के अधिकारियों के साथ नौ निर्माण साईटों (दो पंजीकृत प्रतिष्ठानों एवं सात गैर-पंजीकृत प्रतिष्ठानों) पर लाभार्थी सर्वेक्षण किया गया था। कुल 106 श्रमिकों का सर्वेक्षण किया गया था (**अनुलग्नक 3.7**)।

सर्वेक्षण किए गए कुल 106 श्रमिकों में से, केवल 35 श्रमिक ही बोर्ड के पास पंजीकृत पाए गए थे। 71 श्रमिक उनकी अजागरुकता के कारण पंजीकृत नहीं थे। किसी भी श्रमिक को कल्याण योजनाओं का लाभ नहीं मिला था। हालांकि, श्रमिक बोर्ड के अधिकारियों द्वारा मौके पर इन 71 श्रमिकों का पंजीकरण करने का कोई तंत्र नहीं था।

यह पंजीकरण के मौजूदा तंत्र की अपर्याप्तता को इंगित करता है जिसे और अधिक श्रमिक अनुकूल तथा सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता है।

3.4.2.7 निष्कर्ष

- बोर्ड का गठन न होने, राज्य सलाहकार समिति तथा विशेषज्ञ समिति की बैठक न होने से बोर्ड का कार्यकरण एवं योजनाओं का कार्यान्वयन प्रभावित हुआ।
- प्रतिष्ठानों/श्रमिकों का पंजीकरण करने हेतु प्रभावी तंत्र का अभाव था। पंजीकरण प्रयोजन तथा श्रमिकों के आगे के पंजीकरण हेतु योग्य प्रतिष्ठानों की पहचान हेतु आवधिक निरीक्षणों की कमी थी।

- पंजीकरण/नवीकरण की प्रक्रिया में श्रमिकों को मार्गदर्शन/सहायता प्रदान करने तथा इस प्रकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभों तक पहुंच प्रदान करने की कोई प्रक्रिया नहीं थी। लाभार्थियों का पता लगाने एवं पहचान करने तथा विभिन्न कल्याण उपाय प्रदान करने के प्रयासों में कमी थी। श्रमिकों द्वारा पंजीकरण की कम संख्या ने दर्शाया कि बडी संख्या में श्रमिक कल्याण एवं सुरक्षा के दायरे से बाहर रह गए होंगे।

- बहुत बड़ी राशि अप्रयुक्त पड़ी थीं। 2020-23 के दौरान उपलब्ध वार्षिक निधियों के दो से तीन *प्रतिशत* तक के बीच की निधियों का अल्प व्यय हुआ था जिसमें से कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय 0.86 से 2.09 *प्रतिशत* के बीच और भी कम था।

- लक्षित समूह में जागरुकता फैलाने तथा कल्याण योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए बोर्ड में पंजीकृत होने के लिए उनको बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आईईसी गतिविधियों पर मात्र ₹ 4.25 लाख की राशि का व्यय किया गया था जो बोर्ड के लापरवाह दृष्टिकोण को दर्शाता है।

- बोर्ड ने, वर्तमान बाज़ार दरों को प्रदर्शित करने हेतु, 2013 से उपकर के निर्धारण के प्रायोजन के लिए निर्माण की लागत की दरों का संशोधन नहीं किया था जिसका परिणाम उपकर के कम निर्धारण एवं वसूली की संभावना में हुआ।

मामला 19 जुलाई 2024 को बोर्ड तथा गृह मंत्रालय को तथा 12 अगस्त 2024 को फिर से बोर्ड को प्रेषित किया गया था। मंत्रालय का उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित है।

केन्द्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव

लोक निर्माण प्रभाग, दमन

3.5 विभागीय प्रभारों के गैर-उद्ग्रहण के कारण राजस्व की हानि

पीडब्ल्यूडी-दमन स्थानीय निकाय की ओर से निष्पादित निर्माण कार्यों पर, सीपीडब्ल्यूडी नियम पुस्तिका के प्रावधानों के उल्लंघन में, विभागीय प्रभारों का उद्ग्रहण करने में विफल रहा जिसके परिणामस्वरुप ₹ 66.74 लाख के राजस्व की हानि हुई।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) निमार्ण कार्य नियम पुस्तिका 2019 की धारा 3.1.1.4 *अन्य बातों के साथ-साथ* स्थानीय निकायों की ओर से निष्पादित निमार्ण कार्यों पर निर्धारित दरों के अनुसार विभागीय प्रभारों (डीसी) के उद्ग्रहण तथा वसूली का प्रावधान करती है।

सीपीडब्ल्यूडी नियम पुस्तिका 2019 की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अनुलग्नक 5 *'₹ 2.00 करोड़ तक', '₹ 2.00 करोड़ से ₹ 5.00 करोड़ के बीच' तथा '₹ 5.00 करोड़ से अधिक'* की लागत के निर्माण कार्यों हेतु क्रमश: 12 *प्रतिशत*, आठ *प्रतिशत* तथा सात *प्रतिशत* की दरों पर विभागीय प्रभारों को निर्धारित करता है। इसके अतिरिक्त, सीपीडब्ल्यूडी नियम पुस्तिका 2019 के 3/2 के एसओपी के खण्ड सं. 11 के अनुसार विभागीय प्रभारों को प्रारम्भिक अनुमानों (पीई) में जोड़ा जाना है। इसके अतिरिक्त, इस अनुलग्नक 5 का टिप्पण 3 सांविधिक गैर-वाणिज्यिक (गैर-लाभकारी) संगठनों, जिनकी सेवाओं को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की ऋणात्मक सूची में रखा गया है, के लिए इन मानक विभागीय प्रभारों पर 50 *प्रतिशत* की छूट निर्धारित करता है।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), निर्माण कार्य प्रभाग-1, दमन को वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान जिला पंचायत, दमन की ओर से ₹ 18.54 करोड़ की राशि वाले दो पूंजीगत निर्माण कार्य (**अनुलग्नक 3.8**) सौंपे गए थे। उपर्युक्त प्रावधानों के अनुसार, पीडब्ल्यूडी-दमन इन पूंजीगत निर्माण कार्यों पर जिला पंचायत, दमन से

₹ 66.74 लाख (**अनुलग्नक 3.8**) के विभागीय प्रभारों के उद्ग्रहण तथा वसूली का हकदार था। तथापि, लेखापरीक्षा ने पाया कि पीडब्ल्यूडी-दमन ने अपने प्रारंभिक अनुमानों (पीई) में इन विभागीय प्रभारों हेतु कोई प्रावधान नहीं किया था। तद्नुसार, पीडब्ल्यूडी-दमन अपनी सीपीडब्ल्यूडी नियम पुस्तिका के प्रावधानों के उल्लंघन में विभागीय प्रभारों का उद्ग्रहण करने में विफल रहा जिसका परिणाम ₹ 66.74 लाख के राजस्व की हानि में हुआ।

इसे इंगित किए जाने पर (फरवरी 2023), पीडब्ल्यूडी-दमन ने उत्तर दिया (नवम्बर 2023) कि विभागीय प्रभारों को इसके प्रारंभिक अनुमानों में शामिल नहीं किया गया था तथा जिला पंचायत हेतु निष्पादित पिछले निर्माण कार्यों के लिए इसकी वसूली नहीं की गई थी। विभाग भविष्य में विभागीय प्रभारों को शामिल करेगा। इसके अतिरिक्त, उसने लागू विभागीय प्रभारों को जमा करने का अनुरोध करते हुए इस मामले को जिला पंचायत के साथ उठाया गया है (अक्तूबर 2023)।

जिला पंचायत ने, उपरोक्त मांग के अपने उत्तर (दिसम्बर 2023) में यह बताते हुए उद्ग्रहण का विरोध किया कि वे केवल *सरकारी निर्माण कार्य* निष्पादित करते हैं जिन्हें सीपीडब्ल्यूडी नियम पुस्तिका के खण्ड 3.1.1.4(1) के अंतर्गत विभागीय प्रभारों से छूट प्राप्त है।

जिला पंचायत का उत्तर इस तथ्य के दृष्टिकोण से तर्कसंगत नहीं है कि स्थानीय निकायों के निर्माण कार्यों को स्वयं सीपीडब्ल्यूडी निर्माण कार्य नियम पुस्तिका 2019 के खण्ड 3.1.1.4 (1) में सरकारी निर्माण कार्यों (विभागीय प्रभारों से छूट प्राप्त) से विशिष्ट रूप से अलग किया गया है। सीपीडब्ल्यूडी निर्माण कार्य नियम पुस्तिका 2019 की प्रमुख विशेषता संख्या-10 भी बताती है कि *विभागीय प्रभारों का केवल पीएसयू, **स्थानीय निकायों** तथा निजी संगठनों के निर्माण कार्यों पर उद्ग्रहण किया जाएगा*। इसके अतिरिक्त, सीपीडब्ल्यूए संहिता के अध्याय-16 (गैर-सरकारी निर्माण कार्य) के प्रस्तावना पैरा सं. 16.1.1 भी *जमा निर्माण कार्यों* को *गैर-सरकारी निर्माण कार्यों* की एक श्रेणी के रूप में शामिल करता है।

इस प्रकार, प्रावधानों के अनुसार, विभागीय प्रभारों का उद्ग्रहण करने में पीडब्ल्यूडी दमन की विफलता का परिणाम ₹ 66.74 लाख के राजस्व की हानि में हुआ।

मामला अगस्त 2023 में गृह मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

केन्द्र शासित प्रदेश, लक्षद्वीप

लक्षद्वीप लोक निर्माण प्रभाग

3.6 बचत बैंक खाते में निधियों को अनियमित रुप से रखना

लक्षद्वीप लोक निर्माण विभाग, केन्द्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप ने विद्युत कार्यों के लिए आवंटित वार्षिक बजटीय निधियों को विद्युत विभाग के पृथक बचत बैंक खाते में जमा किया (2013 से 2023) एवं अप्रयुक्त शेष राशि को सरकारी खाते में जमा करने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 12.97 करोड़ से ₹ 4.08 करोड़ के बीच की निधियां अनियमित रूप से रखी गई।

केंद्र सरकार लेखा (प्राप्तियाँ एवं भुगतान) नियमावली (आर एण्ड पी नियमावली) 1983 का नियम 100(2) निर्धारित करता है कि "सरकारी खाते से धन को तब तक आहरित नहीं किया जाएगा जब तक कि तत्काल संवितरण अपेक्षित न हो" तथा "धन को मांग के पूर्वानुमान या बजट अनुदानों को समाप्त होने से रोकने" के लिए सरकारी खाते से आहरित नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, सामान्य वित्तीय नियमावली (जीएफआर), 2017 का नियम 62(2) निर्धारित करता है कि "बचतों के साथ-साथ प्रावधान, जिनका लाभप्रद उपयोग नहीं किया जा सकता है, का वर्ष के अंत तक प्रतीक्षा किए बिना उनका पूर्वानुमान होते ही तुरंत सरकार को अभ्यर्पित किया जाएगा।" इसके अतिरिक्त, जीएफआर (नियम 96) में सरकारी मंत्रालयों या विभागों को व्यक्तिगत जमा खाते खोलने का प्रावधान है। सिविल लेखा नियम पुस्तिका 2024 की धारा 19.7 के अनुसार व्यक्तिगत जमा खाता किसी मान्यता प्राप्त बैंक में सरकारी खाते के सार्वजनिक खाता भाग में खोले जाने के लिए प्राधिकृत है तथा खाते के प्रशासक को प्राप्तियों को जमा करने और खाते से सीधे

आहरण को सुगम बनाने के लिए एक उपकरण के रूप में अभिप्रेत है। सरकारी विभाग को सरकारी खाते से आहरित धनराशि जमा करने के लिए बचत बैंक खाता खोलने का मौजूदा नियम-विनियम में कोई प्रावधान नहीं है।

लक्षद्वीप लोक निर्माण विभाग (एलपीडब्ल्यूडी) केन्द्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप (यूटीएल) यूटीएल के अंतर्गत सभी विभागों के लेखाओं (पूंजी एवं राजस्व) के सिविल निर्माण कार्य शीर्षों का संचालन करता है। अधीक्षक अभियंता, एलपीडब्ल्यूडी इन शीर्षों के लिए बजट नियंत्रण प्राधिकारी के रूप में कार्य करता है। सिविल निर्माण कार्य के अंतर्गत वार्षिक बजट आवंटन में यूटीएल प्रशासन के विभिन्न सरकारी विभागीय भवनों के विद्‌युत कार्यों के लिए आवंटन भी शामिल है।

लेखापरीक्षा ने पाया (अप्रैल 2019) किः

- विद्‌युत प्रभाग, कावारत्ती ने जुलाई 2013 में कैनरा बैंक (तब सिंडीकेट बैंक), कावारत्ती में एक बचत बैंक (एसबी) खाता खोला। एलपीडब्ल्यूडी ने विद्‌युत कार्यों के लिए अपेक्षित धनराशि को सरकारी खाते से आहरित किया और उसे 2013-14 से इसी बचत बैंक खाते में जमा किया। इन निधियों का कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल्स) द्‌वारा यूटीएल प्रशासन के अंतर्गत सरकारी विभाग के भवनों में विद्‌युत कार्यों के निष्पादन से संबंधित बिलों के भुगतान हेतु आहरित किया गया था। इस प्रकार से बचत खाता खोलना तथा सरकारी खाते से बाहर बजटीय निधियों का आहरण एवं जमा करना अनियमित था।
- इसके अतिरिक्त, अप्रयुक्त शेष राशि को तुरंत सरकारी खाते में अभ्यर्पित करने, जैसा ऊपर उल्लिखित जीएफआर प्रावधान में निर्धारित किया गया है, के बजाय विद्‌युत विभाग ने इसे बचत बैंक खाते में ही रखा। बचत बैंक खाता खोलने के बाद की अवधि से अब तक विभाग ने 2017-18 में सरकार को अप्रयुक्त अनुदान को केवल ₹ 516.62 लाख का केवल एक प्रेषण ही किया है। इसने सरकार को अर्जित ब्याज का आवधिक प्रेषण भी किया है। 2014 से 2024 तक प्रत्येक वर्ष के 31 मार्च को बचत बैंक खाते में संचित शेष

₹ 12.97 करोड़ से ₹ 4.08 करोड़ के बीच था। बचत बैंक खाते में वर्ष-वार अथ तथा अंत शेष को नीचे **तालिका संख्या 3.10** में दर्शाया गया है।

तालिका सं. 3.10: बचत बैंक खाते में वर्ष-वार अथ तथा अंत शेष

(₹ लाख में)

वर्ष	1 अप्रैल को बचत बैंक खाते में शेष	उपार्जित ब्याज	सरकारी खाते में जमा राशि	31 मार्च को बचत बैंक खाते में शेष
2013-14	0	7.23	0	436.86
2014-15	436.86	24.04	0	758.75
2015-16	758.75	32.29	0	1027.30
2016-17	1027.30	39.41	81.81[73]	1164.26
2017-18	1164.26	49.12	549.57[74]	1297.21
2018-19	1297.21	48.02	0	1143.28
2019-20	1143.28	42.10	0	1238.99
2020-21	1238.99	30.41	0	1224.15
2021-22	1224.15	33.30	157.90[75]	972.38
2022-23	972.38	27.26	60.56[76]	713.87
2023-24[77]	713.87	17.25	0	408.10

उपरोक्त पद्धति ने वित्तीय वर्ष के अंत में अप्रयुक्त निधियों के सरकारी खाते में प्रेषण में गतिरोध पैदा किया। इसके परिणामस्वरुप प्राप्ति एवं भुगतान नियमावली 1983 और जीएफआर 2017 के प्रावधानों के उल्लंघन में 2013-14 से 2023-24 की अवधि के दौरान ₹ 4.08 करोड़ से ₹ 12.97 करोड़ के बीच की सरकारी निधियों को विभागीय बचत बैंक खाते में अनियमित रूप से रखा गया।

[73] 28 दिसंबर 2016 को ₹ 81.81 लाख का ब्याज

[74] 25 सितम्बर 2017 को ₹ 32.94 लाख का ब्याज तथा 23 फरवरी 2018 को ₹ 516.63 लाख का अप्रयुक्त अनुदान

[75] 27 सितंबर 2021 को ₹ 37.35 लाख, 04 अक्टूबर 2021 को ₹ 42.11 लाख, 08 अक्टूबर 2021 को ₹ 48.03 लाख, 11 अक्टूबर 2021 को ₹ 30.42 लाख का ब्याज

[76] 24 नवंबर 2022 को ₹ 47.30 लाख और 06 मार्च 2023 को ₹ 13.26 लाख

[77] 01-02-2024 तक

एलपीडब्ल्यूडी ने उत्तर दिया (फरवरी 2024) कि बजटीय निधि से आहरण की पद्धति को रोक दिया गया है तथा विद्युत विभाग से अव्ययित राशि को सरकारी खाते में जमा करने का अनुरोध किया गया है (नवंबर 2023)।

तथापि, खाता अभी भी संचालित किया जा रहा था तथा फरवरी 2024 तक बचत बैंक खाते में ₹ 4.08 करोड़ की राशि शेष थी।

मामला गृह मंत्रालय को प्रेषित किया गया (सितंबर 2023) था तथा उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

(ख) राजस्व

केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख

अपर उपायुक्त, लेह

3.7 स्टाम्प शुल्क का कम उदग्रहण

42 पारिवारिक निपटान विलेखों एवं चार विभाजन विलेखों के मामलों में स्टाम्प शुल्क कम लगाया गया जिसके परिणामस्वरुप सरकारी राजकोष को ₹ 92.82 लाख के राजस्व की हानि हुई। ₹ 53.45 लाख का जुर्माना भी बकाया था।

जम्मू एवं कश्मीर स्टाम्प (संशोधन) अधिनियम 2011 की धारा 39 के अनुसार, 'विभाजन' के मामले में सम्पत्ति के अलग किए गए हिस्से या हिस्सों के बाजार मूल्य की राशि के दो *प्रतिशत* की दर से स्टाम्प शुल्क प्रभारित किया जाना है। इसी प्रकार, उपरोक्त अधिनियम की धारा 50(ए) में निपटान की गई सम्पत्ति के बाजार मूल्य की राशि के दो *प्रतिशत* की दर पर स्टाम्प शुल्क प्रभारित करने का प्रावधान है।

उक्त अधिनियम की धारा 33 में यह भी प्रावधान है कि विधि द्वारा सशक्त कोई भी अधिकारी, जिसके समक्ष कोई भी लिखत प्रस्तुत की जाती है जो उसकी राय में शुल्क सहित प्रभार्य है या उसके कार्यों के निष्पादन में आती है, यदि उसे ऐसा प्रतीत

होता है कि ऐसी लिखत पर विधिवत मुहर नहीं लगी है तो वह उसे जब्त कर लेगा। इसके अतिरिक्त, जब्त की गई लिखत पर कलेक्टर धारा 40(सी) के अंतर्गत, यदि उसकी राय है कि ऐसी लिखत शुल्क सहित प्रभार्य है एवं विधिवत मुहर नहीं लगी है तो उसे उचित शुल्क या उसे पूरा करने के लिए अपेक्षित राशि के भुगतान की आवश्यकता होगी, साथ ही लिखत के निष्पादन की तिथि से प्रत्येक माह या उसके हिस्से के लिए स्टाम्प शुल्क के कमी वाले हिस्से का दो *प्रतिशत* की दर पर जुर्माना जो न्यूनतम एक सौ रुपए होगा, भी लगा सकता है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम)[78] लेह के अभिलेखों की नमूना जांच से पता चला कि अप्रैल 2017 से अक्टूबर 2019 की अवधि के दौरान ₹ 4675.57 लाख[79] के बाजार मूल्य[80] के 46[81] भूमि विलेख का निष्पादन किया गया। स्टाम्प अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार इन विलेखों पर दो *प्रतिशत* की दर पर कुल ₹ 93.51 लाख का स्टाम्प शुल्क उदग्रहित किया जाना था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि विभाग ने इन विलेखों पर ₹ 0.69 लाख की नगण्य राशि का स्टाम्प लगाया, जिसका परिणाम ₹ 92.82 लाख के कम उद्ग्रहण में हुआ।

इस प्रकार, विभाग द्वारा स्टाम्प शुल्क के कम उद्ग्रहण के कारण ₹ 92.82 लाख के राजस्व की हानि हुई थी। इसके अतिरिक्त, निष्पादन की तिथि से अक्टूबर 2020[82] तक प्रत्येक माह या उसके भाग के लिए कम राशि के दो *प्रतिशत*

---

78 पंजीकरण अधिनियम के तहत दस्तावेजों के पंजीकरण की अधिकार अब आदेश संख्या 01-राजस्व (यूटीएल) 2019 दिनांक 18.12.2019 के माध्यम से अपर उपायुक्त (एडीसी), लेह को सौंपा गया है।

79 पारिवारिक निपटान विलेखों के संबंध में ₹ 4456 लाख और विभाजन विलेखों के संबंध में ₹ 219.57 लाख

80 निष्पादित विलेखों में भूमि श्रेणी के किसी उल्लेख के अभाव तथा विभाग के पास भूमि श्रेणी के किसी विवरण की गैर-उपलब्धता में भूमि के बाजार मूल्य को न्यूनतम दर के अनुसार परिकलित किया गया है।

81 चार विभाजन विलेख तथा 42 निपटान विलेख

82 जम्मू-कश्मीर स्टाम्प अधिनियम, एसवीटी 1977 को दिनांक 23 अक्टूबर, 2020 के राजपत्र आदेशों के माध्यम से निरस्त कर दिया गया था।

की दर पर उद्ग्राहय ₹ 53.45 लाख का जुर्माना भी पार्टियों (जैसा कि **अनुलग्नक 3.9** में विवरण दिया गया है) से वसूल किया जाना था।

इंगित किए जाने पर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपने उत्तर (अगस्त 2021) में बताया कि सभी संबंधितों को नोटिस जारी किए जाएंगे तथा उनसे वसूली को उचित समय पर लेखापरीक्षा को सूचित किया जाएगा। वसूली की स्थिति के बारे में पुनः पुष्टि करने पर, रजिस्ट्रार (अब एडीसी, लेह) ने पुष्टि की (19 जुलाई 2024) कि रजिस्ट्रार के नए सौंपे गए कर्तव्यों जो 24 जनवरी 2020 से शुरु हुए थे, के पश्चात उनके द्वारा स्टाम्प अधिनियम के अनुसार स्टाम्प शुल्क की राशि लगाई गई थी। पैराग्राफ में वर्णित विसंगतियों के संबंध में, एडीसी, लेह ने 46 मामलों में स्टाम्प शुल्क की कम वसूली की पुष्टि की (अक्टूबर 2024)। विभाग ने आगे बताया कि कोई जुर्माना नहीं लगाया है क्योंकि जम्मू एवं कश्मीर स्टाम्प अधिनियम, 1977 को भारत सरकार के आदेश दिनांक 23 अक्टूबर 2020 द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

उत्तर कम वसूली के लेखापरीक्षा निष्कर्ष की पुष्टि करता है। तथापि, जुर्माना न लगाने का कारण तर्कसंगत नहीं है क्योंकि जम्मू एवं कश्मीर स्टाम्प अधिनियम, संवत 1977 को निरस्त करने के आदेश अक्टूबर 2020 में जारी किए गए थे तथा इस अवधि से पूर्व जुर्माने की वसूली अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार की जानी है।

मामला मई तथा अगस्त 2024 में गृह मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2025 तक प्रतीक्षित था।

अध्याय-IV

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम

इस अध्याय में सीपीएसई से संबंधित एक लेखापरीक्षा पैराग्राफ शामिल है।

(I) रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

दि फर्टिलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड

4.1 लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों से विचलन में अर्जित छुट्टी का नकदीकरण

डीपीई दिशानिर्देशों के विचलन में अर्जित छुट्टी के नकदीकरण के परिणामस्वरूप कम्पनी द्वारा 2014-15 से 2022-23 के दौरान ₹ 45.61 करोड़ का अनियमित भुगतान किया गया।

लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी अनुदेशों (अप्रैल 1987) के अनुसार, प्रत्येक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) अपने कर्मचारियों के लिए भारत सरकार (जीओआई) द्वारा निर्धारित नीति दिशानिर्देशों के व्यापक मानदंडो के अंतर्गत छुट्टी नियमावली तैयार कर सकते हैं।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने अपने कार्यालय ज्ञापन (25 सितम्बर 2008) के द्वारा निर्धारित किया कि अर्जित छुट्टी (ईएल) तथा अर्ध वेतन छुट्टी (एचपीएल) दोनों को छुट्टी के नकदीकरण के लिए गिना जाएगा बशर्ते कुल सीमा 300 दिनों की हो। भारत सरकार ने दिनांक 25 सितम्बर 2008 के कार्यालय ज्ञापन के प्रावधानों को *आवश्यक परिवर्तनों के साथ* रेलवे के अतिरिक्त अन्य मंत्रालयों/विभागों के औद्योगिक कर्मचारियों के लिए भी विस्तारित कर दिया (28 दिसम्बर 2012)। डीपीई अनुदेशों के अनुसार, सीपीएसई को अपने कर्मचारियों

के लिए ईएल तथा एचपीएल के नकदीकरण हेतु 300 दिनों की समग्र सीमा का अनुपालन करना अपेक्षित था।

दि फर्टिलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (कंपनी) ने डीपीई दिशानिर्देशों से हटकर अपनी छुट्टी नियमावली (जनवरी 1977 से प्रभावी, समय-समय पर यथासंशोधित) में *अन्य बातों के साथ-साथ* यह प्रावधान किया कि 'सेवा में रहते हुए जिन कर्मचारियों का पीएल[83] (विशेषाधिकार छुट्टी) संचय 300 दिनों से अधिक है, उन्हें प्रत्येक वर्ष उनके छुट्टी खाते में छुट्टी जमा होने (प्रबंधकीय के लिए 1 जनवरी एवं 1 जुलाई तथा गैर-प्रबंधकीय के लिए 1 जनवरी, 1 मई एवं 1 सितम्बर') से पूर्व 300 दिनों से अधिक की विशेषाधिकार छुट्टी (पीएल) के नकदीकरण की अनुमति दी जाएगी । छुट्टी नियमावली में आगे बताया गया है कि नकदीकरण एक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम 30 दिनों के नकदीकरण के साथ पीएल क्रेडिट करने से पूर्व ऑटोमैटिक होगा।

कंपनी की छुट्टी नियमावली डीपीई दिशानिर्देशों के अनुपालन में नहीं थी क्योंकि वह भारत सरकार द्वारा निर्धारित 300 दिनों की सीमा से अधिक ईएल तथा एचपीएल के नकदीकरण की अनुमति देती है। इसके परिणामस्वरूप 2014-15 से 2022-23 के दौरान 300 दिनों की निर्धारित सीमा से अधिक अर्जित छुट्टी के नकदीकरण के कारण ₹ 45.61 करोड़ का अनियमित भुगतान हुआ है, जैसा **तालिका सं. 4.1** में दिया गया है:

---

83 पूर्ण वेतन पर अर्जित छुट्टी

तालिका सं. 4.1: निर्धारित सीमा से अधिक अर्जित छुट्टी का नकदीकरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	मामलों की सं.	भुगतान की गई राशि	वर्ष	मामलों की सं.	भुगतान की गई राशि
2014-15	917	4.95	2019-20	862	6.05
2015-16	959	5.51	2020-21	813	4.77
2016-17	984	6.05	2021-22	400	2.99
2017-18	946	5.90	2022-23	400	3.49
2018-19	902	5.90	**कुल**		**45.61**

कंपनी ने उत्तर दिया (दिसम्बर 2022) कि छुट्टी लेने के बजाय उसके संचय को प्रोत्साहित करने के लिए, ऑटोमैटिक नकदीकरण को कार्य में सुगमता के लिए एक प्रशासनिक व्यवस्था के रूप में अधिकतम संचय तक पहुंचने वालों तक सीमित करके अनुमत किया गया था।

मंत्रालय ने स्पष्ट उत्तर प्रस्तुत किए बिना बताया (अप्रैल 2023) कि कंपनी को छुट्टी नियमावली में सुधारात्मक उपाय, यदि अपेक्षित है, करने का निर्देश दिया गया है। उसने आगे कम्पनी को छुट्टी नियमावली में आवश्यक परिवर्तन करने तथा जहां कहीं अपेक्षित हो वसूली करने का निर्देश दिया तथा साथ ही, इस चूक के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया (अप्रैल 2023)।

संक्षेप में, यह प्रतिवेदन निम्नलिखित पर प्रकाश डालती है:

- **विदेश मंत्रालय में, भारतीय उच्चायोग, लंदन ने बिना प्राधिकार के शपथ पत्र शुल्क (₹ 2.35 करोड़) वसूला; जबकि भारत में पांच क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों ने ₹ 2.96 करोड़ के जीएसटी का गलत भुगतान किया।**

- **गृह मंत्रालय में, आईटीबीपी के लिए 'X' में ₹ 14.57 करोड़ की लागत से निर्मित विशेष भवन का उपयोग न किए जाने; ₹ 11.75 करोड़ का व्यय करने के पश्चात सीआईएसएफ के स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण को रोकने; आईटीबीपी द्वारा मोर्टार फील्ड फायरिंग रेंज के लिए गलत साइट का चयन करने; स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण के लिए आईटीबीपी द्वारा ₹ 6.93 करोड़ के अवरोधन; तथा ₹ 80.91 लाख का**

भुगतान करने के पांच वर्षों के पश्चात भी एसएसबी द्वारा भूमि अधिग्रहण न करने के मामले सामने आए।

- इसके अतिरिक्त, गृह मंत्रालय में, सीआईएसएफ को मृतक कर्मचारियों के परिजनों को किए गए अनुग्रह भुगतान के प्रति संबंधित पीएसयू से ₹ 1.10 करोड़ की वसूली अभी भी करनी थी। साथ ही, सीआईएसएफ एवं एसएसबी ने अपने कर्मचारियों को कुल ₹ 33.19 करोड़ के जोखिम एवं कठिनाई भत्ते का अनियमित भुगतान किया।
- राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी तथा राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय ने बिजली बिलों के प्रति क्रमशः ₹ 1.97 करोड़ और ₹ 1.99 करोड़ का परिहार्य भुगतान किया।
- अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए दोनों प्री-मैट्रिक तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रणालीगत मुद्दों ने इन योजनाओं की प्रभावकारिता को सीमित किया जिससे छात्रों को छात्रवृत्तियों के संवितरण में देरी हुई और कई मामलों में दिशा-निर्देशों से विचलन हुआ।
- पंचायती राज मंत्रालय ने 17 राज्यों से अव्ययित अनुदान की वापसी सुनिश्चित नहीं की जिसके परिणामस्वरूप कुल ₹ 903.42 करोड़ की निधि अवरुद्ध हुई।
- चंडीगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड (सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी) प्रतिष्ठानों एवं श्रमिकों के पंजीकरण; श्रम उपकर निधि के निर्धारण एवं उपयोग; तथा निर्माण श्रमिकों के लिए कल्याणकारी उपायों के प्रति अपने वैधानिक दायित्व को पूरा नहीं कर रहा था। सीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू बोर्ड, विशेषज्ञ समिति तथा सलाहकार समिति का या तो गठन नहीं किया गया था या फिर उन्हें अक्रियाशील पाया गया।
- अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में, एमपीलैड योजना के अंतर्गत निष्फल व्यय (₹ 62.61 लाख); मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को मुआवजे के कम भुगतान (₹ 33.90 लाख); तथा ₹ 87.28 लाख की लागत से निर्मित शवदाहगृह का रखरखाव न करने के मामले सामने आए।
- लक्षद्वीप में, लोक निर्माण प्रभाग अप्रयुक्त शेष राशि को सरकारी खाते में प्रेषित करने में विफल रहा तथा ₹ 12.97 करोड़ से ₹ 4.08 करोड़ के बीच की राशि को अनियमित रूप से बचत बैंक खाते में रखा।

- लोक निर्माण प्रभाग, दमन द्वारा विभागीय प्रभारों के गैर-उद्ग्रहण के कारण राजस्व की हानि (₹ 66.74 लाख) तथा लद्दाख में स्टाम्प शुल्क (₹ 92.82 लाख) एवं उस पर जुर्माने (₹ 53.45 लाख) की कम वसूली के मामले सामने आए।
- दि फर्टिलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड में डीपीई दिशानिर्देशों से विचलन में अर्जित छुट्टी के नकदीकरण के परिणामस्वरूप ₹ 45.61 करोड़ का अनियमित भुगतान हुआ।

नई दिल्ली
दिनांक: 19 सितम्बर 2025

(सौरभ कुमार जयपुरियार)
महानिदेशक लेखापरीक्षा
(केन्द्रीय व्यय)

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली
दिनांक: 30 सितम्बर 2025

(के. संजय मूर्ति)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

परिशिष्ट

परिशिष्ट-I

(विहंगावलोकन एवं पैराग्राफ सं.1.3 में संदर्भित)

सामान्य और सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत सिविल मंत्रालयों/विभागों का विवरण

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय	
1.	कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
2.	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
आयुष मंत्रालय	
3.	आयुष मंत्रालय
रसायन और उर्वरक मंत्रालय	
4.	उर्वरक विभाग
5.	औषध विभाग
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय	
6.	उपभोक्ता मामले विभाग
7.	खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग
सहकारिता मंत्रालय	
8.	सहकारिता मंत्रालय
संस्कृति मंत्रालय	
9.	संस्कृति मंत्रालय
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय	
10.	उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
शिक्षा मंत्रालय	
11.	स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
12.	उच्चतर शिक्षा विभाग
विदेश मंत्रालय	
13.	विदेश मंत्रालय
मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय	
14.	मत्स्य पालन विभाग

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग
15.	पशुपालन और डेयरी विभाग
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	
16.	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	
17.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
18.	स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
गृह मंत्रालय	
19.	गृह मंत्रालय
20.	मंत्रिमंडल
21.	पुलिस
22.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
23.	चंडीगढ़
24.	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव
25.	लद्दाख
26.	लक्षद्वीप
27.	दिल्ली में स्थानांतरण
28.	जम्मू एवं कश्मीर में स्थानांतरण
29.	पुडुचेरी में स्थानांतरण
सूचना और प्रसारण मंत्रालय	
30.	सूचना और प्रसारण मंत्रालय
जलशक्ति मंत्रालय	
31.	जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
32.	पेयजल और स्वच्छता विभाग
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय	
33.	श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
विधि और न्याय मंत्रालय	
34.	विधि और न्याय

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग
35.	निर्वाचन आयोग
36.	भारत का सर्वोच्च न्यायालय
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	
37.	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
पंचायती राज मंत्रालय	
38.	पंचायती राज मंत्रालय
संसदीय कार्य मंत्रालय	
39.	संसदीय कार्य मंत्रालय
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय	
40.	कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
41.	केंद्रीय सतर्कता आयोग
योजना मंत्रालय	
42.	योजना मंत्रालय
ग्रामीण विकास मंत्रालय	
43.	ग्रामीण विकास विभाग
44.	भूमि संसाधन विभाग
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय	
45.	कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय	
46.	सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग
47.	दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
जनजातीय कार्य मंत्रालय	
48.	जनजातीय कार्य मंत्रालय
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	
49.	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
युवा मामले और खेल मंत्रालय	
50.	युवा मामले और खेल मंत्रालय

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग
संवैधानिक निकाय और सचिवालय	
51.	राष्ट्रपति के कर्मचारीवृंद, आवास और भत्ते
52.	लोकसभा
53.	राज्यसभा
54.	उपराष्ट्रपति का सचिवालय
55.	संघ लोक सेवा आयोग

परिशिष्ट-II

(विहंगावलोकन एवं पैराग्राफ सं.1.4 में संदर्भित)

2021-22 और 2022-23 के दौरान संस्वीकृत प्रावधान, व्यय और बचत का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग का नाम	2021-22			2022-23		
		संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)	संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय							
1.	कृषि एवं किसान कल्याण विभाग	1,23,017.62	1,14,840.43	-8,177.19	1,24,000.08	1,01,572.54	-22,427.54
2.	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग	8,513.64	8,439.94	-73.70	8,658.91	8,578.15	-80.76
आयुष मंत्रालय							
3.	आयुष मंत्रालय	2,970.35	2,538.42	-431.93	3,050.02	2,663.30	-386.72
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय							
4.	उर्वरक विभाग	1,57,736.55	1,57,866.87	130.32	2,54,856.54	2,54,841.43	-15.11
5.	औषध विभाग	1,906.32	1,858.14	-48.18	2,270.36	2,050.10	-220.26
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय							
6.	उपभोक्ता मामले विभाग	3,237.60	2,262.69	-974.91	1,769.15	249.72	-1,519.43
7.	खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग	3,54,879.58	3,04,361.32	-50,518.26	3,06,311.10	2,93,774.96	-12,536.14

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग का नाम	2021-22			2022-23		
		संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)	संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)
सहकारिता मंत्रालय[84]							
8.	सहकारिता मंत्रालय	--	--	--	2,056.04	1,636.52	-419.52
संस्कृति मंत्रालय							
9.	संस्कृति मंत्रालय	2,688.05	2,559.41	-128.64	3,363.10	3,284.12	-78.98
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय							
10.	उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय	2,723.70	2,662.47	-61.23	2,924.78	1,118.71	-1,806.07
शिक्षा मंत्रालय							
11.	स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग	1,03,673.71	81,611.54	-22,062.17	1,11,549.40	96,890.12	-14,659.28
12.	उच्चतर शिक्षा विभाग	65,350.74	37,582.39	-27,768.35	55,091.06	53,244.90	-1,846.16
विदेश मंत्रालय							
13.	विदेश मंत्रालय	18,524.75	14,173.70	-4,351.05	17,706.62	16,684.78	-1,021.84
मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय							
14.	मत्स्य पालन विभाग	1,418.24	1,360.14	-58.10	2,118.50	1,360.56	-757.94
15.	पशुपालन एवं डेयरी विभाग	3,610.03	3,008.67	-601.36	4,319.99	2,660.83	-1,659.16

[84] सहकारिता मंत्रालय का गठन 6 जुलाई, 2021 के राजपत्र अधिसूचना के तहत किया गया। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सहकारिता मंत्रालय के लिए किसी भी निधि का प्रावधान नहीं किया गया।

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग का नाम	2021-22			2022-23		
		संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)	संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय							
16.	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	1,308.69	1,147.39	-161.30	2,942.02	1,455.13	-1,486.89
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय							
17.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	1,36,090.84	96,264.66	-39,826.18	1,13,458.10	98,985.70	-14,472.40
18.	स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग	3,189.29	2,690.61	-498.68	3,200.67	2,432.11	-768.56
गृह मंत्रालय							
19.	गृह मंत्रालय	7,691.08	4,365.68	-3,325.40	7,621.08	4,287.64	-3,333.44
20.	मंत्रिमंडल	2,098.05	1,322.31	-775.74	1,711.05	1,057.14	-653.91
21.	पुलिस	1,12,092.17	1,08,043.82	-4,048.35	1,22,016.86	1,16,509.67	-5,507.19
22.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	6,129.95	5,765.34	-364.61	5,763.97	5,558.69	-205.28
23.	चंडीगढ़	5,186.28	4,940.30	-245.98	5,846.07	5,778.80	-67.27
24	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	3,671.88	3,671.68	-0.20	3,882.12	2,493.42	-1,388.70
25.	लद्दाख	7,223.81	5,060.66	-2,163.15	5,958.22	4,179.88	-1,778.34
26.	लक्षद्वीप	1,467.32	1,275.32	-192.00	1,457.46	1,283.37	-174.09
27.	दिल्ली में स्थानांतरण	1,030.01	1,029.42	-0.59	1,168.01	960.49	-207.52
28.	जम्मू एवं कश्मीर में स्थानांतरण	34,746.18	34,746.18	0.00	44,696.13	44,696.13	0.00
29.	पुडुचेरी में स्थानांतरण	1,879.79	1,879.77	-0.02	3,129.79	3,129.77	-0.02

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग का नाम	2021-22			2022-23		
		संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)	संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)
सूचना और प्रसारण मंत्रालय							
30.	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	4,079.71	3,728.99	-350.72	4,182.01	4,024.13	-157.88
जलशक्ति मंत्रालय							
31.	जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग	17,937.92	17,333.51	-604.41	19,047.06	12,201.48	-6,845.58
32.	पेय जल एवं स्वच्छता विभाग	1,28,024.46	1,09,478.53	-18,545.93	1,34,413.14	59,790.44	-74,622.70
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय							
33.	श्रम एवं रोजगार मंत्रालय	24,518.47	24,036.34	-482.13	16,893.69	14,800.61	-2,093.08
विधि एवं न्याय मंत्रालय							
34.	विधि एवं न्याय	4,403.08	4,163.99	-239.09	6,789.22	6,323.31	-465.91
35.	निर्वाचन आयोग	259.00	253.93	-5.07	327.25	320.23	-7.02
36.	भारत का सर्वोच्च न्यायालय	350.86	341.41	-9.45	405.47	392.78	-12.69
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय							
37.	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	4,810.79	4,325.24	-485.55	5,020.50	837.68	-4,182.82
पंचायती राज मंत्रालय							
38.	पंचायती राज मंत्रालय	913.44	864.84	-48.60	905.78	901.18	-4.60

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग का नाम	2021-22			2022-23		
		संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)	संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)
संसदीय कार्य मंत्रालय							
39.	संसदीय कार्य मंत्रालय	65.07	48.79	-16.28	66.40	52.20	-14.20
कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय							
40.	कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय	2,058.65	1,877.73	-180.92	2,502.68	2,280.59	-222.09
41.	केंद्रीय सतर्कता आयोग	38.67	37.49	-1.18	43.46	43.16	-0.30
योजना मंत्रालय							
42.	योजना मंत्रालय	1,070.79	1,064.81	-5.98	960.30	849.11	-111.19
सांविधिक निकाय एवं सचिवालय							
43.	राष्ट्रपति के कर्मचारीवृंद, आवास और भत्ते	74.47	67.68	-6.79	84.80	80.38	-4.42
44.	लोकसभा	855.01	596.30	-258.71	800.02	666.57	-133.45
45.	राज्यसभा	446.51	366.61	-79.90	431.71	383.52	-48.19
46.	उपराष्ट्रपति का सचिवालय	7.43	7.04	-0.39	8.64	8.31	-0.33
47.	संघ लोक सेवा आयोग	316.18	316.17	-0.01	370.00	369.99	-0.01
ग्रामीण विकास मंत्रालय							
48.	ग्रामीण विकास विभाग	2,90,726.11	2,88,446.44	-2,279.67	3,37,943.79	3,31,820.80	-6,122.99
49.	भूमि संसाधन विभाग	2,197.60	1,464.82	-732.78	2,269.62	1,259.13	-1,010.49

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग का नाम	2021-22			2022-23		
		संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)	संस्वीकृत प्रावधान	कुल व्यय	बचत (-)/ आधिक्य (+)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय							
50.	कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय	2,820.27	2,125.15	-695.12	2,999.01	1,387.85	-1,611.16
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय							
51.	सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग	10,667.15	7,526.29	-3,140.86	13,030.68	7,769.89	-5,260.79
52.	दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग	1,171.79	1,009.45	-162.34	1,212.43	989.35	-223.08
जनजातीय कार्य मंत्रालय							
53.	जनजातीय कार्य मंत्रालय	7,524.90	6,175.71	-1,349.19	8,461.88	7,278.77	-1,183.11
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय							
54.	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	24,935.03	21,783.56	-3,151.47	25,672.30	24,012.07	-1,660.23
युवा मामले और खेल मंत्रालय							
55.	युवा मामले और खेल मंत्रालय	2,801.27	2,376.96	-424.31	3,062.63	2,568.49	-494.14

स्रोत: संघ सरकार विनियोग लेखा (सिविल) 2021-22 और 2022-23

परिशिष्ट -III

(पैराग्राफ सं.1.6 में संदर्भित)

लेखापरीक्षा के दृष्टांत पर वसूली का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्रम सं.	विभाग/मंत्रालय	लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ	वसूली गई राशि
1.	सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय	गृह मंत्रालय ने राज्यों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक कार्य योजनाओं की उचित जाँच नहीं की, जिसके परिणामस्वरुप वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत दो गैर-अनुमेय/अस्वीकार्य/अस्वीकृत कार्यों/परियोजनाओं पर कुल ₹15 लाख की निधियां अनियमित रुप से जारी/उपयोग की गईं। लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, ₹15 लाख की राशि भारत की समेकित निधि में वापस कर दी गई (अक्टूबर 2024)।	0.15
2.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	भूमि सुधार कार्यालय-1, सिलवासा ने राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) को सरकारी भूमि आवंटित की, लेकिन ₹45.41 लाख का अधिभोग शुल्क वसूल नहीं किया। लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, एनएचएसआरसीएल से ₹45.41 लाख की राशि वसूल की गई।	0.45
3.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	पर्यटन विभाग, दीव 105 तंबुओं के किराए के भुगतान में देरी के लिए ठेकेदार से ₹41.13 लाख का दंडात्मक ब्याज वसूलने में विफल रहा। लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, ठेकेदार से यह राशि वसूल की गई।	0.41
		कुल	**1.01**

परिशिष्ट -IV

(पैराग्राफ सं. 1.7 में संदर्भित)

सामान्य और सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत सीपीएसई/पीएसयू

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय	
1.	कृषि वित्त निगम लिमिटेड
2.	एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड
3.	गंगावती शुगर्स लिमिटेड[85]
4.	सीसीएस एनआईएएम का नवाचार और उद्यमिता महासंघ
5.	कर्नाटक मीट एंड पोल्ट्री मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड[86]
6.	नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड[87]
7.	नैबकिसान फाइनेंस लिमिटेड[87]
8.	राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
आयुष मंत्रालय	
9.	इंडियन मेडिसिंस फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
रसायन और उर्वरक मंत्रालय	
उर्वरक विभाग	
10.	ब्रहमपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
11.	एफएसीटी-आरसीएफ बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड
12.	फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
13.	हिंदुस्तान फर्टिलाइजर्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
14.	हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड
15.	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

---

85 सीएजी के पत्र सं. 840-CA-V/Misc/24-2012 दिनांक 16.11.2012 के अनुसार परिसमापन के अधीन है, इसलिए कोई पूरक लेखापरीक्षा नहीं की गई।

86 सीएजी के पत्र सं. 840-CA-V/Misc/24-2012 दिनांक 16.11.2012 के अनुसार कंपनी बंद हो गई, इसलिए कोई पूरक लेखापरीक्षा नहीं की गई।

87 नाबार्ड की सहायक तथा सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनी के रूप में वर्गीकृत।

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम
16.	नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
17.	प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड
18.	रामागुंडम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
19.	राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
20.	तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
21.	द एफसीआई अरावली जिप्सम एंड मिनरल्स इंडिया लिमिटेड
22.	द फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड
23.	उर्वरक विदेश लिमिटेड
औषध विभाग	
24.	बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
25.	बंगाल इम्युनिटी लिमिटेड
26.	बिहार ड्रग्स एंड ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड
27.	हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड
28.	आईडीपीएल (तमिलनाडु) लिमिटेड
29.	इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल)
30.	कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
31.	महाराष्ट्र एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
32.	मणिपुर स्टेट ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड
33.	उड़ीसा ड्रग्स एंड केमिकल्स लिमिटेड
34.	राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड
35.	स्मिथ स्टैनिस्ट्रीट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय	
36.	केंद्रीय भंडारण निगम
37.	भारतीय खाद्य निगम
38.	हिंदुस्तान वेजिटेबल ऑयल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
39.	नालंदा सिरामिक्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम
सहकारिता मंत्रालय	
40.	राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
उत्तरपूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय	
41.	नेडफी ट्रस्टी लिमिटेड (नेडफी की सहायक)
42.	नेडफी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (नेडफी की सहायक)
43.	नॉर्थ-ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नेडफी)
44.	उत्तर-पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड
45.	उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड
शिक्षा मंत्रालय	
46.	ईडीसीआईएल (इंडिया) लिमिटेड
47.	उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण अभिकरण
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	
48.	गोवा एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्सलिमिटेड
49.	एचएलएल बायोटेक लिमिटेड
50.	एचएलएल इंफ्राटेक सर्विसेज लिमिटेड
51.	एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड (एचएलएल)
52.	एचएलएल मेडिपार्क लिमिटेड
गृह मंत्रालय	
53.	एआईसी आरआरयू इनक्यूबेशन फाउंडेशन
54.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह एकीकृत विकास निगम लिमिटेड
55.	अंडमान फिशरीज लिमिटेड
56.	चंडीगढ़ महिला एवं बाल विकास निगम
57.	चंडीगढ़ औद्योगिक और पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
58.	चंडीगढ़ एससी,बीसी एवं अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड
59.	चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड
60.	दादरा और नगर हवेली, दमन दीव एससी,एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वित्त

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम
	एवं विकास निगम लिमिटेड
61.	दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड
62.	दीव स्मार्ट सिटी लिमिटेड
63.	डीएनएच एंड डीडी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
64.	कवारत्ती स्मार्ट सिटी लिमिटेड
65.	लक्षद्वीप विकास निगम लिमिटेड
66.	लक्षद्वीप पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
67.	नई दिल्ली नगर परिषद स्मार्ट सिटी लिमिटेड
68.	दमन एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली ओमनी बस औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड
69.	पोर्टब्लेयर स्मार्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
70.	सुरक्षा और वैज्ञानिक तकनीकी अनुसंधान संघ
71.	सिलवासा स्मार्ट सिटी लिमिटेड
72.	सिंधु इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
सूचना और प्रसारण मंत्रालय	
73.	ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड
74.	राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड
जल शक्ति मंत्रालय	
75.	राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड
76.	वैपकोस लिमिटेड
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	
77.	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्तनिगम
78.	राष्ट्रीय वक्फ विकास निगम लिमिटेड
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय	
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग	
79.	कर्मयोगी भारत

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय	
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग	
80.	भारतीय कृत्रिम अंगनिर्माण निगम
81.	राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग	
82.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम
83.	राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम
84.	राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम
जनजातीय कार्य मंत्रालय	
85.	राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

परिशिष्ट -V

(पैराग्राफ संख्या 1.7 में संदर्भित)

(ए) सीपीएसई की पूरक लेखापरीक्षा के अंतर्गत महत्वपूर्ण टिप्पणियां

क्र.सं.	कंपनी का नाम	टिप्पणियाँ
लाभप्रदता पर टिप्पणियाँ		
1.	नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड	*वर्ष में लाभ- ₹45.25 करोड़* (i) अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान को परामर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए किए गए अनुबंध के खंड बी.3.0 में उल्लेख किया गया है कि मंत्रालय परियोजना व्यय के लिए पीएमसी को "रोलिंग क्रेडिट" प्रदान करेगा तथा परियोजना निधि पर प्रोद्भूत ब्याज मंत्रालय की संपत्ति होगी और परियोजना निधियों पर यथा लागू आयकर की कटौती करने के बाद ब्याज पर पीएमसी का कोई ग्रहणाधिकार नहीं होगा। कंपनी ने उपर्युक्त प्रावधान का उल्लंघन करते हुए ठेकेदार को परियोजना निधियों में से दिए गए जुटाव अग्रिम पर अर्जित ब्याज की राशि को अपनी आय के रूप में माना। इसके परिणामस्वरूप वर्ष के लिए लाभ को ₹73.31 लाख तक, प्रतिधारित आय को ₹7.07 करोड़ तक अधिक दर्शाया गया जिसके परिणामस्वरूप देनदारियों को ₹7.80 करोड़ तक कम दर्शाया गया। (ii) राष्ट्रीय आदिवासी छात्र समिति (एनईएसटीएस) के साथ किए गए अनुबंध के खंड 2.5 में अन्य बातों के साथ-साथ यह उल्लेखित है कि यदि निर्माण एजेंसी ठेकेदार से अग्रिम भुगतान पर कोई ब्याज प्राप्त करती है तो उसे एनईएसटीएस के खाते मे जमा किया जाएगा। इसी प्रकार, सीमा चौकियों के निर्माण के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार (एमएचए) के साथ किए गए अनुबंध में अन्य बातों के साथ-साथ यह कहा गया है कि निधियों पर अर्जित ब्याज गृह मंत्रालय को वापस कर दिया जाएगा। लेकिन कंपनी ने ठेकेदारों को दिए गए अग्रिमों पर अर्जित ब्याज की राशि ₹40.79 लाख को अपनी आय माना और उसी के अनुसार हिसाब लगाया। इसका परिणाम यह हुआ कि वर्ष के लिए लाभ ₹40.79 लाख तक अधिक दर्शाया गया जिसके

क्र.सं.	कंपनी का नाम	टिप्पणियाँ
		परिणामस्वरूप उतनी ही राशि तक देनदारियों को कम दर्शाया गया।
2.	राष्ट्रीय रसायन एवं उर्वरक लिमिटेड	(i) देनदारी का प्रावधान न करने (गेल द्वारा की गई मांग) के परिणामस्वरूप वर्ष के लिए लाभ को ₹15.17 करोड़ तक अधिक दर्शाया गया जिसके परिणामस्वरूप उतनी ही राशि तक देनदारियों को कम दर्शाया गया। (ii) कंपनी ने अधिशेष अमोनिया का आयात समता मूल्य (आईपीपी) निर्धारित करने के लिए निर्धारित नीति का पालन नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप राजस्व को ₹11.87 करोड़ तक अधिक दर्शाया गया जिसके परिणामस्वरूप देनदारी (सरकार को देय) को उतनी ही राशि तक कम दर्शाया गया।
वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियाँ		
3.	उच्च शिक्षा वित्तपोषण अभिकरण	कंपनी ने प्रोद्भवन आधार पर टीडीएस का हिसाब नहीं लगाया और फॉर्म 26 एएस में दर्शाए ₹12.39 करोड़ के बजाय ₹11.33 करोड़ का हिसाब लगाया। इसके परिणामस्वरूप चालू परिसंपत्तियों को ₹1.06 करोड़ की तक कम दर्शाया गया।
4.	उत्तरपूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड	*पूंजीगत कार्य प्रगति - ₹14.30 करोड़* उपर्युक्त में सिक्स माइल, गुवाहाटी में विपणन परिसर के निर्माण पर व्यय की जा रही ₹12.31 करोड़ की राशि शामिल थी। कंपनी ने मंत्रालय से प्राप्त अनुदान में से भवन के निर्माण पर ₹12.87 करोड़ की राशि खर्च की। परियोजना को पूर्ण किया गया (प्रचार पर ₹18 लाख सहित ₹12.87 करोड़ का कुल व्यय) और ठेकेदार द्वारा उसे 20 दिसंबर 2022 को नेरामेक को सौंप दिया गया। अतः ₹12.69 करोड़ की राशि का पूंजीकरण किया जाना चाहिए था लेकिन वर्ष के दौरान भवन को पूंजीकृत नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप अन्य वर्तमान देनदारियों और पूंजीगत कार्य-प्रगति को क्रमशः ₹37.51 लाख और ₹12.31 करोड़ तक अधिक दर्शाया गया, जिसके परिणामस्वरूप संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण को ₹12.69 करोड़ तक कम दर्शाया गया। व्ययों के पूंजीकरण न करने के परिणामस्वरूप मूल्यह्रास (राशि अनिश्चित) भी कम दर्शाया गया।

क्र.सं.	कंपनी का नाम	टिप्पणियाँ
